# हरिभूमि

जबलपुर

गुरुवार 20 जून , 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2024

**'स्वयं एवं समाज के लिए योग'**
**'Yoga for Self and Society'**

संपूर्ण प्रदेश में जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर

**सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम**
एवं
**श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ**

प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी**
द्वारा उद्बोधन
(वर्चुअल माध्यम से)

मुख्य अतिथि
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

21 जून, 2024 | प्रात: 6 बजे
लाल परेड ग्राउंड, भोपाल

D-11021/24

## योग - विश्व को भारत का उपहार

- भारत योग विद्या की जन्मभूमि है, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवन के समग्र विकास में योग के प्रमाणित प्रभावों के दृष्टिगत हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र में योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाने का आह्वान किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसे मान्य किया गया और तब से प्रत्येक वर्ष विश्वभर में 21 जून का दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- योग सभी के लिए संभव है और सभी की मदद करता है।
- योग जीवन और मन को व्यवस्थित करने का आध्यात्मिक तरीका है।

## श्रीअन्न (मिलेट्स) उत्पादन में अग्रणी मध्यप्रदेश

- रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में किसानों को कोदो-कुटकी उत्पादन पर प्रति क्विंटल रु. 1000 की प्रोत्साहन राशि।
- मिलेट्स उत्पादन का क्षेत्रफल 67 हजार हेक्टेयर से बढ़कर हुआ 1 लाख हेक्टेयर से अधिक।
- प्रदेश के बालाघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडौरी, नरसिंहपुर और सिवनी जिले मिलेट्स उत्पादन में आगे।





"योग सही जीवन जीने का विज्ञान है। यह जीवन से जुड़े भौतिक, मानसिक, भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक सभी पहलुओं पर कार्य करता है। आइये, आध्यात्मिक उन्नयन, शारीरिक व मानसिक सशक्तिकरण एवं 'ऊर्जावान व स्वस्थ भारत' के निर्माण हेतु योग को अपने जीवन में अपनाएं, इसके प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु संकल्पित हों।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

# मोदी सरकार ने 14 फसलों की एमएसपी बढ़ाई, वाराणसी एपी का होगा विस्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। सरकार ने धान समेत 14 खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इससे किसानों के खाते में 2 लाख करोड़ रुपए जाएंगे। इसके अलावा ग्रीन एनर्जी के द्वार खोले गए हैं। वाराणसी में एयरपोर्ट का विस्तार किया जाएगा। 2 लाख गोदाम बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। 76200 करोड़ रुपए से सरकार पालघर के वधावन पोर्ट का विस्तार करेगी। इससे 12 लाख रोजगार के मौके पैदा होने की संभावना है। हर राज्य में फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का कैंपस होगा।

रेल मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी, ग्रीन एनर्जी के द्वार खुलेंगे, हर राज्य में होंगे फोरेंसिक साइंस कैंपस



**किसानों को सरकार दे रही खास प्राथमिकता**

रेल मंत्री अश्वनिी वैष्णव ने कहा, पीएममोदी अन्नदाताओं के प्राथमिकता देते हैं और आज की कैबिनेट में खरीफ सीजन के लिए 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। धान का नया एमएसपी 2300 रुपए होगा। इसमें 170 रुपए की बढ़ोत्तरी की गई है। 2013-14 में यह 1310 था। कॉटन की एमएसपी में 501 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। पहले इसकी एमएसपी 7121 थी, जिसे बढ़ाकर 7521 रुपए किया गया है। मूंग का नया एमएसपी 8682 रुपए होगा। तूर दाल का 7550, मक्का 2225 रुपए, ज्वार 3371 रुपए, मूंगफली 6783 रुपए होगा।

### 12 लाख रोजगार के मौके पैदा होंगे

पोर्ट एंड शिपिंग सेक्टर के लिए बड़ा फैसला लिया गया है. पालघर के वधावन पोर्ट पर सरकार 76200 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इससे पोर्ट की क्षमता का विस्तार किया जाएगा। इसकी क्षमता 298 मिलियन टन यूनिट हो जाएगी। इसके लिए हर स्टेक होल्डर से बात की गई है। इसके डिजाइन में बदलाव किया गया है। इससे 12 लाख रोजगार के मौके पैदा होंगे। इससे इंडिया मिडिल ईस्ट कॉरडिोर मजबूत होगा। यहां 9 कंटेनर टर्मिनल होंगे और मेगा कंटेनर पोर्ट होगा। कोस्ट गार्ड का एक बर्थ होगा. जबकि फ्यूल का अलग बर्थ होगा और दूसरे कंटेनरों के लिए भी बर्थ बनाए जाएंगे। इसका पहला चरण 2029 में पूरा होगा। बनने के बाद यह पोर्ट दुनिया के टॉप 10 पोर्ट में से एक होगा।

### समुद्र में फ्लोटिंग टर्मिनल बनाए जाएंगे

रिन्युएबल एनर्जी के क्षेत्र में लैंड मार्क फैसला लिया गया है। सरकार ने पहले ऑफशोर विंड प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इसके तहत समुद्र में फ्लोटिंग टर्मिनल बनाए जाएंगे। पहला गुजरात में 500 मेगावाट का होगा और दूसरा 500 मेगावाट का तमिलनाडु में बनाया जाएगा। वेस्ट और ईस्ट कोस्ट में हवा पूरे साल बहुत अच्छी चलती है। इसे देखते हुए यह अहम फैसला लिया गया है। हमारे यहां 7000 किलोमीटर की कोस्ट लाइन है। यहां 70 हजार मेगावाट का विंड पोटेंशियल मेजर किया गया है। इस प्रोजेक्ट पर सरकार 7453 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

### वाराणसी ग्रीन एयरपोर्ट बनेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को बड़ा तोहफा मिला है। वाराणसी एयरपोर्ट की क्षमता का विस्तार कयिा जा रहा। यह काम लगभग पूरा हो गया है। वहां से 39 लाख यात्री हर साल सफर कर पाएंगे। सरकार अब वहां एक नया टर्मिनल बनाने जा रही है। रनवे, हाईवे और अंडरपास बनाया जाएगा। इस पर सरकार 2870 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। भारत की संस्कृति को दर्शाते हुए इसका विकास होगा और इसे ग्रीन एयर पोर्ट बनाया जाएगा।

### 2 लाख गोदाम बनेंगे

अश्वनी वैष्णव ने कहा, नेफेड की बहुत अच्छी एप्प बनी है,जिसके माध्यम से किसानों को तिलहन बेचने में आसानी होगी। देश में 2 लाख गोदाम बनाने का लक्ष्य तय किया गया है ,उस मामले पर अब काम किया जा रहा है। फर्टिलाइजर की कीमतें कम रखने के लिए बहुत काम किया गया है। भारत में अभी भी उर्वरक की कीमतें दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले काफी कम है।

## खबर संक्षेप

### बेटी श्रुति के साथ भाजपा में शामिल हुईं किरण

**चंडीगढ़।** हरियाणा की कांग्रेस विधायक किरण चौधरी व उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी



भाजपा में शामिल हो गई। दिल्ली में उन्होंने पार्टी का दामन थामा। इस दौरान हरियाणा के सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल समेत भाजपा के बड़े नेता मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे इस्तीफे के पीछे कांग्रेस पर निशाना साधा था।

### जेल में ही रहेंगे सीएम केजरीवाल, हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे। केजरीवाल की न्यायिक



हिरासत 3जुलाई तक बढ़ा दी गई है।इससे पहले अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत भी 19 जून तक बढ़ा दी थी।

### सांसद अग्रवाल ने विस से दिया इस्तीफा

**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा सदस्य चुने



जाने के बाद सोमवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अग्रवाल ने पार्टी नेताओं की मौजूदगी में विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह के आवास पर इस्तीफा सौंपा। सिंह ने कहा कि अग्रवाल ने राज्य विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

### एक्टर दर्शन ने कबूला कत्ल का जुर्म

**चेन्नई।** साउथ की फिल्मों के सुपरस्टार दर्शन तुगुदीपा ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस के सामने



कबूल किया है कि उसने रेणूका स्वामी की हत्या के इस मामले को दबाने के लिए आरोपियों को 30 लाख रुपए दिए थे। अब दर्शन के बयान ने इस बात की तस्दीक कर दी है। इस बीच दर्शन के मैनेजर की भी मौत हो गई है। इसका भी उसी पर हत्या का संदेह है।

### मथुरा में भीषण सड़क हादसे में 3 की मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक भीषण सड़क हादसा हो गया है। यहां कार ने एक बाइक को



सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे का संज्ञान लिया है।

## पीएम मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर का किया उद्घाटन

# देश की विकास यात्रा पर गर्व 800 साल बाद लौटा 'गौरव'

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर,17 देशों के राजदूत, नीतीश भी थे शामिल



1. विकास यात्रा का शुभ संदेश
2. आग ज्ञान को नहीं मिटा सकती
3. कई देशों की विरासत भी जुड़ीं

एजेंसी ▶▶ नालंदा

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार दौरे पर नालंदा विश्वविद्यालय नवीन परिसर का उद्घाटन किया। बिहार के राजगीर में नए परिसर के उद्घाटन के बाद करीब 800 साल बाद इस विश्वविद्यालय का गौरव लौटा है।

इस शुभ अवसर पर पीएम मोदी के साथ विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और 17 देशों के राजदूत, संसदीय कार्यमंत्री विजय चौधरी और बिहार के मसीएम नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी मौजूद रहे।इस दौरान पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे तीसरे कार्यकाल की शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिनों में ही नालंदा आने का अवसर मिला है। मैं इसे भारत की विकास यात्रा के एक शुभ संदेश के रूप में देखता हूं।



नालंदा है एक पहचान, मंत्र, सम्मान और गौरव की गाथा

### इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत

पीएम मोदी ने कहा कि नालंदा केवल नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है, एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा है उद्घोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकती। नालंदा के ध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रहा है।

### नवजागरण भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा

पीएम ने कहा कि नालंदा का नवजागरण ये नया कैंपस विश्व को भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा। नालंदा बताएगा जो राष्ट्र मजबूत मूल्यों पर खड़े होते हैं वो राष्ट्र इतिहास को पुनर्जीवित करके बेहतर भविष्य की नींव रखना जानते हैं।

### कभी भारत की परंपरा पहचान का जीवंत केंद्र था

हम सभी जानते हैं कि नालंदा कभी भारत की परंपरा और पहचान का जीवंत केंद्र हुआ करता था। शिक्षा को लेकर यही भारत की सोच रही है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है, विचार देती है और उसे आकार देती है।

### संस्थान की अहम खासियतें

### 20 से ज्यादा देशों के छात... ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का सुंदर प्रतीक



नए परिसर में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से आधुनिक रूप में मजबूती देनी है और मुझे ये देख कर खुशी है कि दुनिया के कई देशों से आज यहां कई विद्यार्थी आने लगे हैं। दुनिया के कई देशों से यहां छात्र आने लगे हैं। नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है।इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि '21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। आज भारत में योग की सैकड़ों विधाएं मौजूद हैं। हमारे ऋषियों ने कितना गहन शोध इसके लिए किया होगा लेकिन किसी ने योग पर एकाधिकार नहीं बनाया।

### 455 एकड़ में निर्माण

राजगीर की पंच पहाड़ियों में शुमार वैभारगिरि की तलहटी में नए नालंदा का निर्माण हुआ है। निर्माण 455 एकड़ के विशाल भूखंड पर किया गया है। कैंपस में 24 बड़ी इमारत, 450 क्षमता का निवास हॉल, महिलाओं के लिए तथागत निवास हॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व फूड कोर्ट, 40 हेक्टेयर में जलाशय, अखाड़ा, ध्यान कक्ष आदि हैं।

## नीट ग्रेस मार्क विवाद

# एनटीए के दावे गलत, बुक उपलब्ध हैं: एनसीईआरटी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट ग्रेस मार्क्स विवाद में अब एनसीईआरटी ने अपना पक्ष रखते हुए एनटीए के दावे को खारिज कर दिया है। दावे में कहा गया था कि नीट परीक्षा के सवाल आउट ऑफ सिलेबस थे।

एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि एनटीएके 'आउट ऑफ सिलेबस' वाले बयान में कोई सच्चाई नहीं है। सकलानी ने मैसूर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एनसीईआरटी की संशोधित किताबें, 2020 से ही प्रिंट और ऑनलाइन दोनों फॉर्मेट में उपलब्ध हैं। हमें नहीं पता कि सवाल बनाने वालों ने 2020 से पहले की किताबों का रेफरेंस क्यों दिया?

### नई-पुरानी किताबों में था अंतर

नीट परीक्षा के 44 टॉप स्कोरर्स ने एनसीईआरटी की पुरानी किताब के आधार पर एक फिजिक्स के सवाल का गलत उत्तर दिया था। एनटीए ने उन सभी को ग्रेस मार्क्स दिए थे। एनटीए ने कहा था कि हमारे देश में बच्चे अपने बड़े भाई-बहनों की पुरानी किताबों से पढ़ते हैं। चूंकि एनसीईआरटी की पुरानी और नई किताबों में जानकारी अलग-अलग है, इसलिए इन बच्चों को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं।

### सवाल का ऑप्शन 1 सही

एनटीए ने कहा था कि पुरानी किताब के मुताबिक हर एलिमेंट के एटम स्टेबल होते हैं जबकि नई एनसीईआरटी किताब में लिखा है कि ज्यादातर एलिमेंट्स के एटम स्टेबल होते हैं। इस क्वेश्चन के लिए ऑप्शन 1 सही है यानी पहला स्टेटमेंट करेक्ट और दूसरा गलत है। दरअसल, रेडियोएक्टिव एलिमेंट्स के एटम स्टेबल नहीं होते हैं। ऐसे में ऑप्शन 1 यानी पहला स्टेटमेंट सही है लेकिन दूसरा गलत है, यह इस सवाल का सही जवाब होगा।

### 'मेरी आंसरशीट फाड़ी गई' अर्जी खारिज

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को नीट एस्पिरेंट आयुषी पटेल की याचिका खारिज कर दी है। लखनऊ की आयुषी पटेल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में नीट रिजल्ट जारी होने के बाद याचिका दाखिल की थी। आयुषी का आरोप था कि जब 4 जून को रिजल्ट आया, तब उनका रिजल्ट साइट पर जनरेट नहीं हुआ था।

## प्रणब के बेटे का टीएमसी पर आरोप

# टीएमसी की कार्य संस्कृति ठीक नहीं, कांग्रेस से मेल नहीं खाती

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे और टीएमसी नेता अभिजीत मुखर्जी जल्द कांग्रेस में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने टीएमसी पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। अभिजीने पार्टी की कार्यशैली पर सवाल उठाया है।

उन्होंने कहा कि टीएमसी की कार्य संस्कृति कांग्रेस से बिल्कुल मेल नहीं खाती है। दिल्ली आने के बाद मैंने कांग्रेस आलाकमान से समय मांगा है। अगर कांग्रेस आलाकमान जल्द कांग्रेस ज्वाइन करने को कहेगा तो वह शामिल हो



जाएंगे। 2019 का चुनाव हारने के बाद कांग्रेस में मुझे एक खास व्यक्ति और ग्रुप ने उन्हें हाशिए पर डाल दिया गया। कुछ लोगों के कारण मैं चुनाव हार गया। । ममता दीदी ने मुझे टीएमसी शामिल होने का प्रस्ताव दिया। टीएमसी की कार्य संस्कृति ने मुझे निराश नहीं किया।

## खत्म हो रहा 9 राज्यपालों का कार्यकाल

# वीके सिंह, अश्विनी समेत कई शीर्ष नेताओं की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बाद अब 9 राज्यों में राज्यपालों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। राज्यपालों की नियुक्ति को लेकर इस बीच अटकलें भी तेज हैं। भाजपा ने इस बार चुनाव में अपने कई दिग्गज नेताओं को मौका नहीं दिया था।

ऐसे में दावा किया जा रहा है कि उन्हें राज्यपाल के पद ऑफर किए जा सकते हैं। हालांकि इस बार भाजपा की सीटें कम हैं, ऐसे में राज्यपाल पद के लिए भाजपा नेताओं की नियुक्ति थोड़ा टेढ़ी खीर



जरूर साबित हो सकती है। इस बार 9 राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति को लेकर भाजपा सहयोगी दलों को साथ लिए बिना फैसला नहीं कर सकती है। राज्यपाल पद के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, अश्विनी चौबे समेत कई बड़े नेताओं के नामों की चर्चा है।

## जल में योग की रिहर्सल



**प्रयागराज।** यहां बुधवार को आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए रिहर्सल के दौरान लोगों ने पानी में योग किया।

## तपती धूप और लू से लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हो रहे

# नोएडा में 24 घंटे में मिले 14 शव, दिल्ली में भी संकट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में लू और गर्मी से हाहाकार मचा है। तपती धूप और लू से लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हो रहे हैं। इसकी चपेट में आने से कई लोगों की मौत की खबरें हैं।

इस बीच, हीट वेट से दिल्ली से सटे नोएडा में अलग-अलग जगह पर मंगलवार को 14 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आशंका है कि ये सभी मौतें लू और हिट स्ट्रोक के कारण हुई है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारण बताने की बात कह रहा है।

### पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में, हाहाकार

11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट, लू से लोग हलाकान



**पोस्टमार्टम के बाद सही जानकारी मिलेगी**

नोएडा जिला अस्पताल की सीएमएस रेणु अग्रवाल ने बताया कि हमारे यहां 14 ब्रॉड डेड के मामले सामने आए थे। कुछ लोगों को पुलिस लेकर आई थी और कुछ लोगों को उनके परिजन लेकर आए थे। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा। लू और हिट स्ट्रोक से मौत की बात भी पोस्टमार्टम से पता चल पाएगा। सभी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अस्पतालों में कई मरीज भर्ती दिल्ली में 7 की मौत

*इस वक्त पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी के कारण लू और हीट स्ट्रोक के मामलो में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। कुछ मृतकों पुलिस और कुछ को उनके परिजन मौत के बाद अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मृतकों के शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि इन सभी लोगों की मौत लूह और हिट स्ट्रोक से हुई है। दिल्ली में अभी अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। पिछले 48 घंटे में हीट स्ट्रोक से 7 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 5 मरीज राम मनोहर लोहिया अस्पताल में थे, 2 मरीज सफरदरजंग अस्पताल में भर्ती थे। लोहिया अस्पताल में 12 मरीज अभी वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर है। हीटवेव की शुरुआत से अब तक 45 लोगों को गर्मी से संबंधित बीमारियों के कारण यहां भर्ती कराया गया।*

### 23 जून से ओडिशा में होंगी विभिन्न विषयों पर परिचर्चाएं

**नई दिल्ली।** हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग का अमृत महोत्सव (75वां) अधिवेशन इस वर्ष 23 से 25 जून तक ओडिशा के कोरापुट में होगा। सम्मेलन का उद्घाटन 23 जून को सायं 5 बजे होगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. आरएस सर्राजु होंगे। सभापति केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के निदेशक प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी होंगे।24 एवं 25 जून को साहित्य परिषद, राष्ट्रभाषा परिषद एवं समाजशास्त्र परिषद में विभिन्न विषयों पर परिचर्चाएं होंगी।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी
जबलपुर

किराये पर सिडान कार की आवश्यकता

**निविदा सूचना क्रमांक 130/18.06.2024**

मुख्य महाप्रबंधक रेग्युलेटरी कार्यालय उपयोग हेतु 01 नंबर एसी कार (सिडान) किराये पर लगाये जाने हेतु निविदा जारी की गई है जिसकी जानकारी सूचना पोर्टल एवं वेबसाइट www.mppmcl.com पर उपलब्ध है। इच्छुक वाहन चालक मालिक निविदा के नियमों का पालन करते हुए कोटेशन **दिनांक 28.06.2024 समय अपराह्न 3.00 बजे तक** जमा कर सकते हैं।

**सम्पर्क - 0761-2702402**

म.प्र. माध्यम/114949/2024 — मुख्य महाप्रबंधक (रेग्युलेटरी)

जबलपुर

गुरुवार, 20 जून 2024

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष–14

वर्ष : 19, अंक : 51

पृष्ठ : 2+12=14 , मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम

अधि. 37

न्यून. 25

हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



2 सुशासन के प्रतीक- छत्रपति शिवाजी


मैट्रो

12 दोधारी तलवार पर खड़ा प्रशासन निजी ..




### भोपाल में एक साथ बनाए गए दो ग्रीन कॉरिडोर

# चार मिनट में 3.5 किमी दूरी तय कर पहुंचाया लिवर, 13 मिनट में 17 किमी पहुंचाई किडनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में बुधवार को एक ब्रेन डेड पेशेंट का लिवर और किडनी डोनेट करने के लिए दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। सागर के रहने वाले महेश नामदेव (53) को ब्रेन हेमरेज के ट्रीटमेंट के लिए 5 दिन पहले सिद्धांता रेडक्रॉस हॉस्पिटल लाया गया था। इलाज के दौरान ब्रेन में ज्यादा ब्लीडिंग होने से वे कोमा में चले गए। मंगलवार को ब्रेन डेड हो गए।

इसके बाद परिजनों ने उनका लिवर और किडनी डोनेट करने का फैसला किया। लिवर बंसल हॉस्पिटल और किडनी चिरायु हॉस्पिटल ट्रांसप्लांट के लिए ले जाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक बंसत कौल ने 'हरिभूमि' को बताया पहले कॉरिडोर से बंसल हॉस्पिटल के लिए एक टीम दोपहर करीब 2.30 बजे लिवर लेकर सिद्धांता हॉस्पिटल से रवाना हुई। चार मिनट में 3.5 किमी का सफर तय कर लिया गया। दूसरी टीम 2.35 बजे किडनी लेकर चिरायु मेडिकल कॉलेज के लिए निकली। 17 किमी की दूरी 13 मिनट में तय की गई।

*लिवर बंसल हॉस्पिटल और किडनी चिरायु हॉस्पिटल ट्रांसप्लांट के लिए ले जाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।*





### महेश जला गए तीन नई जीवन जोत

#### जिस दिन छुट्टी होनी थी उसी दिन ब्रेन हेमरेज

नामदेव के बेटे सचेंद्र नामदेव ने बताया हम लोग सागर के रहने वाले हैं। उन्हें सागर के भाग्योदय अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर्स ने बताया कि हार्ट अटैक आया है। हम उन्हें लेकर भोपाल के सिद्धांता अस्पताल आ गए। यहां उनकी एंजियोप्लास्टी हुई। दो-तीन दिन ठीक रहे। जिस दिन छुट्टी होनी थी उसी दिन ब्रेन हेमरेज हो गया।

#### नेशनल टिशू एंड ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन ने दी थी मंजूरी

सिद्धांता रेडक्रास हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सुबोध वार्ष्णेय ने बताया कि सागर के रहने वाले 53 वर्षीय महेश नामदेव हार्ट अटैक से ठीक हो गए थे। प्रोटोकॉल के तहत मेडिकल एक्सपर्ट की कमेटी ने मरीज महेश नामदेव को ब्रेन डेड घोषित किया। साथ ही नेशनल टिशू एंड ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन को पेशेंट की रिपोर्ट भेजी गई। ऑर्गेनाइजेशन ने मरीज का लिवर बंसल हॉस्पिटल में भर्ती मरीज को, एक किडनी चिरायु हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज और एक किडनी सिद्धांता रेडक्रास हॉस्पिटल में भर्ती मरीज को ट्रांसप्लांट करने की मंजूरी दी है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सोम डिस्टलरी का लाइसेंस सस्पेंड

**भोपाल।** शराब कंपनी सोम डिस्टलरी पर मोहन सरकार ने शिकंजा कस दिया है। बुधवार को सरकार ने फैक्ट्री का लाइसेंस सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए। मामला रायसेन जिले के सेहतंगज में बच्चों से शराब की



बोतलें पैक कराने का है। इस मामले में राष्ट्रीय बाल आयोग ने सवाल खड़े किए थे। इसके बाद आबकारी विभाग ने कंपनी के कर्ता-धर्ताओं को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था। अब संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई है। खास यह है कि जब सोम डिस्टलरी को लेकर मंत्रालय में आदेश लिखा जा रहा था, तब सोम के पूर्व मालिक जगदीश अरोरा वाणिज्यिक कर विभाग के पीएस अमित राठौर के केबिन के बाहर खड़े थे। सीएम मोहन यादव ने सोम डिस्टलरी के लाइसेंस सस्पेंशन पर कहा है कि बच्चों के साथ ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

### माता वैष्णो देवी के लिए जम्मू से हेलीकॉप्टर सेवा


**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की त्रिकुटा पहाड़ियों के बीच स्थित श्री माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए



खुशखबरी है। जम्मू से श्री माता वैष्णो देवी की पवित्र गुफा मंदिर तक बहुप्रतीक्षित हेलीकॉप्टर सेवा 25 या 26 जून से शुरू होने की संभावना है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने कहा कि हेलीकॉप्टर सेवा मंगलवार से शुरू होनी थी, लेकिन कुछ समस्याओं के कारण अब इसे 25 या 26 जून को शुरू किए जाने की उम्मीद है।

### ट्रैक पर सेल्फी लेते समय ट्रेन की टक्कर से मौत

**विदिशा।** खरी फाटक बंद गेट के पास रेलवे ट्रैक पर सेल्फी ले रहे युवक की मालगाड़ी से टकराने से



मौत हो गई। जीआरपी और सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। युवक रेलवे ट्रैक पर चलते हुए सेल्फी ले रहा था। इसी दौरान बीना की तरफ से मालगाड़ी आ गई। युवक सेल्फी लेने में इतना मग्न था कि उसे ट्रेन का हॉर्न भी सुनाई नहीं दिया। लोगों ने उसे देखकर आवाज भी लगाई। लेकिन उसने नहीं सुनी और हादसा हो गया।

### उप राष्ट्रपति धनखड़ ने डिंडोरी में राज्य स्तरीय विश्व सिकल सेल दिवस-2024 कार्यक्रम में कहा

# सिकल सेल एनीमिया बीमारी से बचाव के लिए जनजातीय समुदाय को 'जागरूक' करना जरूरी

#### सीएम यादव की तारीफ की

धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा।



*सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन का यज्ञ शुरू हो चुका है, अब हम सभी को योगदान देना है। इसके उपचार पर रिसर्च को बढ़ाया जाए।*

**उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए प्रदेश में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।**

- उप राष्ट्रपति भवन में डिंडोरी की औषधीय वनस्पतियों का हर्बल पार्क स्थापित होगा
- कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत मप्र सरकार के कई मंत्री व बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल हुए



उप राष्ट्रपति धनखड़ और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाया और थिरकते नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि जनजातीय अंचलों में सिकल सेल एनीमिया भयावह रूप में सामने है, किंतु इसके उन्मूलन का यज्ञ शुरू हो चुका है। हम सभी को योगदान देना है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया से बचाव के उपायों के बारे में जनजातीय समुदाय को जागरूक करना जरूरी है। इस जैसी अनुवांशिक बीमारी के उन्मूलन के लिए आयुष्मान भारत योजना में सुधार करना शासन की दूर दृष्टि को दर्शाता है।

#### उप राष्ट्रपति ने डॉ. यादव को लेकर कहा

#### आपने मुख्यमंत्री का दम दुनिया को दिखा दिया

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मुझे बड़ी खुशी और प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री जी ने पहली मुलाकात में ही दो-तीन बातों की ओर ध्यान दिया। एक बात सिकल सेल उन्मूलन की थी और दूसरी बात ट्राइबल के विकास की थी। पहली कैबिनेट मीटिंग में जो मुख्यमंत्री जबलपुर स्थान चुनता है और निर्णय लेता है कि लाउड स्पीकर कहां बजेगा और कहां नहीं बजेगा, उस मुख्यमंत्री के बारे में क्या कहना है। उनका निर्णय अत्यंत प्रभावी है। लोग कहते है -हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े लिखे को फ़ारसी क्या। उन्होंने कहा कि आपने मुख्यमंत्री का दम दुनिया को दिखा दिया।

#### इस बीमारी के मरीजों की संख्या 18 हजार से अधिक

राज्यपाल पटेल ने कहा कि मप्र में जनजातियों की जनसंख्या एक करोड़ 90 लाख है। अब तक लगभग 55 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है, इनमें से एक लाख 20 हजार 935 व्यक्ति बीमारी के वाहक हैं अर्थात इनमें सिकल सेल एनीमिया शुरूआती स्थिति में है। जबकि इस बीमारी के मरीजों की संख्या 18 हजार से अधिक है।

#### राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध

यादव ने कहा कि राज्य सरकार सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता के साथ-साथ स्क्रीनिंग, उपचार और दवा वितरण आदि की व्यापक व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार की ओर से जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। कैबिनेट की पहली बैठक जबलपुर में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास और जनकल्याण की अनेक गतिविधियां संचालित हैं।

### पटवारी, सिंघार की मौजूदगी में आज दाखिल करेंगे नामांकन

## आंचल कुंड दरबार से जुड़े धीरनशा होंगे अमरवाड़ा से कांग्रेस के प्रत्याशी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

छिंदवाड़ा लोकसभा सीट में पराजय और विधायक कमलेश शाह के कांग्रेस छोड़ने से आहत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने अमरवाड़ा विधानसभा चुनाव में भाजपा से फिर दो-दो हाथ करने की तैयारी कर ली है। जिले के प्रसिद्ध आंचल कुंड दरबार से जुड़े धीरनशा इनवती को कांग्रेस ने अमरवाड़ा से अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

आंचल कुंड दरबार में लगभग दो सौ साल से आग जलती है, जिसे धूनी वाले बाबा ने जलाई थी। दरबार से आदिवासियों के साथ अन्य समाज के लोगों की भी आस्था जुड़ी है। धीरनशा दरबार के सेवादार सुखराम दादा के बेटे हैं। भाजपा पहले ही कमलेश शाह को प्रत्याशी घोषित कर चुकी है।

शिवराज के इस्तीफे के बाद बुदनी विधानसभा सीट रिक्त घोषित




#### बुदनी में भी 6 महीने के भीतर चुनाव

विदिशा से लोकसभा चुनाव जीतने और केंद्रीय मंत्री बनने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने बुदनी विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने बुदनी सांसद रिक्त घोषित कर दी है।

### पत्नी की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाए

## गृह सचिव ने पत्नी के शव के पास खुद को गोली मारी



कैंसर से पुलिस अफसर की पत्नी की हुई थी मौत

» अफसर को वीरता के लिए राष्ट्रपति से मिला था पुलिस पदक

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के गृह सचिव एवं आईपीएस शिलादित्य चेतिया ने अपनी पत्नी की मौत के कुछ मिनटों के बाद आत्महत्या कर ली। उनकी पत्नी अगामोनी बोरबरुआ कैंसर से पीड़ित थीं। पिछले कई दिनों से गुवाहाटी के नेमकेयर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।

स्पाइसजेट की फ्लाइट में बंद रहा एसी

## गर्मी से कई यात्रियों की तबीयत हुई खराब



फ्लाइट में करीब एक घंटे एसी खराब रहा

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी का सितम उन लोगों से पूछिए जो बुधवार को दिल्ली से दरभंगा जा रही फ्लाइट ( एसजी 486 ) में सफर कर रहे थे। इस फ्लाइट में किसी तकनीकी समस्या की वजह से एसी करीब एक घंटे के लिए बंद रहा और वह एक घंटा फ्लाइट में सवार यात्रियों के लिए किसी सजा से कम नहीं था।

## नीतीश कुमार अचानक देखने लगे पीएम मोदी का हाथ

#### तनी हथवा दिखाइए त अपना...



एजेंसी ▶▶ पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को बिहार दौरे पर नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन करने पहुंचे। राजगीर में उन्होंने यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया और कई खंडहर का भी दौरा किया। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी उनकी मुलाकात हुई।

### पुणे जैसा एक और मामला

## सांसद की बेटी ने युवक को बीएमडब्ल्यू कार से 'रौंदा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




- पुलिस स्टेशन से ही मिल गई जमानत

पुणे पोर्शे हादसा केस अभी शांत नहीं हुआ था कि अब ऐसे ही लग्जरी कार से एक्सिडेंट की एक और घटना सामने आई है। वाईएसआर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद बीडा मस्तान राव की बेटी माधुरी ने फुटपाथ पर सो रहे 22 साल के एक शख्स को कुचल दिया और इसके बाद वह विवादों में घिर गईं।

### खरगोन में ट्रक-बस की टक्कर

## बस खंभे से टकराकर गड्ढे में गिरी, 2 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



- निजी यात्री बस खरगोन से इंदौर जा रही थी

जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में सुबह निजी बस और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस एक बिजली के खंभे से टकराकर गड्ढे में गिर गई। हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मृत्यु हो गई जबकि 44 यात्री घायल हो गए। मृतकों की शिनाख्त अनवर निवासी खरगोन और आशाबाई (32) निवासी मेनगांव के रूप में हुई है।

### 'कन्वेक्टिव एक्टिवटी'...यानी, बादलों का एक जगह जमा होकर बरस जाना मतलब मानसून का करंट कमजोर होना

22 से 23 जून तक बंगाल की खाड़ी वाली ब्रांच से प्रदेश में दस्तक देगा मानसून


# पिछले दो साल से मानसून के दौरान बढ़ी कन्वेक्टिव एक्टिवटी, इस कारण बिजली गिरने की ज्यादा घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौसम विभाग आकाशीय बिजली गिरने की लगातार घटनाओं से चिंतित है। उसने स्टडी कर पता लगाया है कि पिछले दो साल से मानसून के पैटर्न में बदलाव आ गया है। अब लगातार बारिश नहीं होती है। जैसे, पहले 7-7 दिन लगातार पानी पड़ता था। अब बादल अचानक से कहीं एक जगह जमा होते हैं और बरस जाते हैं। यानी, साफ है कि मानसून में अब करंट कमजोर हो रहा है। इसे कन्वेक्टिव एक्टिवटी कहा जाता है। ऐसे में मानसून अपना इंपैक्ट नहीं डाल पाता है, भले ही वह अपना कोटा पूरा कर देता है।

फिलहाल, तापमान में 2 से 6 डिग्री तक गिरावट

सर्वाधिक तापमान ग्वालियर में 43 डिग्री रहा




करोंद क्षेत्र में आसमान पर बादल नजर आए

#### बारिश के साथ पारा 6 डिग्री तक गिरा

इधर, प्रदेश में मंगलवार से बुधवार तक जारी प्री-मानसून बारिश से तापमान में तेजी से कमी आई है। प्रदेश में लू का असर खत्म हो गया है। पूरे प्रदेश के तापमान में 2 से 6 डिग्री तक गिरावट रही। जबलपुर, मंडला, सिवनी में पारा 5 से 6 डिग्री तक गिरा।

**आज यहां तेज बारिश** नर्मदापुरम, बैतूल, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा जिलों में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ कहीं ओले तो कहीं बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, डिंडोरी, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट है।

## चिंतन

# खालिस्तानी आतंकवाद को पनाह देना बंद करे कनाडा

कनाडा को आतंकवाद पर अपना रुख स्पष्ट करना पड़ेगा। आतंकवाद पर सिलेक्टिव रवैया उसे ही भारी पड़ सकता है। भारत आतंकवाद के खिलाफ दशकों से लड़ रहा है। भारत खालिस्तानी आतंकवाद और कट्टर इस्लामिक आतंकवाद दोनों का सामना कर रहा है। दोनों आतंकवाद को खादपानी विदेशी सरजमीं से मिल रही है। खालिस्तानी गतिविधियों में लिप्त लोग बरसों से कनाडा में रह रहे हैं। कनाडा आंख मूंदे हुए है। अभी आतंकवाद पर भारत ने कनाडा को मुंहतोड़ जवाब दिया है, जवाब भी ऐसा कि इससे न केवल टूडो सरकार बल्कि दुनिया भर के खालिस्तानी आतंकी भी तिलमिला जाएं। खालिस्तानी आतंकवाद का समर्थन करने के मुद्दे पर भारत के बार-बार कहने के बावजूद कनाडा अपनी हरकतों से बाज नहीं आ आया। कनाडा ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की बरसी पर अपनी संसद में मौन रख कर भारत को चिढ़ाने का प्रयास किया, तो भारत ने कनाडा को कनिष्क विमान बम विस्फोट की याद दिला कर बताया है कि उसके यहां कैसे वर्षों से खलिस्तानी आतंकवाद जड़ जमाए हुए है, और वो पोसक बना हुआ है। आतंकवाद को लेकर अगर कनाडा नहीं संभला तो उसकी हालत भी अफगानिस्तान, पाकिस्तान जैसी हो सकती है, जहां आतंकवाद अब इन देशों के लिए भ्रस्मासुर साबित हो रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो अपनी राजनीति के लिए आग से खेल रहे हैं, हालांकि कनाडा में अब उनकी लोकप्रियता तेजी से गिर रही है, कनाडा के गैर सिख वासियों के बीच टूडो की साख तेजी से गिरी है। अभी जी-7 की बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी ने कनाडा के पीएम जस्टिन टूडो से अलग से मुलाकात की है और खालिस्तानी आतंकवादियों को संरक्षण को लेकर भारत की चिंता को जाहिर की है। इसके तुरंत बाद कनाडाई संसद का खालिस्तानी आतंकवादी व भारत में वांछित निज्जर की हत्या की बरसी पर मौन रखना दर्शाता है कि उसे भारत की चिंता की परवाह नहीं है। अब भारत ने भी कनिष्क विमान बम विस्फोट की 39वीं बरसी 23 जून को मनाने का फैसला किया है। नागरिक विमानन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद से संबंधित हवाई दुर्घटना कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि भारत आतंकवाद की समस्या से निपटने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। मॉन्ट्रियल-नई दिल्ली एयर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया था, जिससे विमान में सवार 86 बच्चों सहित सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें से 268 भारतीय मूल के कनाडाई थे व 24 भारतीय थे। यह नागरिक उड्डयन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद-संबंधी हवाई दुर्घटनाओं में से एक थी। इस बम विस्फोट का आरोप सिख आतंकवादियों पर लगाया गया था। यह विस्फोट कथित तौर पर 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए किए गए 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के प्रतिशोध में किया गया था। कनाडा की संसद में खालिस्तानी आतंकी के महिमामंडन और खालिस्तान चरमपंथियों को खुली छूट भारत को अस्वीकार्य है। कनाडा में पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी को भी भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।




**विशेष**
शिवप्रकाश

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को स्मरण करते हुए कहा 'कुछ ही दिनों में देश छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण की 350वीं वर्षगांठ मनाएगा, उनका जीवन ध्येय पथ पर बढ़ने की प्रेरणा देता है।' छत्रपति शिवाजी का राज्याभिषेक ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी विक्रम संवत 1731 को रायगढ़ में हुआ था। पुर्तगाली एवं ब्रिटिशों सहित अनेक विदेशी लेखकों ने छत्रपति शिवाजी की तुलना महानतम सेनापति नेपोलियन, सीजर, सिकंदर के साथ करते हुए उनकी वीरता, प्रशासनिक कुशलता एवं युद्ध शैली की प्रशंसा की है। हम शिवाजी के जीवन आदर्श से प्रेरणा लेकर अपने देश को आत्मनिर्भर, विश्व वन्दनीय भारत बनाएं।

# सुशासन के प्रतीक-छत्रपति शिवाजी

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत के उपलक्ष्य में आयोजित धन्यवाद भारत कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को स्मरण करते हुए कहा 'कुछ ही दिनों में देश छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण की 350वीं वर्षगांठ मनाएगा, उनका जीवन ध्येय पथ पर बढ़ने की प्रेरणा देता है।' छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी विक्रम संवत 1731 को रायगढ़ में हुआ था। अंग्रेजी तिथि के अनुसार 6 जून 1974 की पुण्यतिथि थी। पुर्तगाली एवं ब्रिटिशों सहित अनेक विदेशी लेखकों ने छत्रपति शिवाजी की तुलना महानतम सेनापति नेपोलियन, सीजर, सिकंदर के साथ करते हुए उनकी वीरता, प्रशासनिक कुशलता एवं युद्ध शैली की प्रशंसा की है।

16 फरवरी 1630 ई. शिवनेरी किले में शिवाजी महाराज का जन्म शाहजी भोंसले एवं माता जीजाबाई के परिवार में हुआ। उनके जन्म के समय परिस्थिति कैसी थी इसका वर्णन समर्थ गुरुरामदास महाराज ने अपने 12 वर्ष के भारत भ्रमण के बाद इस प्रकार किया "या भूमंडलाचे ढायी, धर्मरक्षा ऐसा नाही" इस समय इस भूमंडल पर धर्मरक्षक कोई नहीं है। संपूर्ण देश में कोई भी मंदिर सुरक्षित नहीं है। सामान्य जनता मुगलों के अत्याचार से कराह रही है, किसी भी नदी का जल पवित्र नहीं है जिससे अभिषेक किया जा सके। इस विकट परिस्थिति में छत्रपति शिवाजी ने अपने रणकौशल एवं बुद्धिकौशल से स्वराज की स्थापना की। उनके कुशल प्रशासन को देखने के बाद पुनः स्वयं समर्थ रामदास महाराज ने कहा "आचारशील, विचारशील, न्यायशील, धर्मशील, सर्वज्ञ सुशील जाणता राजा।" किसी भी कार्य की सफलता का आधार नेतृत्वकर्ता के सहयोगी कैसे है इस पर निर्भर करता है। शिवाजी ने सहयाद्रि में निवास करने वाले सामान्य गरीब, किसान, युवकों में स्वराज की प्रेरणा जगाई। समाज के सामान्य वर्ग से निकले इन्हीं योद्धाओं ने अपने जीवन की बाजी लगाकर स्वराज स्थापना का श्रेष्ठतम कार्य किया। औरंगजेब अपनी सेना के एक-एक सेनापति से तुलना करते हुए शिवाजी के सेनापतियों की विशेषता का वर्णन करते हुए कहता है "वे झुकते नहीं, रुकते नहीं, थकते नहीं और बिकते भी नहीं।" छत्रपति शिवाजी का शासन लोक कल्याण एव पारदर्शिता से युक्त था। वित्त प्रबंधन को लेकर वे सदैव सजग थे। मंत्रालयों की समीक्षा करते समय उन्होंने अपने लेखपाल से पूछ लिया कि कल तक का हिसाब दैनिंदनी में चढ़ा अथवा नहीं, नकारात्मक उत्तर होने पर लापरवाही के लिए कठोर दंड भी दिया। लगान के उचित संग्रह में लापरवाही पर देश कुलकर्णी आपाजी से जुर्माना भी लिया एवं पद मुक्त भी किया। भ्रष्टाचारविहीन शासन छत्रपति शिवाजी के शासन का वैशिष्टय था। भ्रष्टाचारयुक्त शासन के लिए उन्होंने रिश्वत लेने पर अपने सौतेले मामा मोहिते को भी कारागार में डाल दिया था। 13 मई 1671 के अपने पत्र में वे लिखते हैं कि अगर आप जनता को तकलीफ देंगे, कार्य सम्पादन में रिश्वत



मागेंगे तो जनता को लगेगा कि इससे तो मुगलों का शासन ही अच्छा था। छत्रपति शिवाजी ने अपने स्वराज संचालन के लिए अष्ट प्रधान शासन प्रणाली की व्यवस्था दी थी। शिवाजी जहाँ एक दूरदर्शी योद्धा थे, वहीं वह एक कुशल प्रशासक भी थे। स्वदेशी जलपोत निर्माण के लिए मुंबई के पास कल्याण एवं भिवंडी में उनके द्वारा स्थापित जलपोत निर्माण करवाना, व्यापार एवं सुरक्षा के प्रति उनकी दृष्टि की ओर इंगित करता है। अंग्रेजों से तोप निर्माण की तकनीक न मिलने पर उन्होंने फ्रांस के सहयोग से पुरन्दर किले पर तोपखाना स्थापित कराया। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का यह मन्त्र वर्तमान की सरकार का मन्त्र भी बना है। भूमि का मापन, पैदावार का मूल्यांकन, आपदा में होने वाली हानि के मूल्यांकन की व्यवस्था शिवाजी महाराज ने उस समय की थी। सिंचाई के लिए बांध, तालाबों, कुएं, बावड़ी एवं जलाशयों का निर्माण उनकी दूरदर्शिता को प्रकट करते हैं। स्वस्थ भूमि, स्वस्थ उत्पाद, स्वस्थ पर्यावरण के लिए फसलों में विविधता, फलदार वृक्षों को लगवाना उनकी कृषि एवं पर्यावरण के प्रति दृष्टि को प्रकट करते हैं।

महिलाओं के प्रति उनके हृदय में सम्मान एवं महिलाओं के प्रति कुदृष्टि डालने पर कठोर दंड उनके शासन की व्यवस्था थी। मुस्लिम महिला गोहरबानू के प्रति उनके उदगार काश मेरी मां भी इतनी सुन्दर होती, सखोजी गायकवाड़ को दंड उनकी न्यायप्रियता को प्रकट करते हैं। स्वराज के हित को प्रथम रखते हुए उन्होंने व्यापारिक संबंध सभी से रखे थे। व्यापार के लिए मध्य एशिया के देशों तक उन्होंने संबंध बनाए थे। उसमें मस्कट के इमाम भी प्रमुख थे। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टि को अपने राज्य संचालन का आधार बनाया। उनके शासन में वृद्ध, बीमार एवं बच्चों को छोड़कर अन्य किसी के लिए भी मुफ्त सुविधा की व्यवस्था नहीं थी। छत्रपति शिवाजी की शासन प्रणाली में स्वभाषा एवं स्वसंस्कृति को विशेष महत्व था। गुलामी के प्रतीकों को हटाकर स्वाभिमानी समाज जागृत करने के लिए उन्होंने किलों के नामों को नामांतरण भी किया। उर्दू और फारसी के शब्द बदलकर स्वराज संचालन के लिए 1400 हिन्दी शब्दों का कोष भी बनाया था। शिवाजी की गुप्तचर व्यवस्था, शत्रु को पहचानने की उनकी अचूक दृष्टि उनको शेष भारतीय राजाओं से अलग करती है। उत्तर भारत की मुग़ल शक्ति एवं दक्षिण की आदिलशाही, कुतुबशाही के भेद का उन्होंने उचित उपयोग किया था। शत्रु की कमजोरी उनके साथ जैसे को तैसा व्यवहार शाइस्ताखान, अफजलखान एवं औरंगजेब से युद्ध करते समय उन्होंने अपनाया था। व्यापार एवं सुरक्षा के लिए नौसेना के महत्व को पहचान कर सिंधुदुर्ग सहित समुंद्र किनारे अनेक दुर्गों की स्थापना उन्होंने की थी। शिवाजी ने न केवल हिन्दवी साम्राज्य स्थापित किया, बल्कि सम्पूर्ण समाज में स्वराज, स्वधर्म के प्रति समर्पण की भावना भी जागृत की। देशभर में स्वराज की रक्षा के लिए संघर्षरत समस्त राजाओं के प्रेरणा पुंज भी वह बने। अपनी माता की मृत्यु के समय भी बिना अवकाश लिए वे राज्य का सूत्र संचालन करते रहे। स्वराज संस्थापन के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना ही उनकी प्रेरणा थी। स्वराज स्थापन यह "श्री" का कार्य है यह मान कर उन्होंने सम्पूर्ण जीवनभर संघर्ष किया। अपने सहयोगियों में भी उन्होंने यही भाव कूट-कूट कर भरा था। सहयोगियों से वे कहते थे कि हमारे कार्य की दिशा ठीक है यह पवित्र कार्य है। हमारा कार्य पवित्र होने के करण पवित्र अदृश्य शक्तियां हमारा सहयोग करेंगी। मां तुलजा भवानी एवं परमेश्वर पर यह आस्था ही उनके संघर्ष की प्रेरणा थी। निमित्तता के इसी निस्वार्थ भाव के कारण उन्होंने एक कागज पर लिखकर अपना राज्य अपने प्रेरणा स्त्रोत समर्थ रामदास स्वामी महाराज की छोली में डाल दिया था।

हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना के इस पुनीत अवसर पर हम छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन आदर्श से

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## टेक के खतरे

शैलजा सिंह



# एआई में अंतर्निहित समस्याएं

हम सभी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में बहुत कुछ सुना और पढ़ा है। आप में से कइयों ने संभवतः उपलब्ध हो रहे अनगिनत एआई उपकरणों में से कुछ का उपयोग भी किया होगा। कुछ लोगों के लिए, एआई एक जादू की छड़ी की तरह लगता है, जो हर मुश्किल आसान कर सकता है, लेकिन ताजा अध्ययन के मुताबिक, एआई परफेक्ट नहीं है। इसमें खतरनाक अंतर्निहित समस्याएं हैं, जिन्हें ठीक करना मुश्किल है। इसमें कोई दोराय नहीं कि एआई डिजिटल दुनिया को तेजी से बदल रही है, यह वह तकनीक है, जो मानव मस्तिष्क की तरह कृत्रिम मेधा की संरचना विकसित कर रही है। इसके बहुत लाभ हैं, हर क्षेत्र में एआई का प्रवेश हो रहा है। एक ही काम को बार-बार दोहराना, डिजिटल सहायक, मानवीय त्रुटि को दूर करना, जोखिम भरे काम करना, बिना थके उपलब्धता, त्वरित निर्णय लेना, बेहतर स्वास्थ्य सेवा, स्मार्ट ऑटोमेशन, रोबोटिक्स व लॉजिस्टिक्स, भविष्यसूचक विश्लेषण, नवाचार और रचनात्मकता, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण आदि एआई के फायदे हैं। लेकिन इसके नुकसान भी हैं, जिसके चलते इसको बनाने वाले से लेकर इसके उपयोग करने वाले तक दुनिया की सरकारों को चेता रहे हैं कि एआई को नियंत्रित रखने के लिए सरकारें नया कानून बनाएं। आई उपयोगकर्ताओं के लिए कई नुकसान पैदा करता है। उनमें से कुछ में प्रौद्योगिकी पर निर्भरता और आलोचनात्मक सोच की कमी, कम मानवीय संपर्क, डेटा गोपनीयता और सुरक्षा में नैतिक चिंताएं, तकनीकी सीमाएं और त्रुटियां आदि शामिल हैं। जैसे, न्यूयॉर्क शहर के एक चैटबॉट ने लोगों को कानून तोड़ने की सलाह दी, और गूगल का एआई ओवरव्यू लोगों को चट्टानें खाने के लिए कह रहा है। मुद्दे की बात यह है कि एआई प्रणाली की कुछ अंतर्निहित कमियां हैं।

**वास्तविक दुनिया में परेशानी** : सभी एआई प्रणालियों के लिए अंतर्निहित मुद्दों में से एक यह है कि वे वास्तविक दुनिया की सेटिंग्स में 100% सटीक नहीं हैं। उदाहरण के लिए, एक पूर्वानुमानित एआई प्रणाली को अतीत के डेटा बिंदुओं का उपयोग करके प्रशिक्षित किया जाएगा। यदि एआई को कुछ नया मिलता है - जो प्रशिक्षण डेटा में किसी भी चीज़ के समान नहीं है - तो यह संभवतः सही निर्णय लेने में सक्षम नहीं होगा। एक काल्पनिक उदाहरण के रूप में, आइए एआई-संचालित ऑटोपायलट प्रणाली से सुसज्जित एक सैन्य विमान लें। यह प्रणाली अपने प्रशिक्षण ज्ञान आधार की बदौलत कार्य करेगी। लेकिन एआई सिर्फ गणितीय गणना है। एक प्रतिकूल स्थिति ऐसी बाधाएं पैदा कर सकती है जिसे विमान एआई देख नहीं सकता क्योंकि वे प्रशिक्षण डेटा में नहीं हैं, जिससे संभावित विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

**प्रशिक्षण डेटा में पूर्वाग्रह** : आपने एआई द्वारा पक्षपातपूर्ण निर्णय लेने के बारे में सुना होगा। आमतौर पर, पूर्वाग्रह तब होता है जब हमारे पास असंतुलित डेटा होता है। सरल शब्दों में, इसका मतलब यह है कि एआई प्रणाली को प्रशिक्षित करते समय, हम इसे एक प्रकार के परिणाम के बहुत सारे उदाहरण और दूसरे प्रकार के बहुत कम उदाहरण दिखा रहे हैं। आइए एक एआई प्रणाली का उदाहरण लें जो किसी व्यक्ति द्वारा अपराध करने की संभावना की भविष्यवाणी करने के लिए प्रशिक्षित है। यदि सिस्टम को प्रशिक्षित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले अपराध डेटा में ज्यादातर समूह ए (मान लीजिए, एक विशेष जातीयता) के लोग हैं और समूह बी से बहुत कम लोग हैं, तो सिस्टम दोनों समूहों के बारे में समान रूप से नहीं सीख पाएगा। परिणामस्वरूप, समूह ए के लिए इसकी भविष्यवाणियों से ऐसा प्रतीत होगा कि ये लोग समूह बी की तुलना में अपराध करने की अधिक संभावना रखते हैं। यदि सिस्टम का उपयोग बिना सोचे-समझे किया जाता है, तो इस पूर्वाग्रह की उपस्थिति के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। एआई को पूर्वाग्रह बनाए रखने से रोकने के लिए संतुलित डेटा का होना महत्वपूर्ण है।

**ऑफ़लाइन प्रशिक्षण की समस्या** : एआई के साथ एक और समस्या तब उत्पन्न हो सकती है जब इसे ऑफ़लाइन प्रशिक्षित किया गया हो और यह उस समस्या की गतिशीलता के साथ अद्यतित न हो, जिस पर इसे काम करना है। एक सरल उदाहरण किसी शहर में दैनिक तापमान की भविष्यवाणी करने के लिए विकसित की गई एआई प्रणाली होगी। इसके प्रशिक्षण डेटा में इस स्थान के तापमान डेटा पर सभी पिछली जानकारी शामिल है। एआई का प्रशिक्षण समाप्त होने और तैनात होने के बाद, मान लीजिए कि एक गंभीर जलवायु घटना सामान्य मौसम की गतिशीलता को बाधित करती है। चूंकि भविष्यवाणियां करने वाली एआई प्रणाली को उस डेटा पर प्रशिक्षित किया गया था जिसमें यह व्यवधान शामिल नहीं था, इसलिए इसकी भविष्यवाणियां तेजी से गलत हो जाएंगी।

(लेखिका साहित्यकार व टेक विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान



संकलित
**दर्शन**

अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं। गुणों का योग जब तक भगवान से नहीं होगा, तब तक व्यक्ति उसका उपयोग और कहां करेगा?

## जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
**प्रेरणा**

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। पहले ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया कि वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले, परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था, इसलिए उसे सारी संपत्ति वापस मिल गई। दूसरा मित्र निर्धन बन गया, मगर पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है कि एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते हैं, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते हैं, न ईश्वर का साक्षात्कार करते हैं। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया है- शरीर रूप बंधन में आकर जीवात्मा जहां तहां भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## सटाका




## आज की पाती

### रेलवे की फिर लापरवाही घातक साबित हुई

समय-समय पर रेलवे की लापरवाही बहुत से लोगों की जान को आफत में डाल देती है और जान पर भी भारी पड़ जाती है, लेकिन रेलवे पता नहीं क्यों ऐसे हादसों से सबक नहीं लेता है। अब रेलवे की लापरवाही पश्चिम बंगाल और बिहार की सीमा पर देखने को मिली। वहां मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में कुछ लोगों की जान चली गई और कुछ घायल हो गए। अगर मालगाड़ी की रफ्तार तेज होती तो फिर न जाने और कितने लोगों की जान पर यह रेलवे की लापरवाही पड़ जानी थी। कुछ महीने पहले ओडिशा में बहुत ही दिल दहलाने वाला ट्रेन हादसा हुआ था। यहां तीन ट्रेनें आपस में टकराई थी। इस हादसे में सैकड़ों लोगों की जान चली गई और बहुत से लोग घायल हुए थे। ऐसा ही हादसा आंध्र प्रदेश में भी हुआ था। *-सुशील त्यागी, कांकेर*

## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता दोहराते हैं



विश्व सिकल सेल दिवस पर, हम इस बीमारी पर काबू पाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। पिछले साल, हमने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन शुरू किया था। हम जागरूकता पैदा करने, सार्वभौमिक जांच, जैसे पहलुओं पर काम कर रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शिक्षा यात्रा के 23 साल पूरे



15,000 किलोमीटर की देशव्यापी 'शिक्षा यात्रा' के समापन के 23 साल पूरे हो गए हैं। हमने मांग की कि मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया जाए। हमारे प्रयासों के परिणामस्वरूप 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून बनाया गया।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### सदन ज़ोर से नहीं चलेगा



कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि सदन का तापमान बढ़ने वाला है। अब सदन जबरन ज़ोर ज़बरदस्ती से नहीं चलेगा। अब 14 मिनट राहुल गांधी के बोलने पर 11 मिनट स्पीकर नहीं दिखाए जाएंगे। मनबढ़ई और तानाशाही का इलाज जनता ने कर दिया।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### तुरंत सम्मान दें




मेरे गुरु मुझसे कहते हैं, "इस कहावत को स्वीकार न करें कि 'सम्मान अर्जित किया जाता है', बल्कि तुरंत सम्मान दें, और यह व्यक्ति पर निर्भर है कि वह अपने व्यवहार के आधार पर इसे बनाए रखे या खोए।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत सबसे आगे



नागरिक विमानन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद से संबंधित हवाई दुर्घटना कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि भारत आतंकवाद की समस्या से निपटने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। इनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई थे। इस बम विस्फोट का आरोप सिख आतंकवादियों पर लगाया गया था। यह विस्फोट कथित तौर पर 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए किए गए 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के प्रतिशोध में किया गया था। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बम विस्फोट की बरसी पर एक स्मृति कार्यक्रम की योजना बनाई है। वैंकूवर स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर लिखा, 'भारत आतंकवाद के खतरे का मुकाबला करने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।'

## ऑफ बीट

# मजे के लिए पक्षियों को तीखे रसायन की तलाश



पक्षियों को विभिन्न कारणों से तीखे रसायनों की तलाश रहती है। कुछ पक्षी सड़े फलों को बड़े चाव से खाते हैं और इसके दुष्परिणाम भुगतते हैं। कुछ पक्षी बदबूदार चींटियों के संपर्क में रहते हैं। ये चींटियाँ उपयोगी रोगाणुरोधी और कीट विकर्षक का उत्पादन करती हैं। हमारे हालिया शोध में, मेरे सहयोगियों और मैंने नॉरफ़ॉक द्वीप के हरे तोतों को शिकार के दौरान अपने पंखों और त्वचा पर काली मिर्च के पेड़ की छाल और कोंपलों लगाते हुए देखा। हमारा मानना है कि यह किसी पक्षी द्वारा परजीवियों से छुटकारा पाने के लिए पौधों के पदार्थ का उपयोग करने का एक दुर्लभ उदाहरण है। लेकिन इसमें और भी कुछ हो सकता है। ऐसा लगता है कि ये पक्षी इस सब में आनंद ले रहे हैं। एक सदी से भी अधिक समय से, वैज्ञानिक चींटी के उद्देश्य पर उलझन में हैं। जब पक्षी इस तरह के व्यवहार में संलग्न होते हैं, तो वे या तो सक्रिय रूप से चींटियों को फैलाते हैं या बस चींटियों को अपने पंखों के माध्यम से चलने देते हैं। बचाव में चींटियाँ फॉर्मिक एसिड छोड़ती हैं। क्या पक्षी इस एसिड से मजा लेते हैं? हो सकता है कि काली मिर्च के पेड़ की छाल का औषधीय प्रभाव भी अधिक हो। इसकी अत्यधिक संभावना है कि ऐसी स्व-चिकित्सा उत्तेजक होती है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## निजी स्कूल संचालकों की बैठक संपन्न

# जबलपुर से कार्यवाही की शुरूआत तो खामियों को सुधारने के प्रयास भी जबलपुर से : कलेक्टर

### स्कूलों को बंद रखने के बारे में फैसला बच्चों के हित को ध्यान में रखकर ही लें

जबलपुर।

**निजी स्कूलों की मनमानी के विरूद्ध कार्यवाही की शुरूआत यदि जबलपुर से हुई है तो सिस्टम आई खामियों को सुधारने के प्रयास भी जबलपुर से ही होना चाहिए। इससे प्रदेश और देश में अच्छा संदेश जायेगा और निजी स्कूलों को लेकर अभिभावकों, बच्चों और समाज में बनी खराब धारणा दूर होगी। यह बात कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने जबलपुर में निजी स्कूलों को बंद रखने के संबंध में बनी भ्रमपूर्ण स्थिति को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कही।**

**प्रशासन बच्चों के हितों को देगा सर्वोच्च प्राथमिकता**





कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि आम जनमानस ने निजी स्कूल को लेकर बने माहौल पर शाला संचालकों एवं प्रबंधकों को आत्म अवलोकन करना होगा और उनमें जो भी गलतियां हुई उसे कैसे दूर किया जा सकता है इस बारे में विचार करना होगा। यदि निजी स्कूल संचालक ऐसा निर्णय लेते है और इस पर अमल करते हैं तो पूरे प्रदेश में और यहां तक कि देश में जबलपुर को लेकर अच्छा संदेश जायेगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निजी स्कूलों के प्रति प्रशासन का कोई दुराग्रह नहीं है। जिन स्कूलों के विरूद्ध कार्यवाहियां हुई हैं उसके पीछे भी प्रशासन का कोई दुराभाव नहीं था। उन्हें अभिभावकों की शिकायतों पर की गई जांच में पाई गई गलतियां सुधारने का पर्याप्त मौका दिया गया था।

बैठक में कलेक्टर श्री सक्सेना निजी स्कूलों के विरूद्ध प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही को लेकर व्यक्त किये गये विचारों को भी सुना। उन्होंने साफ किया कि यदि शाला प्रबंधन अच्छे इरादे के साथ गलतियों को सुधारने के लिए तैयार है तो प्रशासन उन्हें पूरा अवसर देगा और सहयोग भी करेगा। श्री सक्सेना ने कहा कि प्रशासन भी नहीं चाहता कि निजी स्कूलों के प्रबंधन के खिलाफ इस तरह की कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि गलतियां सभी से होती है लेकिन यदि मंशा अच्छी हो और गलतियों को समय रहते सुधार लिया जाये तो किसी को भी कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

कलेक्टर ने बैठक में निजी स्कूल की फीस को लेकर बनाये गये अधिनियम का पालन करने भी निजी स्कूल संचालकों से कहा। उन्होंने स्कूल संचालकों को पोर्टल पर फीस स्ट्रक्चर की जानकारी अपलोड करने में आ रही कठिनाईयों को दूर करने के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने का आश्वासन भी दिया। श्री सक्सेना ने पाठ्य पुस्ताकें पर आईएसबीएन नम्बर को लेकर भी एक बार फिर स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों को आईएसबीएन नंबर की किताबें पाठ्यक्रम में लागू करने की अनिवार्यता नहीं है। स्कूल बिना आईएसबीएन नंबर की किताबे भी पाठ्यक्रम में शामिल कर सकते हैं। लेकिन फर्जी या नकली आईएसबीएन नंबर की किताबे पाठ्यक्रम में शामिल करना अपराध माना जायेगा। उन्होंने कहा कि शाला संचालकों को किसी भी किताब को पाठ्यक्रम में शामिल करने के पहले देखना होगा कि उस किताब के कंटेंट क्या है, उसकी खूबियां क्या है। इसके साथ ही उसकी कीमत और उपलब्धता को भी ध्यान में रखना चाहिए तथा अगले शैक्षणिक सत्र में लगने वाली किताबों की जानकारी सितम्बर माह तक सूचना पटल पर चस्पा कर देना चाहिए।

कलेक्टर ने बैठक में स्कूल संचालकों से कहा कि उन्हें वह ध्यान रखना होगा कि वे इस व्यवसाय से सिर्फ पैसा कमाने नहीं आये है। यदि उनकी संस्था में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी तो उनकी प्रतिष्ठा भी बढेगी और प्रतिष्ठाा बढ़ने के साथ आय भी बढेगी। लेकिन हो यह रहा कि ज्यादा मुनाफा बनाने की चक्कर में निजी स्कूल प्रबंधन अपराधिक श्रेणी में आने वाले कृत्यों से भी लिप्त हो जाना है। इससे सभी को बचना करेगा।श्री सक्सेना ने बैठक में निजी स्कूल संचालकों से स्कूलों को बंद रखने को लेकर बनी भ्रामक स्थिति को जल्दी दूर करने की अपेक्षा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शाला संचालक जो भी फैसला लेंगे वो बच्चों के हित को सर्वोपरि मानकर ही लेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर मिशा सिंह, जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, निजी स्कूलों के संचालक एवं निजी स्कूल ऐसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद थे।



## जलसंकट को लेकर कांग्रेसियों ने घेरा नगर निगम

**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शहीद अब्दुल हमीद वार्ड स्थित रजा चौक में करीब 1 किलोमीटर दूर मिल्क स्कीम, संजय नगर कंचनपुर वाटर टैंक से पानी आता है। करीब 20-25 दिनों से रजा चौक की दो गलियों यानी तकरीबन 100 घरों में पानी नहीं आ रहा है। जबकि आनंद नगर पानी टंकी पास ही है। इसके बावजूद क्षेत्र में जलसंकट बना हुआ है और ऱजा चौक, आनंद नगर से एक 14 इंची पानी पाईप लाईन अब्दुल हमीद वार्ड की बार्डर से होते हुये रजा चौक चौराहे में ब्लॉक हुई है जहाँ पर जल संकट बना हुआ है। जिसको लेकर क्षेत्र के परेशान नगरिकों ने नगर निगम मुख्यालय परिसर पहुंचकर प्रदर्शन किया और जलसंकट से निजात दिलाने मांग दोहराई। ज्ञापन सौपते वक्त आसिफ इकबाल, शेख फारूक रिजवान अली कोटी, फिजू खान, हाजी गोलू वेल्डर, जीशान खान, एजाज अंसारी, शफी खान,राजा भाई, जमील मंसूरी, फारूक पठान रिजवान अंसारी, नसीम खान, हाफिज मंसूरी, माजिद मंसूरी, शमशाद मंसूरी, रज्जाक खान, आरिफ मंसूरी, शमीम मंसूरी, शाहबाज मंसूरी, शफीक बाबा,हसीब आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बढ़े बिजली बिलों को लेकर विजय नगर संभाग में हंगामा

### दफ्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की तोड़फोड़

जबलपुर।

स्मार्ट मीटर लगने के बाद बढ़े हुये बिजली बिलों को लेकर विजय नगर संभाग के कार्यपालन यंत्री कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया, तोड़फोड़ कर दी। हालात बेकाबू होने पर पुलिस को बुलाना पड़ा, इस बीच भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू और क्षेऽत्रीय विधायक अभिलाष पांडे मौके पर पहुंचे और कार्यकताओं को नियंत्रित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बिजली विभाग के एई न तो काम करते हैं न जन समस्याओं का निदान करते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय नगर विद्युत कार्यालय में उपभोक्ताओं द्वारा बढ़े हुये बिजली बिल को लेकर असंतोष जताया जा रहा था। लेकिन विद्युत विभाग द्वारा यह तर्प दिया जा रहा था कि गर्मी में बिजली की ज्यादा खपत होने के कारण बिल ज्यादा आ रहे हैं। स्मार्ट मीटर का उससे कुछ लेना देना नहीं है। इस बात को लेकर लोग भड़क गये। उन्होंने तोड़फोड़ शुरु कर दी। दफ्तर में रखी कुर्सी टेबल पलटा दी। इस बीच अच्छा खासा हंगामा खड़ा हो गया। मौके पर पुलिस बल बुला लिया गया। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, विधायक अभिलाष पांडे सहित कई पार्षद मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने की कोशिश की। इस घटना पर टिप्पणी करते हुये नगर अध्यक्ष श्री साहू और विधायक श्री पांडे ने कहा कि स्मार्ट मीटर बिलों में अनियमित्ताओं को लेकर बहुत आक्रोश है, विद्युत विभाग इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को सुलझाने के लिये वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। तब भी बात नहीं बनी तो शासन स्तर पर ध्यानाकर्षण कराया जाएगा। जबकी विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिये विभाग पूरी तरह से तत्पर है लेकिन इस तरह की हिंसक घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। दोषी कोई भी इस मामले में कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



## नौनिहालों के भविष्य से संगठित होकर किया गया गंभीर अपराध

**अदालत ने तल्ख टिप्पणी के साथ निरस्त की इंदुरख्या बंधुओं की जमानत**

**जबलपुर।** सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश शशि भूषण शर्मा की अदालत ने जबलपुर के बहुचर्चित अवैध फीस वसूली व पाठय़पुस्तक घोटाले के आरोप के मामले में आरोपित स्कूल पाठय़ सामग्री विक्रेता इंदुरख्या बंधुओं आलोक कुमार व श्रीराम की जमानत अर्जियां निरस्त कर दीं। अदालत ने अपने आदेश में आरोपितों द्वारा नौनिहालों के भविष्य से संगठित होकर अपराध करने की तल्ख टिप्पणी भी की। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह के गंभीर अपराध के जरिये बच्चों को शिक्षा से वंचित रखने का अनुचित व निंदनीय प्रयास किया गया। इस तरह की हरकतों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो सकता है। इस प्रकरण में आरोपितों की औपचारिक गिरफ्तारी की गई है। उनके विरुद्ध दो अन्य अपराध दर्ज हैं। अनुसंधान जारी है। लिहाजा, वर्तमान परिस्थिति में जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपितों पर गंभीर प्रकृति का आरोप है। अतः जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। आरोपितों ने कुछ पाठय़पुस्तकें दिल्ली से खरीदकर लाई जाती थीं। इसके बाद उनके आईएसबीएन नंबर के आधार पर स्वयं के द्वारा बहुत सारी पुस्तकें छापी जाती थीं। साथ ही अनुचित मूल्य पर विक्रय की जाती थीं। यह रवैया कूटरचना की कोटि में आता है। इसीलिए अजय उमेश जेम्स, एलएम साठे, एकता पीटर, साजी थामस, ललित सोलोमन, आलोक इंदुरख्या व श्रीराम इंदुरख्या को धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत आरोपित बनाया गया।

## फर्जी तरीके से कार बेचने का मामला

## आयकर विभाग जबलपुर में सहायक आयुक्त को नोटिस

**जबलपुर।** फर्जी तरीके से कार बेचने के एक मामले में हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने आयकर विभाग जबलपुर में सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थ (वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर नई दिल्ली) श्रीकांत नामदेव को फ्रेश नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने उन्हें 4 सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए। इसके पहले हाईकोर्ट ने 5 मार्च को श्रीकांत नामदेव व उनकी बहन श्रीमती लक्ष्मी नामदेव को नोटिस जारी किए थे। लक्ष्मी की ओर से जवाब आया, लेकिन श्रीकांत की ओर से कोई हाजिर नहीं हुआ, इसलिए कोर्ट ने दोबारा नोटिस जारी किए।पन्ना निवासी डॉ संत कुमार नामदेव ने याचिका दायर कर बताया कि उसके पास मारुति कंपनी की एक कार थी। वर्ष 2010 में यह उनके नाम पर हुई थी। याचिका में बताया गया कि श्रीकांत नामदेव ने 17 जून 2021 को उनसे कार मांगी। कुछ दिन बाद जब कार वापस मांगी तो श्रीकांत ने मना कर दिया। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में जबलपुर पुलिस में भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिका में आरोप है कि चूंकि अनावेदक आयकर अधिकारी है, इसलिए उनके पद के प्रभाव में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।



## उपराष्ट्रपति का नगर आगमन पर डुमना में आत्मीय स्वागत

जबलपुर।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जबलपुर के डुमना विमानतल पर आगमन पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकासमंत्री प्रहलाद पटेल, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी, अभिलाष पांडे, संतोष बरकड़े, नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज ने अगवानी कर स्वागत किया। इस अवसर पर आईजी अनिल कुशवाहा, डीआईजी टीके विद्यार्थी, कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने उपराष्ट्रपति की भावभीनी अगवानी की। इस मौके पर कई भाजपा नेता, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। डुमना में कुछ देर रुकने के बाद डिंडोरी में सिकिल सेल पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रवाना हो गए। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पुनः हेलीकॉप्टर से उपराष्ट्रपति का डुमना विमानतल पर आगमन हुआ। यहां से भारतीय वायुसेना के विमान से नई दिल्ली रवाना होने के पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, रंजीत पटेल, श्रीमती रूपा राव, विनय अमलाथे, चित्रकान्त शर्मा, शिवराम बेन भी मौजूद थे।

### इस महीने फायनल स्वरुप में आ सकती है नगर सत्ता

## सत्ता पक्ष को एमआईसी और विपक्ष को नेता प्रतिपक्ष की तलाश

जबलपुर।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के भाजपा मे जाने के बाद से नगर निगम के विभागो और काम काज मे जो गैप आया है। वो आज कई महीने बीतने के बाद भी भरा नही जा सकता है। हालांकी इसकी वजह महापौर नहीं है, भाजपा और कांग्रेस मे मची आंतरिक उठापठक अधिक है। जिसके चलते जहां एक तरफ शेष एमआईसी घोषित नहीं हो पाई है, जिससे विभागों के काम काज अधिकारियों पर निर्भर चल रही है। वही दूसरी तरफ करीब 29 पार्षदों वाला विपक्ष बिना ड्रायवर की गाड़ी बन गया है। आज न सत्ता का पक्ष निगम मे मजबूत है और न विपक्ष एक जुट है। नतीजे मे नगर निगम अधिकारी राज हावी दिख रहा है। अव्यवस्था से कराहते शहर मे अब जब धारा 30 और बजट सत्र जैसी महत्वपूर्ण बैठक होना है तब सवाल सबसे बड़ा यही है कि विपक्ष की तरफ से जनता का सवाल रखेगा कौन और सत्ता की तरफ से जवाब कौन देगा।

### जून के पहले होगी नियुक्ति

कांग्रेस और भाजपा संगठन सूत्रों की माने तो आने वाले 11 दिनो मे शेष बचे विभागों मे मेयर इन काउंसिल सदस्य घोषित कर दिये जाएंगे। वही कांग्रेस खेमे से भी नेता प्रतिपक्ष और सचेतक की स्थिति साफ हो जाएगी। क्योकि अब यदि जून समाप्ति से पूर्व नगर निगम पटरी पर नही आया तो मानसून और फिर बारिश मे त्राही तो मचेगी, साथ साथ अन्य सामान्य काम काज भी पटरी से उतर जाएंगे।

### नेता प्रतिपक्ष कौन

बताया जा रहा है कि कांग्रेस खेमे से वही अमरीष मिश्रा और आयोध्या तिवारी का नाम ही अंतिम दो मे है। लेकिन बीते कई महीने से जब इन्ही का नाम अंतिम दो मे है तब फिर चयन क्यो नही किया जा रहा है। बताया जा रहा है एक विधायक एक पार्षद के लिये अपना वीटो लगा रहे है, वही दो पूर्व एक पार्षद के लिये अपना ताकत लगा रहे है। जिसकी वजह से पूरी कांग्रेस मिलकर दो नाम में भी एक पर सहमत नही हो पा रही है। फिर भी संभावना है सप्ताहांत तक चयन हो जाएगा।

### सचेतक बनाएगा समन्वय

बताया जा रहा है कांग्रेस पार्षदों मे फूट और टूट को कम करने के लिये कांग्रेस उपनेता प्रतिपक्ष और सचेतक भी बनाएगी। जिसमे एक अल्पसंख्यक और एक युवा पार्षद को मौका दिया जाएगा।

### पुरानों का अंतिम प्रयास जारी

महापौर के कांग्रेस में जाने के बात जब एमआईसी का चयन हुआ तो कमलेश अग्रवाल, लवलीन आनंद, महेश राजपूत जैसे प्रभावी नामों को दरकिनार कर पार्टी ने युवाओं को मौका दिया। एमआईसी के शेष पदों पर जब नियुक्ति होने जा रही है। तब वरिष्ठ नाम एक बार फिर जोर लगा रहे है। उनके लिये समस्या यह है कि एमआईसी में विधायकों का प्रभाव चलने लगा है और विधायकों का रुझान युवा चेहरों पर ही है।

ईसीसी सोसायटी डेलीगेट चुनाव 26 जून को

# वेस्ट सेंट्रल रेल मजदूर संघ करेगा डिजिटल लेनदेन

**जबलपुर।** 110 वर्षे से पुराने ढर्रे पर चल रही लाल झंडा संचालित सोसायटी को आज के हिसाब से डिजिटल नेट बेकिंग व पारदर्शी कार्यप्रणाली के साथ सस्ती ब्याज दर पर घटते क्रम में मोबाईल एप के माध्यम से लोन देने का संकल्प वेस्ट सेन्ट्रर रेलवे मजदूर संघ ने लिया। संघ प्रवक्ता सतीष कुमार ने बताया कि संघ के अध्यक्ष सीएम उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा के निर्देशन में आगामी 26 जून 2024 को होने वाले ईसीसी डेलीगेट चुनाव का घोषणा पत्र जारी किया गया जो कि संघ के मंडल सचिव डीपी अग्रवाल के अनुसार घोषणा पत्र में ईसीसी सोसायटी का पूरा कामकाज आनलाईन, मोबाईल एप द्वारा लेन देन की व्यवस्था किया जायेगा। फिजिकल फोन आवेदन बंद किया जायेगा। लोने लेने के लिये श्योरटी की पुरानी व्यवस्था को हटाया जायेगा। लोन की सुरक्षा के लिये लोन का बीमा कराया जायेगा जिससे कर्मचारी के साथ दुर्घटना होने पर लोन की वसूली 2 श्योरटी देने वाले कर्मचारी या घर वालो से नहीं वसूली जायेगी। लोन पर ब्याज दर घटते क्रम में (रिडयूसिंग रेट) पर लिया जायेगा, एव समय पूर्व भुगतान करने की सुविधा होगी। जिसमें शेष अवधि की ब्याज राशि माफ की जायेगी। कर्मचारी की सेवाकाल में मृत्यु होने पर पूरा लोन माफ किया जायेगा। एसएमएस द्वारा सभी लेन देन की सूचना दी जायेगी, ईसीसी सोसायटी में भर्ती रेलवे कर्मचारियों के बच्चो से पारदर्शी तरीके से की सभी लोन की किस्त संख्या सीएमटीडी बेलेन्स , सेविंग एकाउन्ट बेलेन्स एवं लेने देन की सूचना दी जायेगी ,सस्पेंस एकाउंट का डिटेल पारदर्शी होगा जिसकी जानकारी प्रत्येक शेयर नगद भुगतान की व्यवस्था की जायेगी।

मंथली डिपाजिट में कई तरह की योजना लायी जायेगी जिससे शेयर हाल्डर को उचित ब्याज के साथ वित्तीय लाभ मिल सके, शेयर होल्डर्स के बच्चे को दी जाने एकाउंट की राशि का उपयोग रेल कर्मचारियों के बच्चो को विषेष कोचिंग देने रेल परिवार की कल्याण कारी योजनाओं में खर्च किया जायेगा। जिससे रेल परिवार को सर्वांगीण विकास हो सके, एनकेजे में पुन



होल्डर को होगी, ईसीसी सोसायटी द्वारा वाहन लोन दिया जायेगा, सीएमटीडी की आंशिक राशि को समय-समय पर निकालने की सुविधा दी जायेगी, ईसीसी सोसायटी द्वारा होम लोन देने का प्रयास किया जायेगा,, बचत खाता से कुछ राशि वाली पुरूस्कार राशि को ऑन लाईन भुगतान कराने की सुविधा दी जायेगी। वर्तमान में लोन की अधिकतम 60 किश्तो को बढ़ाकर 120 किश्तो तक किया जायेगा, ईसीसी खाते को एचआरएमएस से लिंक कराने का प्रयास किया जायेगा, सस्पेंस सोसायटी की सबब्रांच खोली जायेगी व पूर्ण सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, ईसीसी सोसायटी में कार्यरत कर्मचारियों को शेयर होल्डर के साथ सदभाव से ब्यौहार व बातचीत करने हेतु निर्देषित किया जायेगा। षिकायत आने पर कार्यवाही की जायेगी।



बच्चों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया

# बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें- पुष्पराज बघेल

**सिहोरा।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी आदेश अनुसार 18 से 20 जून तक शालाओं में प्रवेश उत्सव एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है इसी तारतम में शासकीय प्राथमिक शाला माल्हा में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल ने कक्षा 1 से 5 तक अध्ययन बच्चों से रूबरू हुए उन्होंने सबसे पहले नव प्रवेशी बच्चों का तिलक वंदन कर पुष्पहारों से स्वागत किया और बच्चों को लड्डू भी खिलाएं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तके वा अपनी ओर से शिक्षण सामग्री वितरण करते हुए मुख्य अतिथि ने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि कोई भी बच्चा शाला त्यागी या अप्रवेशी ना रहे 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है यही सरकार और शासन की मंशा है इसके लिए अभिभावकों का जागरूक होना अति आवश्यक है। उन्होने खेल खेल में शिक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक भी किया। स्कूल चले हम अभियान कार्यक्रम में पूर्व सरपंच अजय कोरी, पूर्व जनपद सदस्य महेश सेन, अंजनी मिश्रा, शाला प्रभारी उत्तम प्रसाद तिवारी, श्रीमती शशि लखेरा, आरती दुबे एवं ग्राम वासियों में लखन लाल पटेल, पंडित वासुदेव मिश्रा, अंजनी मिश्रा, हरिशंकर तिवारी, विजय चौरसिया, चमन असाटी, भागचंद साहू आदि उपस्थित रहे।



स्टेशन में स्वच्छता व पेयजल व्यवस्था रखने निर्देश

# सीनियर डीसीएम ने किया कटनी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के कटनी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन के तहत किए जा रहे विकास कार्यो का सीनियर, डीसीएम व अन्य रेल अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेशन में यात्री सुविधाओं का जायजा भी लिया गया और अद्योसंरचना विकास कार्य की प्रगति को देखा गया। सीनियर डीसीएम डॉ.मधुर वर्मा के साथ ही वाणिज्य निरीक्षको की टीम ने इस अवसर पर कटनी स्टेशन पर हो रहे आधुनिक संरचना विकास के कार्य के साथ ही यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे द्वारा उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा।

इस निरीक्षण के अवसर पर डॉ. वर्मा ने आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट घर के साथ ही रेलवे कैंटीन में खाद्य एवं पेय जल आदि सामग्री की भी जांच की गई। जांच मे फायर एक्सटिंगशर तथा भुगतान हेतु क्यू आर कोड के स्टीकर एवं फ़ोन पे मशीन उपलब्ध एवं संचालित पाई गई।

पार्सल, पार्किंग व्यवस्था एवं टिकट चेकिंग स्टाफ से मुलाकात करते हुए स्टेशन के प्रसाधनों को साफ स्वच्छ रखने एवं प्लेटफॉर्म एरिया पर सफाई करने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में उचित पेयजल व्यवस्था, ख़ान पान स्टाल आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाये आदि का निरीक्षण के दौरान स्टेशन में ट्रेनों के संचालन के साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता आदि की भी जांच की गई तथा यात्रियों की सुविधा के साथ निर्माण कार्य जारी रखने के लिए एजेंसी को निर्देशित किया गया।

## मानव सेवा के रूप मे कांग्रेस ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिवस

**जबलपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी जन्मदिन मानव सेवा के लिए समर्पित था। जिसके तहत कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय नेता एवं सांसद आदरणीय राहुल गांधी के जन्मदिन को कांग्रेस ने मानव सेवा के रूप में मनाया गया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने बताया कांग्रेस ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राहुल गांधी के जन्म दिवस पर विक्टोरिया अस्पताल में इलाजरत गरीब परिवारों के बीच मानव कर सेवा फल वितरण किया एवं चिकित्सा ले रहे। परिवार का हाल-चाल भी जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता दिनेश यादव, पार्षद गुड्डू नबी,संतोष पंडा,अयोध्या तिवारी, अतुल बाजपेई, विजय रजक, रीतेश गुप्ता, झल्लेलाल जैन, मनोज नामदेव, सुरेन्द्र यादव,रामदास यादव, रिजवान अली कोटी, चमन पासी, रवि पटेल, पूजा सिंह, शावान मसूरी, दिलीप साहू, प्रवेन्द्र चौहान, मति इंदु सोनकर, पूजा सिंह गोपाल सिंह लोधी, शिशांक सिंह ठाकुर, विष्णु विनोदिया, एजाज अंसारी, सहित बड़ी संख्या में शहर जिला कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# जनपद अध्यक्ष रश्मि की सांसद आशीष दुबे से भेंट



**सिहोरा।** विगत दिनों जबलपुर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद आशीष दुबे से उनके निवास पर जनपद पंचायत सिहोरा की अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री ने भेट कर बधाई दी तथा जनपद पंचायत क्षेत्र में विकास को और गति देने के लिए तथा केंद्र एंव प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए भी चर्चा की। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे।

# ओल्ड एज पेंशन स्कीम से बुजुर्गों को बाहर किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 1 लाख से अधिक बुजुर्गों को हर माह 600 पेंशन देना बेवजह बंद करना अमानवीय और बेतुका है। प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा बुजुर्ग पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री अविवाहित पेंशन स्कीम, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं को पैसे के अभाव में समाप्त का निर्णय लाभार्थियों के हितों के साथ कुठारा घात है। कोष्टा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होते हुए प्रदेश सरकार का खजाना खाली होना और आरबीआई द्वारा प्रदेश सरकार को कर्ज देने से मना किया जाना प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। सरकार ने चुनाव के वक्त वोट बटोरने के लिए अनाप-शनाप घोषणाएं तो कर दी अब सरकार जनहित के कार्यों के लिए भी बजट आवंटित नहीं कर रही। प्रदेश सरकार अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकती वह केंद्र से आर्थिक मदद ले।

# स्कूल चलें हम अभियान, हुआ अभिभावक सम्मेलन

**पाटन।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत द्वितीय दिवस में प्राथमिक शाला मादा में हुआ अभिभावक सम्मेलन। जिसमें अभिभावकों ने छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार पर अपने-अपने विचार रखे एवं ग्राम के सभी बच्चों का प्रवेश शासकीय शाला में हो इसका समर्थन किया एवं शासन द्वारा छात्रों को दी जा रही सभी योजनाओं चाहे गणवेश, साइकिल, छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन, निशुल्क पाठय पुस्तक, इत्यादि की सराहना की। पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष द्वारा सभी छात्रों को सत्र 2024, 25 हेतु पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।

शाला प्रभारी वीरेंद्र ठाकुर द्वारा शिक्षा मंत्री का अभिभावकों के नाम संदेश का वाचन किया गया एवं सभी उपस्थित पालकों एवं छात्रों को संदेश की एक प्रति प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत शिक्षक राजेश नायक द्वारा वर्तमान शिक्षा के परिदृश्य एवं भविष्य निर्माण में शिक्षा के



योगदान पर अपना प्रेरणादाई उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक राजेश नायक, जन शिक्षक अवधेश यादव, अरविंद तिवारी, पत्रकार शेख आसिफ, साला प्रभारी वीरेंद्र ठाकुर, शिक्षिका श्रीमती सत्यवती ठाकुर, गरीबदास यादव, मगन पटेल, सविता ठाकुर, गौराबाई, नीमा बाई, सुनीता चडार पंच शेख मुन्ना आदि पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री की पहल पर महापौर कार्यालय में पूर्व विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक

**जबलपुर।** शहर के सभी 79 वार्डे में नगर निगम द्वारा समानता का भाव प्रगट करते हुए अद्योसंरचना एवं विकास कार्ये के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं में भी विस्तारीकरण किया जा रहा है। विकास कार्ये की गति पहले की अपेक्षा अभी काफी तेजी से बढी है, जिसकी समीक्षा लगातार की जा रही है और उसमें क्या बेहतर हो सकता है, नागरिकों के लिए और क्या अच्छा कर सकते हैं पर विचार कर निर्णय लिये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अंचल सोनकर की पहल पर क्षेत्रों में कराये जा रहे कार्ये, जल प्लावन, जल वितरण व्यवस्था के साथ-साथ अद्योसंरचना एवं विकास कार्ये के संबंध में भी समीक्षा बैठक महापौर कार्यालय में महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर, के साथ-साथ पूर्व विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्षद क्रमश महेश सिंह राजपूत, विमल राय, श्रीमती माधुरी सोनकर, श्रीमती अनीता जाट, जितेन्द्र कश्यप गोवर्धन, अविनाश चमकेल, श्रीमती वर्षा मुकेश बिरहा, श्रीमती मनीषा मनीष अग्रहरी, एवं रिषि सोनकर, योगेश लोखंडे, राहुल दुबे, निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव, उपायुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, आर.के. गुप्ता, के साथ-साथ जल, लोककर्म, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" के द्वारा शहर के साथ-साथ पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्डे में कराये जा रहे कार्ये को लेकर मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर ने काफी प्रशंसा की। उन्होंने सभी कार्ये को और गति प्रदान करने तथा नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं में और बेहतर ढंग से बढ़ोत्तरी करने के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि पूर्व विधानसभा क्षेत्र को और बेहतर बनाया जाना है। जिस पर महापौर ने कहा कि निश्चित रूप से पूर्व विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डे में और बेहतर कार्य कराये जायेगें जिससे कि विधानसभा क्षेत्र के वार्डे की तस्वीर बदलेगी और बहुत शीघ्र ही पूर्व विधानसभा क्षेत्र आदर्श क्षेत्र के रूप में जाना जायेगा।

## रेलवे फाटक के पास घूमते मिला तड़ीपार

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत शिवनगर रेलवे फाटक के पास जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने वालें आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि आरापी अपराधिक प्रवृत्ति का युवक है जिसके विरुद्ध कई अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय मे विचाराधीन है और जिला दंडाधिकारी द्वारा उसे 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया गया था। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भवानी फ्लावर्स के पास मदनमहल निवासी 22 वर्षीय धीरेंद्र सोंधिया उर्फ रवि बुधवार को शिव नगर रेलवे फाटक के पास घूम रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने वालें आरोपी धीरेंद्र सोंधिया उर्फ रवि को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 188 के तहत एंव 14 म0प्र0 राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## शराब पीने रुपए नहीं देने पर डंडे से हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत झंडा चौक बड़ी मदार टेकरी में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक युवक पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी मदार टेकरी हनुमानताल निवासी 28 वर्षीय आकाश चौधरी गत सुबह 3.30 बजे चंडालभाटा से वापस अपने घर आ रहा था, जैसे ही झंडा चौक बड़ी मदार टेकरी पहुंचा तभी वहां विलियम चौधरी मिला और शराब पीने के लिए 200 रुपए की मांग करने लगा, रुपए देने से मना करने पर विलियम ने आकाश के सिर पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 327 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती सुखिया बाई कुशवाहा-** लालमाटी चाचा किराना के पास निवासी श्री राम मिलन कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती सुखिया बाई कुशवाहा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती हेमलता बेन-** सेठी नगर एफसीआई गोदाम के पास निवासी श्री सुरेश बेन की धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता बेन (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती परमेश्वरी-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री वासुदेव की धर्मपत्नी श्रीमती परमेश्वरी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चुन्नी लाल ताम्रकार-** गली नं. 7 शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री चुन्नी लाल ताम्रकार (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश सिंह-** छोटी ओमती राम मंदिर के पास निवासी श्री मुकेश सिंह (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जय नायडू-** गोरखपुर निवासी श्री जय नायडू (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश कोरी-** पूर्वी करियापाथर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री हीरा लाल के पुत्र श्री आकाश कोरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजभान सतनामी-** चंडालभाटा बड़े पीपल के पास निवासी श्री राजभान सतनामी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष जाटव-** भानतलैया निवासी श्री संतोष जाटव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुकेश संतोषी-** बड़ी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री मुकेश संतोषी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |


सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## दोनों राज्यों के लिए हो सकता है विशेष पैकेज का बजटीय प्रावधान

# न आंध्र को मिलेगा विशेष राज्य का दर्जा न बिहार को, चंद्रबाबू के साथ चलेगा शह और मात का गेम

शिशिर सोनी ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष



आंध्रप्रदेश और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने का प्रावधान केंद्रीय बजट में इस बार करना आसान नहीं। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इसके संकेत दे दिये गये हैं। सत्ता प्रतिष्ठान से जुडे विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि कई राज्यों की ओर से ऐसी मांगें केंद्र के पास हैं। लेकिन आगामी बजट सत्र में दोनों राज्यों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की गुंजाइश है। सवाल ये है कि इस फार्मूले पर क्या दोनों प्रदेश के मुख्यमंत्री तैयार हैं? सूत्रों ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बात को समझते हैं। यही वजह है कि उन्होंने लोकसभा में स्पीकर पद पर भाजपा द्वारा नामित नेता को समर्थन देने का एलान किया है। जब कि तेलुगूदेशम सुप्रीमो और आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने स्पीकर के पद पर सर्वसम्मति के निर्णय पर जोर देकर लगातार दबाव बनाया हुआ है। पिछले दिनों आंध्र के मुख्यमंत्री ने अपने खास सिपहसालार को दिल्ली भेजकर ये समझाने की कोशिश थी कि उन्हें चुनाव में किये गये वायदे पूरे करने के लिए 60 हजार करोड रुपये सालाना का स्पष्ट खर्चा दिख रहा है। जाहिर है ये स्टेट फंड से होगा। जब कि स्टेट बजट पहले से ही 55 हजार 817 करोड रुपये का वित्तीय घाटे का अनुमान 31 मार्च 2024 तक का इंगित कर रहा है। चंद्रबाबू ने आंध्र के वोटरों के साथ 3 हजार रुपया सालाना बेरोजगारी भत्ता जैसे कई अन्य लुभावने वायदे किये थे। चुनाव जीतने के बाद जाहिर है उन्हें घोषणा पत्र लागू करने के लिए बजटीय प्रावधान चाहिए। मगर भाजपा पूरी तरह ऐसे किसी भी मुफ्त रेवडी के खिलाफ रही है। सूत्रों ने बताया कि यही वजह है कि चंद्रबाबू के भेजे गये उक्त सिपहसालार को ताकीद की गई है कि परियोजना व्यय को बढाकर विशेष पैकेज में बजटीय प्रावधान किया जा सकता है। जैसे अमरावती को नई राजधानी बनानी है तो उसके बजटीय प्रावधानों को बढाया जा सकता है। मगर चंद्रबाबू इसके लिए राजी नहीं बताये जा रहे हैं। यही वजह है कि लोकसभा स्पीकर के चुनाव के बहाने उन्होंने भाजपा शीर्ष नेतृत्व पर आर्थिक मदद के लिए लगातार दबाव बनाया हुआ है।

### केंद्र के पास है प्लान-बी

शीर्षस्थ सूत्रों ने साफ कहा कि राजग के किसी भी साथी दल के किसी भी दबाव के आगे केंद्र सरकार झुकेगी इसकी संभावना बेहद कम है। यही वजह है कि चंद्रबाबू को मनाने की कोशिश एक तरफ की जा रही है। वहीं आंध्र के पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी के साथ भी परदे के पीछे बातचीत चल रही है। जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस से 11 सांसद राज्यसभा में हैं, 4 लोकसभा में। जब कि राज्यसभा में चंद्रबाबू की टीडीपी से एक भी सांसद नहीं है। सो, भाजपा के रणनीतिकारों ने वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल के साथ मिलकर बैकअप प्लान तैयार किया हुआ है।

## पश्चिम बंगाल में टीएमसी पोषित हिंसा से मानवता शर्मसार : बिप्लब देब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



■ भाजपा की जांच टीम ने बंगाल में हिंसा पीड़ति लोगों से की मुलाकात

सांसद एवं त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी पोषित हिंसा ने जो तांडव मचाया है उससे मानवता भी शर्मसार हुई है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य की मुख्यमंत्री महिला हैं उस राज्य में महिलाएं ही सुरक्षित नहीं हैं और राजनीतिक हिंसा का शिकार हो रही हैं। देब ने कहा कि कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र की अनुसूचित जाति की एक महिला भाजपा कार्यकर्त्ता के साथ हुए बलात्कार ने इंसानियत को तार-तार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा गठित चार सदस्यीय फैक्ट फाईंडिंग टीम ने राज्यपाल डा. सीवी आनंद बोस से भी मुलाकात की और टीएमसी कार्यकर्ताओं द्वारा की गई बर्बरता के बारे में अवगत कराया। बिप्लब कुमार देब की अगुवाई में गठित टीम में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल और सांसद कविता पाटीदार शामिल हैं।

## महुआ शराब पीने से महिला समेत तीन लोगों की हुई मौत

**कोरबा।** कोरबा जिले के करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कोटमेर में महुआ की शराब पीने से एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचना मालती बाई (50), राम सिंह (60) और वेदराम (49) के रूप मे हुई है। तीन घर में साथ बैठकर शराब पी रहे थे। जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक, वेदराम के घर में सभी बैठकर शराब पी रहे थे। वहां चखना और कच्ची महुआ शराब पड़ी हुई मिली। शराब पानी से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही करतला पुलिस मौके पर पहुंची।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी मंच सीएम से संवाद के माध्यम से विस सत्र में रखेंगे मांगें

**भोपाल।** प्रदेश के नियमित और अनियमित कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष संवाद के माध्यम से 1 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में रखा जाएगा। यह निर्णय मप्र कर्मचारी मंच की बैठक में लिया गया। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि चार प्रतिशत महंगाई भत्ता, पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने, स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने समेत 11 सूत्रीय मांगों को संवाद और पत्राचार के माध्यम से राज्य सरकार के समक्ष कर्मचारी मंच रखेगा।

### अमरवाड़ा विधानसभा के लिए तीसरे दिन तीन नाम निर्देशन पत्र जमा

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 123 अमरवाड़ा (अजजा) में उपचुनाव के लिए 14 जून से नामांकन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। नामांकन पत्र जमा करने के तीसरे दिन 18 जून को 2 अभ्यर्थियों की ओर से 3 नामांकन पत्र जमा किए गए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 21 जून है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 26 जून है। मतदान 10 जुलाई को होगा। राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक से ली जा सकती हैं।

## इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय और ताइवान के विश्वविद्यालयों के बीच हुआ एमओयू

# सीएम बोले, सेमी-कंडक्टर व चिप-डिजाइन क्षेत्र में स्टूडेंट्स शोधकर्ताओं और निवेशकों के लिए प्रगति के खुलेंगे नए द्वार

▶▶ मुख्यमंत्री ने किया टिकाऊ भविष्य के लिए पर्यावरण प्रबंधन विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

▶▶ मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की संगोष्ठी में वर्चुअली शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विश्व में सेमी-कंडक्टर और चिप-डिजाइन क्षेत्र के सिरमौर ताइवान के साथ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर की ओर से शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी गतिविधियों के लिए किए जा रहे एमओयू से मप्र के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और निवेशकों के लिए प्रगति के नए द्वार खुलेंगे। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने ताइवान के छह अलग-अलग विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार की हरसंभव कोशिश होगी कि ताइवान के साथ प्रदेश के संबंध प्रगाढ़ हों और शासन स्तर पर एमओयू क्रियान्वयन में कोई कठिनाई नहीं आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की ओर से टिकाऊ भविष्य के लिए पर्यावरण प्रबंधन विषय पर इंदौर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ कार्यक्रम को समत्व भवन भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में इन्दौर में आई-शु यूनिवर्सिटी ताइवान तथा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद तथा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया।

### जैसे हम स्वयं की चिंता करते हैं वैसे ही ब्रह्मांड की चिंता करें: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टिकाऊ भविष्य के लिए पर्यावरण प्रबंधन विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन वर्तमान परिदृश्य में बहुत महत्वपूर्ण है। हमारी संस्कृति पर्यावरण के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए हमें प्रेरित करती है, हमारे वेद यह शिक्षा देते हैं कि जैसे हम स्वयं की चिंता करते हैं वैसे ही ब्रह्मांड की चिंता करें। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर नवाचार करने में अग्रणी रहा है इस उद्यमशीलता के लिए विश्वविद्यालय बधाई का पात्र है। पर्यावरण की दृष्टि से मध्य प्रदेश पर्याप्त संपन्न है। विश्व के सम्मुख मौजूद पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने के लिए केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार भी हर स्तर पर प्रयास कर रही है। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण और जन-जन में पर्यावरण की प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के अनेक बिंदु समाहित हैं।

### इंदौर में लगाए जाएंगे 51 लाख पौधे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्रम में राज्य सरकार ने साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाने का प्रण किया है। इस अभियान में इंदौर में भी 51 लाख पौधे लगाए जाएंगे। प्रदेश में जल स्रोतों के संरक्षण के लिए एक पखवाड़े तक चलाया गया अभियान पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा और प्रदेशवासियों की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही। इन्दौर में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. इन्दर सिंह परमार, इन्दौर सांसद शंकर लालवानी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलगुरु डॉ. रेणु जैन, आई-शु यूनिवर्सिटी ताइवान के प्रेसिडेंट डॉ. कुआंग तथा अन्य अधिकारी व विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीआईपी मार्ग पर काफिला रुकवा कर किया आचार्य विनम्र सागर का स्वागत

▶▶ जैन मुनियों से आशीर्वाद प्राप्त किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को वीआईपी मार्ग भोपाल में आचार्य विनम्र सागर के भोपाल आगमन पर उनका स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य जैन मुनियों से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। छिंदवाड़ा प्रवास से लौटते हुए राजकीय विमानतल से मुख्यमंत्री निवास जाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नजर वीआईपी मार्ग से पैदल यात्रा कर जा रहे जैन मुनियों के दल पर पड़ी और उन्होंने वाहनों का काफिला रुकवा कर सभी का स्वागत किया। आचार्य जी ललितपुर (उत्तर प्रदेश) से जैन मुनियों के दल के साथ पधारे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल आगमन पर जैन मुनि और उनके सहयोगियों का स्वागत किया।

### छिंदवाड़ा में भाजपा का विजय रथ जारी रहेगा: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरवाड़ा में मीडिया से चर्चा में कहा कि आजादी के बाद ये पहली बार मौका आया है कि छिंदवाड़ा लोकसभा चुनाव में एक लाख से ज्यादा वोटों से भाजपा विजई हुई है। इसके लिए छिंदवाड़ा की जनता का आभार मानता हूं। उस जीत में भी अमरवाड़ा क्षेत्र की बड़ी भूमिका थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अमरवाड़ा के सभी बन्धुओं को धन्यवाद देता हूं। अमरवाड़ा विधानसभा से प्रत्याशी कमलेश शाह और हम इस क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। हम विकास के सभी कामों को पूरा करेंगे। उम्मीद कर रहे हैं कि भाजपा का विजय रथ जारी रहेगा। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, सांसद विवेक बंटी साहू, आदि मौजूद रहे।

### 24 घंटे में अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री तक गिरने की संभावना

## छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार, गरज चमक के साथ चलेगी तेज हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अगले दो-चार दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ाने की संभावना है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। वहीं बारिश की स्थिति बनी हुई है। बीते दिनों बारिश की वजह से वातावरण ठंडा हो गया है। हालांकि उमस अभी भी बरकरार है। प्रदेश के कई जिलों में गलत चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश और अंधड़ चलने की संभावना है। वहीं 24 घंटे में प्रदेश की अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के कई



हिस्सों में प्री मानसून का आगमन हो चुका है। वहीं दो-चार दिनों में कुछ और हिस्सों में प्री मानसून आगे बढ़ाने की संभावना है। ऐसे में ज्यादातर जिलों में तीन-चार दिनों तक अच्छी बारिश होने की संभावना है। इन संभागों में से कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश और कई जिलों में तेज अंधड़ चलने की संभावना है।

## यूपी एसटीएफ ने अनवर ढेबर को नकली होलोग्राम केस में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में जमानत पर जेल से रिहा हुए अनवर ढेबर को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। 18 जून की देर रात नकली होलोग्राम केस में ढेबर गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान ढेबर के समर्थकों ने जोरदार हंगामा किया, मौके पर पुलिसबल ने भीड़ पर काबू पाया। यूपी एसटीएफ आज अनवर ढेबर को रायपुर कोर्ट में पेश किया है। बताया जा रहा है कि यूपी एसटीएफ ट्रांजिट रिमांड लेकर ढेबर को यूपी के मेरठ कोर्ट में पेश करेगी।

शराब घोटाले मामले में अनवर ढेबर को हाई कोर्ट से जमानत मिल गई थी। ढेबर मंगलवार देर शाम ही



वे जेल से रिहा हुए। इस दौरान मौके पर यूपी एसटीएफ ने होलोग्राम केस में ढेबर को पकड़ लिया। इस दौरान उसके समर्थकों ने जोरदार हंगामा किया। साथ ही पुलिसबल के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। जैसे तैसे पुलिसबल ने भीड़ को शांत किया इसके बाद ढेबर को सिविल लाइन थाने ले जाया गया।

## चांगोरी में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौके पर ही मौत

▶▶ *सिर पर लगी चोट से खून का अधिक बहाव होने के कारण मौके पर ही हो गई मौत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा जिले के ग्राम चांगोरी में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को सामने से ठोकर मारी है। हादसे में युवक अभिजीत मिश्रा 23 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। युवक पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था, 17 जून को मृतक अभिजीत का जन्मदिन था। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबित 18 जून की दोपहर 3 बजे लगभग घर से युवक अभिजीत मिश्रा निकला हुआ था। वह कहां जा रहा था इसकी जानकारी परिजनों को भी नही है। रात को घर वापस जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने बाइक को सामने से जोरदार ठोकर मारी है जिससे



युवक बाइक से छिटक कर सड़क किनारे जा गिरा। सिर पर गंभीर चोट होने से खून का अधिक बहाव होने पर घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव उठाकर मर्चुरी भेजा गया है। बुधवार को अकलतरा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## मातृ एवं शिशु अस्पताल और 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का मंत्री नेताम ने किया भूमिपूजन

### 31 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलरामपुर

बलरामपुर रामनुजगंज जिला प्रवास के दौरान कृषि और आदिम जाति विभाग के मंत्री रामविचार नेताम ने जिले को स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी। उन्होंने जिला अस्पताल में मातृ एवं शिशु अस्पताल और 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का भूमिपूजन किया। लगभग 31 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से बनने वाले यह अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने



जनता को संबोधित करता हुए कहा कि यह स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तारीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके बन जाने से जिले वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। इन अस्पतालों में अच्छी व्यवस्था के साथ मेडिकल केयर मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिले वासियों को पहुंच संबंधी कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। इसके पूर्ण हो जाने से लोगों को दूसरे स्थान पर इलाज के लिए जाना नहीं पड़ेगा। तत्काल जरूरत पड़ने पर अब बलरामपुर जिले में ही बड़े अस्पतालों जैसी सुविधा मिलेगी। साथ ही इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। महिला बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बड़े-बड़े कार्य स्वीकृत हो रहे हैं उन्हीं के प्रयासों से स्वास्थ्य क्षेत्र में 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ और मातृ एवं शिशु अस्पताल बनने जा रहा है।

## सुकमा के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच एक बार फिर से मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में जवानों को मौके से तीन हथियार हैंडग्रेनेड समेत बड़ी मात्रा में नक्सली सामग्री मिली है। मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों के द्वारा उस इलाके में संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान जवानों को आता देख नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगलों की आड़ लेकर फरार हो गए, इसके बाद इलाके में जवानों के द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान जवानों ने मौके से तीन



हथियार और विस्फोटक समेत अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया है। मामले की पुष्टि करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का निखिल राखेचा ने बताया कि भेज्जि थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई इस मुठभेड़ में सभी जवान सुरक्षित हैं।

### आईईडी ब्लास्ट से बुजुर्ग महिला के दोनों पैर जख्मी

**बीजापुर।** बीजापुर में नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। महिला की बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी इलाज जारी है। आईईडी की चपेट में आने से महिला की दोनों पैर जख्मी हो गया है। साथ ही शरीर में भी कई चोट लगी है। नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए जंगल में आईईडी प्लांट किए थे। प्लांट की गई प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला के दोनों पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जानकारी मिलने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।


## खबर संक्षेप

### टाटा मोटर्स एक जुलाई से वाहनों के दाम 2% बढ़ाएगी



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने जिंस कीमतों में बढ़ोतरी के मद्देनजर एक जुलाई, 2024 से अपने वाणिज्यिक वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स ने बुधवार को बयान में कहा, 'कीमतों में बढ़ोतरी वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। यह अलग-अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से भिन्न होगी।'

### एयर इंडिया की एक जुलाई से प्रीमियम इकानॉमी श्रेणी



**मुंबई।** एयर इंडिया अगले महीने से चुनिंदा घरेलू मार्गों पर प्रीमियम इकनॉमी श्रेणी शुरू करने जा रही है। यह श्रेणी उपलब्ध कराने वाली एयर इंडिया दूसरी भारतीय एयरलाइन कंपनी होगी। प्रीमियम इकनॉमी यात्रा श्रेणी उपलब्ध कराती है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने बुधवार को कहा कि उसने दो नए ए320 नियो विमानों को तीन श्रेणियों में बांटा है।

### व्रज आयरन का आईपीओ 26 जून को खुलेगा



**नई दिल्ली।** व्रज आयरन एंड स्टील आईपीओ के जरिये 171 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। कंपनी का आईपीओ 26 जून को खुलेगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, कंपनी का तीन दिन का आईपीओ 28 जून को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक एक दिन पहले यानी 25 जून को बोली लगा सकेंगे।

### डैक्सन ग्रीन को एनटीपीसी से मिला संयंत्र का ठेका




**नई दिल्ली।** नवीन ऊर्जा अंतरण मंच जैक्सन ग्रीन को सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी से फ्लू गैस से 4जी एथनॉल का उत्पादन करने वाला संयंत्र स्थापित करने का ठेका मिला है। कंपनी के बुधवार को बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ के लारा में प्रस्तावित संयंत्र बिजली संयंत्रों से निकलने वाली फ्लू गैस से 10 टन प्रतिदिन (टीपीडी) 4जी एथनॉल का उत्पादन करेगा।

### बजट में ब्याज आय पर कर राहत की वकालत




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज आय पर कर राहत की वकालत की है। उन्होंने कहा कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी जिसका उपयोग दीर्घकालिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए किया जा सकेगा। 2024-25 का पूर्ण बजट पेश कर सकती हैं।

### एक्मे फिनट्रेड ने निवेशकों से जुटाए 38 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसने अपना सार्वजनिक निर्गम खुलने से एक दिन पहले एंकर निवेशकों से लगभग 38 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर डाले गए एक परिपत्र के अनुसार जिन एंकर निवेशकों को शेयर आवंटित किए गए हैं, उनमें 3 सिग्मा ग्लोबल फंड, जील ग्लोबल ऑपर्च्युनिटीज फंड, एसबी ऑपर्च्युनिटीज फंड-1 और विकास इंडिया ईआईएफ फंड-1 शामिल हैं।

# देश में एटीएम की किल्लत, परेशान बैंकों ने आरबीआई का दरवाजा खटखटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में एटीएम की किल्लत हो गई है। इसे लेकर सभी बैंक परेशान हैं। बैंकों ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और केंद्र सरकार के समक्ष यह मसला उठाया है। बैंकों का कहना है कि उन्हें इन मशीनों को हासिल करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

- सभी बैंकों ने सरकार से ई मार्केट प्लेस से खरीद के नियमों को स्पष्ट करने कहा

एक रिपोर्ट के अनुसार, सभी बैंकों ने सरकार से ई मार्केट प्लेस से खरीद के नियमों को स्पष्ट करने की मांग की है। सूत्रों के हवाले से आई इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछले महीने हुई बैठक में बड़े बैंकों के प्रतिनिधियों ने कहा कि कई मसलों पर बातचीत हुई थी।

इसी दौरान एटीएम की कमी का मसला भी उठाया गया। एटीएम वेंडर्स के पास हमारी जरूरतों को पूरा करने लायक प्रोडक्शन कैपिसिटी नहीं है।

## बैंकों को मशीनें हासिल करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

### मेक इन इंडिया गाइडलाइन्स को जिम्मेदार ठहरा रहे बैंक

रिपोर्ट के अनुसार, एटीएम वेंडर्स इस किल्लत के लिए वित्त वर्ष 2020 में लागू किए गए मेक इन इंडिया गाइडलाइन्स को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इनके चलते वेंडर्स को भारत में अपने ऑपरेशंस शुरू करने में काफी समय लग गया। कई एटीएम वेंडर्स भारत में रजिस्टर्ड भी नहीं हैं। इसलिए बैंक चाहते हैं कि खरीद के नियमों को सरकार की ओर से स्पष्ट किया जाए ताकि आगे जाकर उन पर कोई रेगुलेटरी एक्शन न लिया जाए। बैंक चाहते हैं कि यदि सभी गाइडलाइन्स का पालन होता है तो उन्हें एटीएम के लिए इंडिपेंडेंट प्रपोजल जारी करने की अनुमति दी जानी चाहिए।




### जीईएम पोर्टल पर डिमांड की उम्मीद

एटीएम कमी के चलते हमारे ऊपर जुर्माना लगाने के साथ ही रेगुलेटरी एक्शन लिए जा सकते हैं। उधर, सीएमएस इंफो सिस्टम्स के प्रेसिडेंट मंजुनाथ राव ने कहा कि बैंक, एटीएम के अलावा कैश रीसाइक्लिंग मशीनें भी लगा रहे हैं। इसके चलते जीईएमपोर्टल पर डिमांड बढ़ने की उम्मीद है।

### एटीएम मशीनों की डिमांड में आएगी तेजी

इस समय बैंक एटीएम में लॉक करने योग्य कैसेट सिस्टम लागू करने जा रहे हैं। मगर, बैंकरों ने कहा है कि एटीएम की कमी के चलते उनके कारोबार पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। बैंक अधिकारियों के अनुसार, यह बदलाव कई स्टेज में किया जाना था। लेकिन, हम लक्ष्य से काफी पीछे हो गए हैं।

## साकार हो चुके आंकड़े इस साल वर्ल्ड फूड इंडिया में

# वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम में निवेश के सत्यापित आंकड़े ही दिए जाएंगे: चिराग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाले पासवान ने इस कार्यक्रम के पिछले दो संस्करणों में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में किए गए निवेश की स्थिति पर जताई जा रही चिंताओं को दूर करने की कोशिश की।

### उसी निवेश का उल्लेख जो शुरू किए जा सकते हैं

पिछले दो संस्करणों में किए गए निवेश दावों की स्थिति के बारे में पूछे गए सवाल पर पासवान ने कहा, 'समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर से निवेश का वादा किया जाता है और उसपर अमल की एक अवधि होती है। उसके बाद ही हमें पता चल पाता है कि जमीन पर कितना निवेश हुआ है। अब से हम निवेश की बात करते समय उन निवेश का ही उल्लेख करेंगे जिन्हें शुरू किया जा सकता है।'

### निवेश के आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर नहीं देंगे

पासवान ने तीसरे संस्करण के लिए एक मोबाइल ऐप और वेबसाइट को जारी करते हुए कहा, ''हम बहुत स्पष्ट हैं कि आपके सामने निवेश के ऐसे बड़े आंकड़े नहीं रखेंगे जो शुरू नहीं हुए हैं। मैं, मेरी पूरी टीम और मंत्रालय इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि हम निवेश के आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर नहीं देंगे। इसलिए मैंने आपके सामने तब तक कोई आंकड़ा नहीं बताया जब तक कि हम उन्हें पूरी तरह से सत्यापित नहीं कर लेते।''

*केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को कहा कि सरकार पूरी तरह सत्यापित और जमीनी स्तर पर साकार हो चुके निवेश आंकड़ों को ही इस साल 'वर्ल्ड फूड इंडिया' कार्यक्रम में जारी करेगी। पासवान ने राष्ट्रीय राजधानी में 19-22 सितंबर को आयोजित होने वाले वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम के तीसरे संस्करण के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि सरकार इस बार निवेश के बारे में अतिरंजित आंकड़े साझा करने से परहेज करेगी।*

- 19 से 22 दिसंबर में राजधानी दिल्ली में
- निवेश के अतिरिक्त आंकड़े जारी करने से रोकेंगी



*भारत अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करता है*
*केंद्रीय मंत्री के तौर पर अपनी पहले संवाददाता सम्मेलन में पासवान ने भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की अप्रयुक्त क्षमता का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम भारत की ताकत को प्रदर्शित करने और विचारों, नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं निवेश का आदान-प्रदान करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करता है।*

### पहले संस्करण में 11.25 अरब डॉलर निवेश आकर्षित

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम के वर्ष 2017 में आयोजित पहले संस्करण में सरकार ने 11.25 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया था जबकि 2023 में आयोजित दूसरे संस्करण में निवेश का आंकड़ा 3.98 अरब डॉलर का था।

### प्रसंस्करण इकाइयां लगाने पर जोर

केंद्रीय मंत्री ने किसानों और खेतिहर समुदाय को बेहतर लाभ सुनिश्चित करने और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए खेतों के पास ही प्रसंस्करण इकाइयां लगाने की जरूरत पर बल दिया। इस दौरान खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग सचिव अनीता प्रवीण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की क्षमता का उपयोग नहीं

पासवान ने कहा, 'आज तक हमने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की अपनी क्षमता का 10 प्रतिशत भी इस्तेमाल नहीं किया है। वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए इस क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण होगा।'

# वोडाफोन ने इंडस टावर्स में 18 फीसदी हिस्सेदारी बेची




- ब्रिटेन की वोडाफोन ने हिस्सेदारी 15,300 करोड़ रुपए में बेची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिटेन की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन ने टावर कारोबार से जुड़ी इंडस टावर्स में 18 प्रतिशत हिस्सेदारी 1.7 अरब यूरो (लगभग 15,300 करोड़ रुपये) में बेच दी है। वोडाफोन ने बुधवार को कहा कि वह इस राशि के बड़े हिस्से का उपयोग भारत में कंपनी की परिसंपत्तियों के एवज में बैंक से लिए गए 1.8 अरब यूरो के बकाया ऋण का भुगतान करने में करेगी। वोडाफोन ने एक बयान में कहा, "वोडाफोन ग्रुप पीएलसी ने इंडस टावर्स लिमिटेड में 48.47 करोड़ शेयर बेच दिए। ये शेयर इंडस की शेयर पूंजी का 18 प्रतिशत हैं।"

कंपनी ने कहा, "इस बिक्री से 153 अरब रुपये (1.7 अरब यूरो) की सकल आय हुई है। इस राशि का विशेष तौर पर इस्तेमाल वोडाफोन की भारतीय परिसंपत्तियों पर बैंकों से लिए गए 1.8 अरब यूरो के बकाया कर्ज को चुकाने में किया जाएगा। इस शेयर बिक्री के बाद इंडस टावर्स में वोडाफोन की हिस्सेदारी घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई है। इस बीच, भारती एयरटेल ने लगभग 2.69 करोड़ शेयरों के अधिग्रहण के साथ इंडस टावर्स में अपनी हिस्सेदारी एक प्रतिशत बढ़ा ली है।

### एक फीसदी इक्विटी शेयर का किया अधिग्रहण

एयरटेल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "इंडस टावर्स के 2.7 करोड़ शेयरों के अधिग्रहण के लिए विशेष समिति के अनुमोदन के बाद कंपनी ने बाजार में लगभग 2.69 करोड़ यानी एक प्रतिशत इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण किया है।" इस सौदे के साथ, इंडस टावर्स में एयरटेल की हिस्सेदारी 47.95 प्रतिशत से बढ़कर 48.95 प्रतिशत हो गई है।

# एस्कॉर्ट्स कुबोटा घिलोट में नया संयंत्र नहीं लगाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि उपकरण और निर्माण उपकरण बनाने वाली कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने राजस्थान के घिलोठ में एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की अपनी योजना वापस ले ली है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि उसने बड़े पैमाने की इस परियोजना के लिए सभी प्रमुख जरूरतों को पूरा नहीं कर पाने के कारण यह फैसला लिया है।

- जरूरतों को पूरा नहीं करने के कारण परियोजना स्थगित

कंपनी ने अगले तीन से चार साल में एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 4,500 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना बनाई है। नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने को अपेक्षित अनुमोदन और मंजूरी के अधीन, राजस्थान के घिलोठ में प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के लिए राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास और निवेश निगम (रीको) को रुचि-पत्र (ईओआई) पेश किया था।

### कंपनी ने ईओआई वापस लिया

इसमें कहा गया, "...स्थान के विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर, कंपनी इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि यह स्थान योजनाबद्ध बड़े पैमाने की परियोजना के लिए सभी प्रमुख जरूरतों को पूरा नहीं करता है। उसके बाद कंपनी ने उपरोक्त ईओआई वापस ले लिया है।

### ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत 63वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा बुधवार को जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर है। डब्ल्यूईएफ ने कहा है कि भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है।

# एसी की बढ़ी मांग पूर्ण करने विदेशों से मंगवाए कलपुर्जे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में इस साल भारी गर्मी के कारण एयर-कंडीशनर (एसी) की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी है। ऐसे में एसी विनिर्माता कम्प्रेसर, क्रॉस फ्लो पंखे/मोटर और पीसीबी सर्किट जैसे कलपुर्जे विदेशों से हवाई मार्ग से मंगवा रहे हैं, जिससे देश के अधिकांश हिस्सों में जारी भीषण गर्मी के कारण मांग में आई तेजी को पूरा किया जा सके। उद्योग जगत से जुड़े दिग्गजों ने यह बात कही है।कंपनियां अपनी उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला को बरकरार रखने के लिए चीन, ताइवान, थाइलैंड, मलेशिया और जापान जैसे देशों के वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से कलपुर्जों को आपातकालीन स्थिति में हवाई मार्ग से मंगा रही हैं, क्योंकि पारंपरिक समुद्री मार्ग से आपूर्ति में अधिक समय लगता है। कुछ कंपनियों ने तांबे और एल्युमीनियम जैसी धातुओं की कीमतों में चार-पांच प्रतिशत तक की वृद्धि की है, जिससे कीमतों में वृद्धि का बोझ ग्राहकों पर पड़ रहा है। कुछ कंपनियों ने कहा कि इसके अलावा, कई स्थानों पर एसी लगाने में एक सप्ताह या उससे अधिक समय लग रहा है ।



- एसी की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी
- कम्प्रेसर, मोटर, पीसीबी जैसे कलपुर्जे मंगवाए

*उद्योग के पास कलपुर्जों का सहयोग नही : एसी कंपनियों ने कहा कि उद्योग के पास यहां उस तरह का कलपुर्जों का सहयोग नहीं है क्योंकि भारत में अब भी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जा रहा है। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि उद्योग 25-30 प्रतिशत तक की वृद्धि के लिए तैयार है और किसी ने भी मांग में 70-80 प्रतिशत वृद्धि की योजना नहीं बनाई थी।*

### सोने में 80 रुपए की तेजी चांदी 100 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये मजबूत होकर 72,430 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। मंगलवार को सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमत भी 100 रुपये की तेजी के साथ 91,400 रुपये प्रति किलो हो गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,430 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

## सेंसेक्स 36 अंक चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- निफ्टी में मामूली गिरावट
- बाजार मुनाफा वसूली होने से नीचे आया

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 36 अंक की बढ़त के साथ नये शिखर पर पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी नुकसान में रहा।

कारोबार के दौरान एक समय दोनों सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गये थे लेकिन बाद में किसी ठोस संकेत के अभाव में मुनाफावसूली होने से नीचे आ गए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों, पूंजीगत वस्तुओं और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली हुई। वहीं बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली देखने को मिली। बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 36.45 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये शिखर 77,337.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 41.90 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,516 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 106.1 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 23,664 पर चला गया था।

## सीआईएल ने 23 बंद खदानें निजी कंपनियों को आवंटित कीं



**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अपनी बंद और ठप पड़ीं भूमिगत खदानों से कोयला भंडार निकालने के लिए ऐसी 23 खानों को राजस्व-भागीदारी के आधार पर निजी कंपनियों को आवंटित करने की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इन खानों की अधिकतम क्षमता सालाना 3.41 करोड़ टन की है। इसमें से कुल निकालने योग्य कोयला भंडार 63.5 करोड़ टन है। कोल इंडिया ने न्यूनतम राजस्व भागीदारी चार प्रतिशत पर तय की गई है। अनुबंध की अवधि 25 साल की होगी। जिन निजी कंपनियों को ये खानें आवंटित की गई हैं उनके नाम का खुलासा नहीं किया गया है। कोल इंडिया के अधिकारियों ने कहा कि 11 अन्य खदानों के लिए भी बोली प्रक्रिया चल रही है।

## आईपीपीबी ने यूरोनेट के रिया मनी ट्रांसफर से की साझेदारी

# इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने विदेशों से भारत में धनप्रेषण सेवा शुरू की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने यूरोनेट के रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में विदेशों से भारत में धनप्रेषण शुरू कर दिया है। आईपीपीबी के एक सीनियर ऑफिसर ने यह जानकारी दी। आईपीपीबी के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) आर विश्वेश्वरन ने कहा कि विदेश से धन पाने वाले शख्स को खाते में राशि आने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा और केवल सेंडर (प्रेषक) को ही रिया मनी को पैसे भेजने का चार्ज देना होगा।

- विदेश से धन पाने वाले शख्स को खाते में राशि आने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा

आर विश्वेशरन ने कहा कि हमारा उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं से वंचित और कम बैंकिंग सेवाओं के दायरे में शामिल लोगों की अड़चनों को दूर करना है। हम अब रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में 25,000 स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय धनप्रेषण सेवा शुरू कर रहे हैं। इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 1.65 लाख से अधिक स्थानों वाले हमारे समूचे नेटवर्क को शामिल कर लिया जाएगा।

### रिया मनी ट्रांसफर की 200 देशों में मौजूदगी

रिया मनी ट्रांसफर के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) इग्नेसियो रीड ने कहा कि कंपनी की लगभग 200 देशों में मौजूदगी है मनी रेमिटेंस सेगमेंट में इसकी 22 फीसदी बाजार हिस्सेदारी है। रीड ने कहा, 'हम पिछले 10 वर्षों से भारत में काम कर रहे हैं। आईपीपीबी के साथ इस साझेदारी से हमें उम्मीद है कि भारत में हमारी मौजूदगी वाले स्थानों की संख्या लगभग 30 फीसदी बढ़ जाएगी।'




### पूरी या आंशिक रकम निकालने की सुविधा मिलेगी

डाक विभाग के तहत संचालित पेमेंट बैंक आईपीपीबी के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस सेवा के माध्यम से धन पाने वालों के पास अपनी पसंद के आधार पर पूरा धन या आंशिक राशि निकालने का विकल्प होगा।

### आईपीपीबी खाते में भेज भी सकते हैं पैसा

विश्वेश्वरन ने कहा कि विदेश से पैसा पाने वालों के पास अपने आईपीपीबी खाते में धन भेजने का विकल्प भी होगा। यह एक कागज-रहित यानी पेपरलेस प्रक्रिया है। बायोमेट्रिक का इस्तेमाल करके वे इस रकम को निकाल सकते हैं। यह सर्विस डाकिये के जरिए उनके दरवाजे पर पहुंचाई जाएगी और पैसा पाने वाले लोगों से कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा।

### बीते वित्त वर्ष में डिजिटल कर्ज 49 फीसदी बढ़ा




**मुंबई।** डिजिटल ऋण देने वाली 37 सदस्य इकाइयों ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1.46 लाख करोड़ रुपये के कर्ज दिए और इसमें सालाना आधार पर 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई। डिजिटल ऋण को लेकर व्यापक चिंताओं के बीच उद्योग निकाय फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) ने यह जानकारी दी। ये सभी 37 इकाइयां एफएसीई की सदस्य हैं। एफएसीई के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में दिए गए ऋणों की संख्या 35 प्रतिशत बढ़कर 10 करोड़ से अधिक हो गई।

स्टार योग मंत्र


# योग बनाए हेल्दी-एनर्जेटिक

हेल्थ के लिए योगाभ्यास के फायदों को आम लोग ही नहीं सेलिब्रिटीज भी मानते हैं। यहां दो टीवी एक्टर्स बता रहे हैं, योग उनकी लाइफ और हेल्थ को मेंटेन करने में कितना मायने रखता है?

### मैं नियमित योगासन करता हूं: आरव चौधरी



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले 'श्रीमद रामायण' सीरियल में दशरथ के किरदार में नजर आए आरव चौधरी कहते हैं, 'योग का महत्व मैंने मेरे पिताजी से सीखा है। योग उनकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा हुआ करता था। मेरी नजरों में योग सिर्फ शरीर के अंगों की क्रियाओं तक ही सीमित नहीं होता है, बल्कि एक ऐसी गतिविधि है, जो मन को एकाग्रचित करने के साथ ही आपको मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत भी बनाता है। आज की भाग-दौड़ भरी दिनचर्या शारीरिक और मानसिक तौर पर थका देने वाली होती है, जिसे योग और ध्यान द्वारा संतुलित किया जा सकता है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा हमें दिया गया बेशकीमती उपहार है, जिसे अपने रूटीन में अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। वैसे तो सभी आसनों का अपना एक अलग ही महत्व होता है। लेकिन मैं भुजंगासन, वज्रासन और कई आसनों के साथ ध्यान भी करता हूं। वज्रासन रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है, जिन्हें साइटिका या स्लिप डिस्क जैसी बीमारियां हो, उन्हें डॉक्टर से सलाह लेकर इन आसनों को जरूर करना चाहिए। मैं खुद भी स्लिप डिस्क की समस्या से ग्रसित था। इसकी वजह से ब्लड फ्लो रुकने लगता है। जब काफी इलाज कराने के बाद भी मुझे कोई आराम नहीं मिला, तब मैंने योग का सहारा लिया, जिसके बाद मुझे इसमें बहुत आराम मिला। योग ने मानो मेरी स्लिप डिस्क की समस्या को छूमंतर कर दिया है।




मेरा मानना है कि योगासन और ध्यान, एकाग्रचित मन के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने में भी बहुत मदद करता है। इससे शारीरिक और मानसिक विकारों से राहत मिलती है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा, तो ही हम हर कार्य बेहतर ढंग से कर सकेंगे। योग हर उम्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए हम सभी को नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए। *

### मैं नियमित सूर्य नमस्कार करता हूं: विनीत चौधरी



शेमारू चैनल के शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में शनिदेव की भूमिका निभा रहे एक्टर विनीत कुमार चौधरी योगासन के महत्व के बारे में बताते हैं, 'मैं नियमित रूप से योगासन करता हूं। उनमें से कुछ ऐसे आसन हैं, जिन्हें मैं रोज करता हूं। इनमें से एक है, सूर्य नमस्कार। इससे पूरे शरीर का वर्कआउट हो जाता है। यह मांसपेशियों को मजबूती देता है, शरीर में संतुलन और लचीलापन बनाए रखता है। यह न सिर्फ वजन घटाने में मदद करता है, बल्कि हृदय को भी स्वस्थ रखता है। इसके अलावा कपालभाति प्राणायाम करना भी नहीं भूलता। रोज इसे केवल 10 मिनट भी करने से पहले तो खूब पसीना होता है। उसके बाद बहुत सुकून और आराम मिलता है। यह तनाव को कम कर चिंतामुक्त बनाता है और मानसिक शांति देता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी संतुलित करता है। योगासन करने से शरीर फुर्तीला और मजबूत बनता है। इससे हमें जल्दी थकान नहीं होती है। एक एक्टर के तौर पर ये फायदे हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। इससे लंबे समय तक शूटिंग करने के बावजूद भी खुद को फुर्तीला महसूस करता हूं। मेरा मानना है कि हम कितने भी बिजी क्यों ना रहें योगासन के लिए कुछ मिनट जरूर निकालने चाहिए।' *



प्रस्तुतिः सेहत डेस्क



योगमय जीवन

दिव्यज्योति 'नंदन'

शरीर की अलग-अलग मुद्राएं योगासन कहलाती हैं। इन योगासनों का अगर हम नियमित अभ्यास करें तो अनेक तरह की बीमारियों से बचे रह सकते हैं। यही नहीं इससे हमारे भीतर सकारात्मकता, नई ऊर्जा और चेतना का संचार होता है, जिससे जीवन को हम सहजता से जीना सीखते हैं। योगाभ्यास के विभिन्न फायदों के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# नियमित करें योग रहें हमेशा निरोग

पिछले दिनों 'जॉन हॉपकिंस मेडिसिन होम' ने अपने एक स्वास्थ्य बुलेटिन में स्वीकार किया कि 21वीं सदी में समूचा मेडिकल तंत्र योग का लोहा मान रहा है। क्योंकि मेडिकल साइंस में आज तक ऐसी कोई दवा नहीं बनी, जो एक साथ बहुत सारी बीमारियों में समान रूप से फायदेमंद हो और न ही कोई ऐसी मेडिकल डिस्कवरी हुई है, जो भारत में जन्मे प्राचीन ज्ञान, 'योग' का मुकाबला कर सके। दुनिया में कोई ऐसी बीमारी नहीं है और कोई भी ऐसी उम्र नहीं है, जब योगासनों के फायदे न होते हों। हर बीमारी के लिए कोई न कोई बेहद स्पेसिफिक योगासन है। यूं तो जॉन हॉपकिंस मेडिसिन होम ने अपने ग्राहकों के लिए योग के दर्जनों फायदों का जिक्र किया है, लेकिन हम योगासनों से होने वाले पांच सबसे महत्वपूर्ण फायदों पर एक नजर डालेंगे, जिससे स्वतः स्पष्ट हो जाएगा कि आखिर पूरी दुनिया के मेडिकल जगत में योगासनों का इस कदर चमत्कारिक डंका क्यों बज रहा है?

### मूड रहता है पॉजिटिव

योग, शरीर और मन को एक साथ लाने का सरल अभ्यास है। शरीर की विभिन्न मुद्राएं, हमें यह गुण प्रदान करती हैं। श्वास तकनीक और ध्यान प्रक्रिया भी इसका हिस्सा है। जब योगासन हमारी दैनिक जिंदगी का सहज जरिया हो जाते हैं, तो हमारी शारीरिक मुद्राएं संतुलित, लचीली और शक्ति से भरपूर हो जाती हैं, जिससे होने वाली चिंताएं कम हो जाती हैं और जो रहती भी हैं, वह हमें परेशान नहीं करती हैं। चूंकि योग तनाव, चिंता, अवसाद और हमारी नकारात्मक सोच पर विराम लगाता है, इसलिए नियमित रूप से योगासन करने वाले लोगों का मूड हमेशा अच्छा रहता है। जब मूड अच्छा होता है तो जिंदगी को लेकर हम बेहद सकारात्मक होते हैं और हमारी जीवनशैली बेहद अनुशासित हो जाती है। हम सब जानते हैं कि आज सबसे ज्यादा लोग जीवनशैली के रोगों से ग्रस्त हैं। जब हम हर दिन नियमित रूप से योगासन करते हैं तो गलत जीवनशैली से उत्पन्न होने वाले रोगों से मुक्ति मिल जाती है।



### हृदय रहता है स्वस्थ

नियमित योग करने वाले लोगों के शरीर में ऐसी सूजन कभी नहीं होती, जो एक उम्र के बाद अधिकांश लोगों के शरीर का हिस्सा बन जाती है। दरअसल, नियमित योगासन करने वालों के शरीर में सूजन इसलिए नहीं पैदा होती, क्योंकि योग करने से उनका दिल स्वस्थ रहता है। ऐसे लोगों में उच्च रक्तचाप और अतिरिक्त वजन की समस्या न के बराबर होती है, इस वजह से भी ऐसे लोगों का दिल स्वस्थ रहता है, वह सहज गति से धड़कता है। कम से कम एक दर्जन ऐसे योगासन हैं, जो भले अलग-अलग मुद्राओं से संबोधित होते हों लेकिन उन सबका साझा असर यह होता है कि हमारा दिल स्वस्थ रहता है और इससे हम बहुत तरह की बीमारियों से बचे रहते हैं।

### आती है अच्छी नींद

विभिन्न शोध अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि जो लोग नियमित तौर पर योगासन करते हैं, उन्हें हर रोज भरपूर नींद आती है। नियमित योगाभ्यास के जरिए ऐसे लोगों के सोने और उठने में एक रिद्म आ जाती है, जिस कारण अच्छी नींद उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा हो जाती है। अलग-अलग अध्ययनों से यह भी सिद्ध हुआ है कि अच्छी नींद हासिल करने का मतलब है, कई तरह की बीमारियों से मुक्त रहना। अच्छी नींद नियमित योगाभ्यास का एक ऐसा सुखद नतीजा है, जिसकी चाह आज पूरी दुनिया रखती है, क्योंकि दवाओं के जरिए नींद न तो गुणवत्तापूर्ण आती है और न ही उसके नतीजे बेहतर होते हैं।



### सामाजिक जुड़ाव से बढ़े सकारात्मकता

कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि एक जैसे स्वभाव के लोगों का आपस में मिलना-जुलना खुशियों से भरता है। यह गतिविधि हमें स्वस्थ रखती है और हमारी उम्र बढ़ाती है। नियमित योग करने वाले लोग जब घर के बाहर अपने ही जैसे दूसरे लोगों के साथ मिलकर यह अभ्यास करते हैं तो उन्हें एक-दूसरे की बेहतर समझ और जानकारियों का फायदा तो मिलता ही है, साथ ही नियमित योग करने वाले लोग जब आपस में मिलते-जुलते हैं तो खूब हंसी-मजाक करते हैं और एक लंबा तनावरहित और उल्लास से भरा जीवन जीते हैं। इसका नतीजा हमें बेहतर शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के रूप में मिलता है। योग कक्षाओं में भाग लेना इसलिए जरूरी है, क्योंकि वहां आप सिर्फ योगासन नहीं सीखते बल्कि सीखे और सीखने की कोशिश करने वाले लोगों का साथ भी पाते हैं, जो हमें खुश रखता है और सेहतमंद भी।

### कई तरह के दर्दों से मिले राहत

दर्जनों ऐसे योगासन हैं, जो हमारे शरीर के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले दर्दों से हमें राहत देते हैं। मसलन, पीठ के निचले हिस्से में होने वाले भयंकर दर्द से नियमित योगाभ्यास हमें छुटकारा दिलाता है। इसी तरह कैट या काऊ पोज हमें कंधों, हथेलियों और कूल्हों के दर्द से छुटकारा दिलाता है। इसी तरह सिरदर्द, कमर में होने वाले दर्द, घुटनों के दर्द आदि से भी योग के विभिन्न तरीके हमें राहत दिलाते हैं। इस तरह देखें तो योग करने के अनगिनत फायदे हैं। *

सलाह / योगाचार्य शिव

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए कारगर योग

**शारीरिक स्वास्थ्य** के साथ ही योग, मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत कारगर होता है। इस बारे में मुंबई स्थित सैफी अस्पताल में योगा कोच योगाचार्य शिव (शिवम पांडेय) कहते हैं, 'हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के अनेक उपाय हैं, जैसे दौड़ना, जॉगिंग करना, व्यायाम या कोई खेल की गतिविधि करना। लेकिन योग अभ्यास को अन्य फिटनेस गतिविधियों से जो बात अलग करती है, वह है योग की शरीर के तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव डालने की क्षमता। हमारा नर्वस रिस्पॉन्स हमें जीवन में सही और नैतिक ढंग से कार्य करने की क्षमता देता है और इसका गहरा संबंध हमारी रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) से भी होता है। स्पाइन को हेल्दी और एक्टिव रखने में योग बहुत इफेक्टिव है। एक अमेरिकन जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, स्ट्रेस आने वाले कल की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनने वाली है। ऐसे में योग बहुत कारगर सिद्ध हो सकता है। योग हमारे नर्वस सिस्टम के साथ-साथ हमारे श्वसन तंत्र को भी प्रभावित करता है। स्ट्रेस और एंजाइटी के समय हृदय की गति बढ़ जाती है, जिससे ब्लड प्रेशर प्रभावित होता है और शरीर का होमियोस्टेसिस अनियंत्रित हो जाता है। ऐसे में प्राणायाम बहुत कारगर है। अनुलोम-विलोम का 4 मिनट से लेकर 10 मिनट तक का अभ्यास ब्लड प्रेशर को कम करके शरीर का होमियोस्टेसिस बैलेंस करता है। इसके साथ ही हस्तपादासन, सुप्त वज्रासन, भुजंगासन शरीर में ऊर्जा का संचार बढ़ाते हैं। इन आसनों का अभ्यास प्रतिदिन 1 से 2 मिनट तक 3 से 4 बार करना चाहिए। इसके अलावा ध्यान, भक्ति, मंत्र-जाप आपके शरीर में सेरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन और मेलाटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर्स में संतुलन ला सकते हैं, जिससे मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त होती है।'



एडवाइस / शिखर चंद जैन

## चमत्कारी प्रभाव वाले स्पेशल मेडिटेशन

मानसिक तनाव, अवसाद, चिड़चिड़ेपन से मुक्ति देकर मन को एकाग्रचित और शांत करने के लिए प्राचीनकाल से मेडिटेशन का सहारा लिया जाता रहा है। मेडिटेशन करने के कई तरीके हो सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

**शावर मेडिटेशनः** जब भी आप शावर ले रहे हों तो कल्पना करें कि आप तनाव नकारात्मक विचारों, अवसाद और उद्विग्नता को पानी के साथ बहाकर बाहर कर रहे हैं। अपनी त्वचा पर पानी की शीतलता और उसके दबाव से मिलने वाले आनंद को महसूस करें। आपको लगेगा मानो उदासी, दुख, पछतावा, चिंताएं निकालकर बहती हुई बाहर नाले में जा रही हैं। यह अभ्यास और नजरिया आपके तन के साथ-साथ मन को भी सुकून देगा।

**विजुअलाइजेशन मेडिटेशनः** जब भी आप विजुअलाइज करना यानी जो चाहते हैं, उसकी एक स्पष्ट छवि और स्पष्ट विचार की कल्पना करना सीख लेते हैं, तो आपके लिए उस चीज या लक्ष्य को हासिल करना आसान हो जाता है। विजुअलाइजेशन मेडिटेशन के लिए किसी शांत जगह पर आंखें बंद करके बैठ जाएं और पूरा ध्यान अपने लक्ष्य पर केंद्रित करते हुए उस चीज को देखें। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।



**ग्रिटीट्यूड मेडिटेशनः** जब आप अपनी तकदीर को उलाहना देना, अपराधबोध से उबरकर, प्रकृति को, लोगों को, अपनी किस्मत को और ईश्वर को धन्यवाद देना सीख लेते हैं, तो आपके मन में सकारात्मक के भाव आने लगते हैं। इसके लिए किसी बगीचे में या नदी किनारे आंखें बंद करके सुकून से आसन लगाकर बैठ जाएं। फिर धीरे-धीरे उन चीजों को याद करें, जो आपके पास हैं और इसके लिए सबका आभार व्यक्त करें।

**मंत्र मेडिटेशनः** इसमें किसी ध्वनि की बारंबार पुनरावृत्ति से मन को सुकून मिलता है। यह कोई शब्द, वाक्यांश या ध्वनि भी हो सकती है। जैसे प्रणवाक्षर ओम अत्यंत लोकप्रिय और प्रभावकारी मंत्र है। जब आप अपनी संपूर्ण मानसिक ऊर्जा इसके उच्चारण में लगाकर पूरी तरह इसमें लीन हो जाते हैं, तो मन मस्तिष्क और हृदय की गहराई तक सकारात्मक कंपन महसूस करते हैं।

**बॉडी स्कैन मेडिटेशनः** किसी उद्यान या शांत जगह पर मैट बिछा कर लेट जाएं। शरीर को ढीला छोड़कर आंखें मूंद लें। अपने पैर की अंगुलियां से शुरुआत करते हुए सर तक के शरीर के हर अंग पर ध्यान दें। इससे शरीर और मन के बीच संतुलन साधने में मदद मिलेगी साथ ही नई उर्जा का एहसास होगा। *

आह्वान

अजेश कुमार

योग का अभ्यास जो भी व्यक्ति नियमित करता है, उसे इसके लाभ मिलते हैं। खासतौर पर महिलाएं अगर इनका अभ्यास करें तो तन-मन से सशक्त बन सकती हैं।

## योगाभ्यास से महिलाएं बनें सशक्त

इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' है। यह विषय समग्र रूप से महिलाओं को स्वस्थ, निरोग, आनंदमय, शांतिपूर्ण और गतिशील बनाए रखने के लिए उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से ही निश्चित की गई है।

**कई बीमारियों से बचाएः** महिलाओं की बहुत सी ऐसी बीमारियां होती हैं, जिन्हें योगासनों से दूर किया जा सकता है। योग विशेषज्ञों के अनुसार, गर्भाशय संबंधी सभी बीमारियों में सर्वांगासन और शीर्षासन का अभ्यास करना चाहिए। बार-बार गर्भपात हो जाना या बच्चा न होने की अवस्था में स्त्रियों को शीर्षासन से लाभ पहुंच सकता है। बोंस को मजबूती देने में भी योगासनों का बहुत प्रभाव पड़ता है। रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य के लिए आगे झुकना, पीछे झुकना, दाएं-बाएं झुकना और विभिन्न आसनों से उसे लचीला बनाना और नाड़ी के प्रवाह को ठीक रखना आवश्यक है। योग रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी समस्याओं को सौ प्रतिशत सही करने में सक्षम है। इनमें सर्वाइकल, स्लिप डिस्क, नाड़ी तंत्र, सियाटिका और स्पोंडेलाइटिस आदि शामिल है। योगासन से पाचन शक्ति बढ़ती है। अग्निसार, उड्यान बंध और कई आसन और क्रियाएं पाचन संस्थान को मजबूत करती हैं। योगासन से रक्त संचार बढ़ता है। रक्त के परिभ्रमण द्वारा सभी अवयवों को पौष्टिक पदार्थ प्राप्त होते हैं और उनके गंदे तत्व बाहर निकलते हैं। मस्तिष्क को भी योगासनों से स्वस्थ रखा जा सकता है। योगासन से शरीर के सबसे नाजुक अंग, मस्तिष्क का भी व्यायाम किया जा सकता है। शीर्षासन वैसे तो सभी अंगों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, परंतु विशेषकर मस्तिष्क को स्वस्थ रखना और स्मरण शक्ति तेज करना शीर्षासन से ही संभव है। शीर्षासन का सहयोगी सर्वांगासन है। लाइफस्टाइल संबंधी किसी भी परेशानी से निजात पाने के लिए प्रतिदिन 30 से 45 मिनट योगाभ्यास करना जरूरी है।



**वर्किंग महिलाएं जरूर करें योगः** काम-काजी महिलाएं घर और ऑफिस के कामों के चलते लगातार व्यस्त रहती हैं। लेकिन फिर भी उन्हें योग के लिए कुछ समय जरूर निकालना चाहिए। इसका उनकी हेल्थ और लाइफ पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ ऐसे योगासन हैं, जिन्हें वे अपनी दिनचर्या में शामिल कर अपने तन-मन को स्वस्थ रख सकती हैं। जैसे-भ्रामरी प्राणायाम मन को शांत करता है और बौद्धिक क्षमताओं को बढ़ाता है। इसका अभ्यास मानसिक तनाव या एंजाइटी से उबारता है। यह शरीर के समस्त अंगों की शक्ति को बढ़ाता है और मन की चंचलता को दूर करता है।



इस प्राणायाम का अभ्यास करने से त्वचा पर पड़ने वाली झांइयों और रिंकल से भी मुक्ति मिलती है। इस प्रक्रिया को 10 से 15 बार आसानी से किया जा सकता है। इसी तरह अनुलोम-विलोम प्राणायाम भी बहुत फायदेमंद है। इसमें दोनों नासिकाओं से बारी-बारी से पूरक और रेचक किया जाता है। इससे नाड़ियों की सफाई होती है और व्याधियों पर नियंत्रण प्राप्त होता है। इसके अलावा 'ओउम' के उच्चारण से और ध्यान केंद्रित करने से हमारे हृदय और मस्तिष्क की शक्ति बढ़ती है और हृदय रोग नहीं होते हैं। इसके उच्चारण से पिट्यूटरी ग्रंथि की क्रियाशीलता बढ़ती है और शरीर में प्राणवायु का संचार होता है।

किसी भी योगासन का अभ्यास करने से पहले अनुभवी योगाचार्य से उसका प्रशिक्षण जरूर प्राप्त कर लें। *

**(मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व योगाचार्य उदय जी और भोपाल के योगाचार्य पवन गुरु जी से बातचीत पर आधारित)**

न्यू ट्रेंड

डीजे नंदन

ब्रेन योग वास्तव में दिमाग की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने का एक सरल तरीका है। इसके प्रभाव को देखते हुए नई पीढ़ी के लोग ब्रेन योग के जरिए मानसिक एकाग्रता को और ज्यादा बेहतर बनाकर मानसिक तीव्रता हासिल करने की कोशिश करते हैं।

## यंगस्टर्स में बढ़ रहा ब्रेन योग का क्रेज

ब्रेन योग से दिमाग सिर्फ स्थिर या संतुलित ही नहीं रहता बल्कि इसकी कार्यप्रणाली भी तीव्र और बेहतर होती है। यह एक किस्म का मानसिक व्यायाम है। यह मस्तिष्क की तरंगों को खासतौर पर चैनलाइज करने की प्रक्रिया है और इस पर नियंत्रण करके हम अपने दिमाग को पारंपरिक तरीके से कहीं बेहतर रूप में विकसित कर सकते हैं। इस योग प्रक्रिया के जरिए हम अपने दिमाग के विभिन्न हिस्सों से न सिर्फ मजबूत संबंध स्थापित कर सकते हैं बल्कि उन्हें खासतौर पर नियंत्रित भी कर सकते हैं। इससे दिमाग का फोकस बढ़ता है, दिमागी ऊर्जा का जबरदस्त संचार होता है।



**निखरती है पर्सनालिटीः** ब्रेन योग के कुछ फायदे लोगों के समूचे व्यक्तित्व में दिखते हैं। मसलन, ऐसे लोगों की स्मार्टनेस साफ तौर पर नजर आती है। कुछ लोगों के कार्यपरिणामों में उनकी कुशलता या स्मार्टनेस दिखती है। पब्लिक डीलिंग में ऐसे लोग होते हैं, तो उन पर आम लोग कहीं ज्यादा भरोसा करते हैं, क्योंकि उनके समूचे व्यक्तित्व पर आत्मविश्वास झलक रहा होता है।



**मन-मस्तिष्क में बने संतुलनः** ब्रेन योग हमारे मन और मस्तिष्क पर एक मनोवैज्ञानिक संतुलन साधने की तरकीब भी है। इससे हमारे सोचने की क्षमता तो बढ़ती ही है, हमारे सोचने की दिशा ज्यादा रचनात्मक भी बनती है। याद्दाश्त बढ़ना तो इस योग के शुरुआती और बहुत मामूली फायदों में से है। जब हम नियमित रूप से सुपर ब्रेन योग की प्रैक्टिस करते हैं और इसमें दक्षता हासिल कर लेते हैं तो इसका असर हमारे कामों और लिए गए निर्णयों में भी दिखता है। तब हमारे काम ज्यादा सफाई से किए गए होते हैं और हमारे लिए गए निर्णय कहीं ज्यादा स्पष्ट और प्रभावशाली होते हैं। अगर इसे तकनीकी भाषा में कहें तो सुपर ब्रेन योग दरअसल, हमारे दिमाग के दो हिस्सों को एक साथ नियंत्रित करने का तरीका है। माना जाता है कि हमारे मस्तिष्क के दो भाग हैं, एक दायां भाग और एक बायां भाग। आमतौर पर एक समय में मस्तिष्क का एक ही हिस्सा काम करता है, दूसरा हिस्सा निष्क्रिय रहता है। लेकिन ब्रेन योग के अभ्यास से हमारे दिमाग के दोनों हिस्से एक ही समय पर एक ही दिशा में सक्रिय हो सकते हैं।

**सरल तरीका-भरपूर प्रभावीः** कई बार हमारे सामाजिक व्यवहार में कुछ ऐसी गतिविधियां शामिल होती हैं, जिनका मतलब हम नहीं जानते, लेकिन वे बहुत दूरगामी लक्ष्य को साध रही होती हैं, जैसे- पुराने जमाने में जब किसी छात्र को शिक्षक द्वारा बार-बार पूछे गए सवाल का जवाब नहीं आता था, तब शिक्षक उन्हें दोनो कान पकड़ने या मुर्गा बनने की सजा देते थे। लेकिन अब कई योगाचार्य बता रहे हैं कि वास्तव में यह सजा एक सुपर ब्रेन योग था। एक साथ दोनो कान पकड़ने से हमारे दिमाग का ग्रे-मैटर बढ़ता है और इससे हमारे निर्णय लेने की क्षमता और हमारा फोकस बढ़ता है। यही वजह है कि आजकल योगाचार्य बच्चों को ब्रेन योग कराने की सलाह देते हैं। *

**आमंत्रित हैं लेख...**

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035

या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम आयोजित

# सिकलसेल के उन्मूलन के लिये राज्य शासन करेगी हर प्रयास : मंत्री राकेश सिंह

जबलपुर।




विश्व सिकल सेल दिवस पर बुधवार को जिला अस्पताल में सिकलसेल एनीमिया के उन्मूलन को लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने विधायक अशोक रोहाणी एवं डॉ अभिलाष पाण्डेय के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में लोक निर्माण मंत्री सिंह ने कहा कि सिकलसेल एक अनुवांशिक बीमारी है और हमारा देश वर्ष 2047 तक इसके उन्मूलन के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत रहेगी। हम सब जागरूक होकर इस बीमारी रूपी अभिशाप को ख़त्म कर सकते हैं। जो भी इस बीमार से पीड़ित है उन्हें विवाह पूर्व काउंसलिंग अवश्य करानी चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि जागरूकता ही कमी के कारण ही यह बीमारी फैल रही है इसके कारण शरीर के आवश्यक अंग प्रभावित होते हैं इसलिए इसकी रोकथाम जरूरी है। विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि सिकलसेल की रोकथाम के लिए नियमित जांच एवं उपचार शिविर आयोजित किए जाते रहना चाहिए सिर्फ स्वास्थ्य विभाग ही नहीं हम सब की यह जिम्मेदारी है इसके उन्मूलन के लिये लोगों में जागरूकता पैदा की जाये। प्रारम्भ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया जा रहा है जिसमें सिकल सेल एनीमिया मरीजों की जांच कर निशुल्क उपचार किया जायेगा। साथ ही निशुल्क दवा वितरण, परामर्श एवं जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का वितरण भी सिकल सेल से पीड़ित बच्चों को किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया उपचार एवं फॉलोअप कार्ड पुस्तिका का विमोचन भी अतिथियों के द्वारा किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में डिंडौरी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित किये गये राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर भी सिकलसेल उन्मूलन जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की गईं।



# यातायात व्यवस्था करने विधायक ने किया पैदल मार्च

**अभिलाष पांडे ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं व्यापारी बंधुओ के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया**

जबलपुर। उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के सेवक डॉ.अभिलाष पांडे ने विधानसभा के व्यापारिक क्षेत्र सराफा, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, कोतवाली फूटाताल,खटीक मोहल्ला, गंजीपुरा, लॉर्डगंज क्षेत्र,तुलाराम चौक तक प्रशासनिक अधिकारियों, सराफा एसोसिएशन एवं अन्य व्यापारियों के साथ क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अतिक्रमण एवं अव्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया तथा क्षेत्र में सुव्यवस्ता को लेकर व्यापारियों से आग्रह भी किया। इस दौरान विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि क्षेत्र में व्यापार को लेकर व्यापारियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसलिए यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने की बहुत आवश्यकता है साथ ही व्यापारियों की भी ये जिम्मेदारी है कि वह अपने व्यापार क्षेत्र में वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़ा करें एवं अतिक्रमण आदि को भी ध्यान में रखकर व्यापार करें।साथ ही यातायात जीवन सुरक्षा की दृष्टि से एक नियमबद्ध प्रक्रिया है ताकि किसी भी शहर का यातायात सुव्यवस्थित रह सके। इस कारण यातायात नियमों का पालन करके सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि छोटी सी भी गलती हो जाने से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो सकती है ।इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात प्रदीप शिंदे, नगर निगम अपर आयुक्त ,साराफा एसोसिएशन के सदस्य और अन्य व्यापारी बंधु उपस्थित थे साथ ही राजा सराफ,कैलाश साहू, संतोष लालवानी,अभिषेक तिवारी , मनीष जैन कल्लू,सुशील सोनी,महेंद्र ओसवाल, ,श्रीकांत कुक्की,गोपाल चौधरी,आदि उपस्थित रहे।



## वत्सला महिला पैराडाइज क्लब की सदस्यों ने पौधरोपण का लिया संकल्प

**जबलपुर**। वत्सला महिला पैराडाइज क्लब की बैठक 19 जून को क्लब हाउस में अध्यक्ष ज्योति परांजपे की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें मायके की सुनहरी यादों के साथ विशेष रूप से जल संरक्षण एवं पर्यावरण पर चर्चा की गई। इस अवसर पर श्रीमती परांजपे ने बताया कि जिस प्रकार से ग्लोबल वार्मिंग हो रही है उसका मुख्य कारण वृक्षों की अंधाधुंध कटाई है, जिसकी वजह से पर्यावरण में असंतुलन पैदा हो गया है, उन्होंने जल संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास करने पर प्रकाश डाला। बैठक में क्लब की महिलाओं ने प्रति सप्ताह अलग-अलग स्थानों पर पौधरोपण का प्रण लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ज्योति परांजपे, नीता गुप्ता, शशि बाला पारे, रमा पटेरिया, शर्मिला कसेरा, आशा अग्रवाल, विभा वर्मा, गीता अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## संस्कारधानी आर्टिस्ट आर्गनाइजेशन वरिष्ठ कला साधकों को करेगी सम्मानित

जबलपुर।




गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित संस्था संस्कारधानी आर्टिस्ट आर्गनाइजेशन जबलपुर एवं इंडियन मेडीकल एसोसियेशन द्वारा विश्व संगीत दिवस पर त्रिदिवसीय संगीत समारोह का आयोजन 19, 20 एवं 21 जून को आईएमए हाउस लिज्जत पापड़ के पास राइट टाउन में किया जा रहा है, जिसके समापन अवसर पर 21 जून को शाम 07 बजे नगर के ख्यातिलब्ध 51 वरिष्ठ कला साधकों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी संस्था अध्यक्ष बबलू मैथ्यूज, सचिव जयप्रकाश गूजर व अन्य पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी। आयोजन के दूसरे दिन 20 जून को प्रातः 09 बजे से सिविक सेंटर पार्क में पौधरोपण किया जाएगा तथा 21 जून को प्रातः 8.30 बजे से सुंदर कांड का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात जोन अनुसार कलाकारों द्वारा गीत, संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी जो कि पूरे दिन भर चलती रहेगी। तदोपरांत शाम 07 बजे से अभिनंदन समारोह के साथ आयोजन का समापन होगा, जिसमें नगर के ख्यातिलब्ध वरिष्ठ कला साधकों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में बबलू मैथ्यूज, जयप्रकाश गूजर, डॉ. अविजित विश्नोई, डॉ. आदित्य परिहार, डॉ. अमरेन्द्र पांडे, डॉ. पवन स्थापक, नवनीत श्रीवास्तव, अमित परनामी, मकरंद, पप्पी सहयोगी, रीतू दुबे, राज वर्मा, गुलाम गौस, तिलकसिंह कश्यप, दिलीप कोरी, मनोज शर्मा, आशुतोष कटरहा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## सूर्यांश रघुवंशी एयर फोर्स में फाइटर पायलट नियुक्त

**जबलपुर**। द एल्युमिनी ऑफ क्राइस्ट चर्च स्कूल आर्गनाइजेशन के युवा सदस्य सूर्यांश रघुवंशी का चयन भारतीय एयर फोर्स में फाइटर पायलट के रूप में हो गया है, इस उपलब्धि पर उन्हें रोहित खन्ना, प्रदीप नायडू, रविन्दर सिंह रील ने पुष्पमाला एवं उपहार से सम्मानित किया।

## मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ भोपाल में करेगा धरना प्रदर्शन





**जबलपुर**। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण संभागीय प्रकोष्ठ अध्यक्ष वैद्यनाथन अय्यर ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रांतीय आवाहन पर नीलम पार्क भोपाल में विशाल धरना प्रदर्शन 21.6.2024 को किया जावेगा जिसमें संभागीय शाखा जबलपुर, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण बरगी हिल्स शाखा, बरगी नगर शाखा से हजारों कर्मचारी प्रांतीय महामंत्री अजय दुबे के नेतृत्व में भोपाल रवाना हो रहे हैं।

## भारतीय सफाई मजदूर संघ ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर**। भारतीय सफाई मजदूर संघ ने आयुक्त नगर निगम व महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को ज्ञापन सौंपकर बताया कि पूर्व में सफाई मजदूरों के हितों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था जिस पर आज तक कार्यवाही नहीं की गई। संघ ने सफाई कर्मी जो पढ़े-लिखे हैं उन्हें योग्यता अनुसार कार्य दिए जाने, सेवानिवृत्ति के दिन ही एक मुश्त राशि प्रदान किए जाने, सीनियरिटी लिस्ट के अनुसार प्रमोशन दिए जाने एवं वर्षों से नगर निगम के सरकारी क्वार्टरों में निवासरत कर्मचारियों को मालिकाना हक दिए जाने की मांग की। ज्ञापन देते समय अमर ग्रांवकर, राजू वमन, राकेश कुंवर, मनीष बिरहा, प्रकाश नन्हेट, विक्रम पारस, ओमप्रकाश गहोरिया, हेमन्त मलिक, सुरेन्द्र लखेरा, राजकुमार वर्षे, राजेश मार्वेकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में देवेन्द्र, सलमान, मोरिस, निसार को पदक

**जबलपुर**। जिला एमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ द्वारा गीतायन प्रेक्षागृह में आयोजित कामगार यूनियन एवं मुल्तानी व्यायाम शाला द्वारा प्रायोजित 70वीं जिला बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में नायडू व्यायाम शाला में राष्ट्रीय निर्णायक व प्रशिक्षक शकील अनवर के मार्गदर्शन में अभ्यासरत देवेन्द्र तिवारी, मुह. सलमान सिद्दीकी ने विभिन्न खिताबों में भाग लेते हुए अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक और निसार अहमद अंसारी व मोरिस मंसूरी ने क्रमशः रजत एवं कांस्य पदक अर्जित कर व्यायाम शाला का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की सफलता पर डॉ. राकेश तिवारी, एड. अशोक गुप्ता एवं लखन नायक ने बधाई प्रेषित की है।



## धूमधाम से मनाया गया स्वर्ण जयंती समारोह



जबलपुर। धार्मिक सांस्कृतिक एवं उत्कृष्ट समाज सेवा एवं लोकहित के कार्यों के अपने 50 वर्षों के विराट अस्तित्व का उत्सव 18 जून को मानस भवन में दोपहर 2:00 बजे दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से प्रारंभ हुआ। विशेष आकर्षण प्रस्तुतियों में पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का जीवंत चित्रण, श्री आदिवीर स्त्रोतम एवं राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अहीर नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पवन जैन महानिदेशक दूरसंचार मुंबई, विशिष्ट अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नु महापौर, डॉ. इंदु जैन राष्ट्र गौरव दिल्ली, कार्यक्रम अध्यक्ष वीरेश सेठ राष्ट्रीय मंत्री भारत वर्षीय तीर्थक्षेत्र कमेटी, गौरव अध्यक्ष कैलाश चंद जैन अध्यक्ष दिगंबर जैन पंचायत सभा का आतिथ्य प्राप्त हुआ। संस्था द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक अभिलाष पांडे, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, समाजश्रेष्ठी, गणमान्यजन, साहित्यकार एवं नगर के सभी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु ने श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर की मुख्य सड़क एवं महाराष्ट्र बैंक राइट टाउन की मुख्य सड़क को जोड़ने वाले पैदल पथ को अहिंसा पथ घोषित किया।

## शिक्षिकों को अब तक नहीं मिला उच्च पद प्रभार

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन एवम प्रांतीय सचिव दिनेश गोंड ने बताया कि उच्च पद पर प्रभार एक पहेली बनकर रह गई है लगभग 9 माह बीत जाने के बाद भी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के शिक्षकों (अध्यापक संबर्ग एवं शिक्षक सवर्ग) को उच्च पद का प्रभार नहीं मिल सका. इसके लिए कौन जिम्मेदार है, क्यों की कॉउंसलिंग के 9माह बीत जाने के बाद भी आदेश नहीं हो सके. ये सारे प्रश्न पहेली बने हुए हैं और जिम्मेदार लोग मौन सादे हुए हैं जबकि अधिकांश जिलों में उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया पहले ही पूर्ण कर ली गई और आदेश भी जारी हो चुका है परंतु जबलपुर संभाग में सिर्फ और सिर्फ सूची में सुधार होता रहता है। संघ के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ]जियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरे, आशाराम झरिया, दिनेष गौड, राजेश सहारिया , राकेश श्रीवास, धनराज पिल्ले, रऊफ खान,विनोद सिंह,संतोष चौरसिया ,सुरेंद्र चौधरी,एस.बी.रजक, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, अफरोज खान, फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, योगेष ठाकरे, विनय रामजे, सुनील झारिया, उमेष ठाकुर, आदि ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर से मांग की है कि प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के शिक्षको के उच्च पद प्रभार के आदेश शीघ्र जारी किए जाए अन्यथा संगठन मजबूर होकर आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## स्वयं और समाज के लिए योग थीम के साथ

# तरंग प्रेक्षागृह में होगा सामूहिक योगाभ्यास

**जबलपुर**। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्राrय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में विद्युत परिवार के समस्त कार्मिकों व उनके परिजन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'स्वयं और समाज के लिए योग' (योगा फॉर सेल्फ एन्ड सोसायटी) थीम के साथ सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 6.30 बजे से 7.30 बजे तक तरंग प्रेक्षागृह प्रांगण में किया गया है। बारिश की स्थिति में यह कार्यक्रम कल्याण भवन में आयोजित होगा। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने जानकारी दी कि दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर अधिक से अधिक लोगों की सामूहिक योगाभ्यास में भागीदारी को दृष्टिगत रखते हुए रंग प्रेक्षागृह परिसर में केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में निःशुल्क योग शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा योग की उपादेयता एवं सूर्य नमस्कार के प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण सत्र में विद्युत कार्मिक व उनके परिजन उत्साह से भाग ले रहे हैं। सामूहिक योगाभ्यास भारत सरकार के आयुष विभाग द्वारा जारी कॉमन प्रोटोकॉल के अंतर्गत किया जाएगा। केन्द्राrय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने जबलपुर स्थित सभी विद्युत कंपनियों के कार्मिकों व उनके परिजनों से सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेने का अनुरोध किया है।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 15706325H RANK HAV NAME RAMKRISHNAN D S/O DEVATHUNAI R UNIT 1 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP) I, have changed name of my **SON** from **R ESAKKI ASHWIN** (name as per my army service record) to **ESAKKI ASHWIN R** (name as per my **SON, BIRTH CERTIFICATE** vide affidavit dated **14/06/2024** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME- ESAKKI ASHWIN R
INCORRECT NAME-R ESAKKI ASHWIN

# कृषि विवि में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर



**जबलपुर**। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के आंचलिक खेल परिसर में छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों,कर्मचारियों एवं कृषिनगर के निवासियों हेतु निशुल्क 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में प्रतिदिन प्रात 6.30 से 7.30 तक योग प्रशिक्षक नंदप्रकाश के सानिध्य में छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक, वैज्ञानिक, अधिकारीगण एवं कृषिनगर के निवासी नियमित योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इसी श्रृंखला में विश्वद्यालय के खेल अधिकारी डॉ. आशीष कुमार निगम एवं डॉ. धर्मेन्द्र सिंह नरवरिया के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ हेतु व्यायाम एवं विभिन्न इन्डोर खेलों का प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अमित कुमार शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने बताया कि विवि. के इस 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में योगयुक्त स्वस्थ्य जीवन शैली आधारित अनेक कार्यशालाएं भी आयोजित की गई हैं, डॉ. अमित कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि विवि. के इस 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम के प्रशिक्षण के साथ-साथ 21 जून 2024 को कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में 10 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

# पेंशनर का प्रथम रिवाइज्ड पीपीओ जबलपुर में जारी हुआ

जबलपुर।



मध्यप्रदेश शासन ने 01.01.2016 के पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को एक वेतन वृद्धि देने के आदेश एवं समस्त शासकीय प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात प्रदेश में रिवाइज्ड पीपीओ वीपी शुक्ला एवं राजेन्द्र तिवारी को अभय वर्मा, कमिश्नर जबलपुर संभाग एवं सहायक आयुक्त श्री यादव द्वारा प्रदान किया गया। जिसमें संभागीय पेंशन अधिकारी अजय शमदेकर, सहायक पेंशन अधिकारी अमित चौबे, सचिन झा, भुवन शर्मा एवं संभागीय पेंशन कार्यालय के कर्मचारियों का विशेष प्रयास रहा। इस अवसर पर प्रोगेसिव एसोसियेशन के जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. अरुण पांडे, उपाध्यक्ष केके शुक्ला, सतीश दुबे, एमएल शर्मा, एसपी दुबे, प्रफुल्ल तिवारी, डॉ. भारती पाठक, पुष्पलता त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। यह याचिका मान. उच्च न्यायालय के आदेश के पश्चात ही मप्र शासन ने प्रदेश शासन के सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को जिनकी सेवानिवृत्ति तिथि 30 जून थी उन्हें एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि का लाभ देकर रिवाइज्ड पीपीओ जारी किया है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/57
दिनांक :- 19/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमती भाग्य लक्ष्मी दुबे पति डॉ. अभिषेक दुबे (2) डॉ. अभिषेक दुबे पिता श्री भवानी प्रसाद दुबे ने मकान नं. 932,932/1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 613 व.फु., प्रथम तल 613 व.फु., द्वितीय तल 613 व.फु. विक्रय पत्र/खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## सीएम साय ने की धान की बुआई



रायपुर/बगिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया स्थित निवास में ग्राम देवता और ईष्ट देवता की पूजा-अर्चना कर खेत में धान की बुआई शुरू की। श्री साय ने अपने खेत में धरती माता की पूजा-अर्चना कर विधिवत रूप से बुआई प्रारंभ की। उन्होंने प्रदेश के सभी अन्नदाताओं के अच्छे फसल के लिए कामना की।

# भीड़ के गुस्से का शिकार तीसरे मवेशी कारोबारी ने भी तोड़ा दम, पुलिस बयान तक नहीं ले सकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में 11 दिन पूर्व नदी मोड़ स्थित महानदी पुल पर पशु तस्करी के मामले में ट्रक ड्राइवर तथा एक अन्य की पुल से गिरकर मौत मामले के चश्मदीद घायल क्लीनर सद्दाम की पुलिस में बयान दर्ज कराने के पहले अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पूरे मामले की जांच अब तकनीकी जांच पर ही आकर टिक गई है। सद्दाम का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने लाश परिजनों को सौंप दी है। परिजन अंतिम संस्कार करने सद्दाम की लाश सहारनपुर लेकर गए हैं। गौरतलब है कि छह-सात जून की दरमियानी रात महासमुंद के रास्ते ओडिशा पशु तस्करी करने के आरोप में ट्रक में पशु ले जा रहे ट्रक ड्राइवर चांद मियां, गुड्डू खान तथा सद्दाम के साथ भीड़ ने बुरी तरह से मारपीट की थी। मारपीट की घटना के बाद चांद मियां की लाश तथा गुड्डू खान और सद्दाम घायल अवस्था में पुल के नीचे मिले थे। उपचार के लिए अस्पताल ले जाते गुड्डू ने रास्ते में दम तोड़ दिया था। ट्रक ड्राइवर तथा दो अन्य ने भीड़ को देख जान बचाने के लिए पुल से नीचे कूदे थे या फिर उन्हें मारकर फेंका गया, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। इस बात की पुष्टि सद्दाम के बयान से होती, लेकिन उसकी भी अब मौत हो चुकी है।

- हत्या की गुत्थी सुलझाने पुलिस के पास केवल तकनीकी विकल्प बाकी

### तीनों मृतकों के सिर तथा शरीर में चोट के निशान

पशु तस्करी मामले में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनके सिर तथा शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोट के निशान पाए गए हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि भीड़ ने ट्रक ड्राइवर तथा उसके साथियों के साथ मारपीट की है। इसके बाद तीनों पुल से नीचे कैसे गिरे, यह अब तक स्पष्ट नहीं है।



# बैन के बाद भी सीना छलनी

**रायपुर।** आदेश पालन करने की जिम्मेदारी जिन स्थानीय अफसरों के जिम्मे है अगर वही अवैध खेल में शामिल हो जाएं तो फिर कैसा आदेश और कहां का आदेश। ऐसा ही कुछ हो रहा है छत्तीसगढ़ में। हरिभूमि और आईएनएच की टीम ने पूरे छत्तीसगढ़ में अवैध रेत खनन की खबर ली। जो तस्वीर सामने आई वह भयावह है। लोकल अफसर जैसे रेत में शुतुरमुर्ग की तरह सिर गड़ाकर बैठ गए हैं। उन्हें कुछ दिखता नहीं या देखना नहीं चाहते। कोई रोकने वाला नहीं, कोई टोकने वाला नहीं। खुलेआम रेत खुदाई जारी है। हरिभूमि ने मंगलवार को रायपुर, धमतरी, महासमुंद, बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर, राजनांदगांव, गरियाबंद, जांजगीर चांपा, रायगढ़ और बेमेतरा सहित अन्य जिलों के रेत खदानों की लाइव पड़ताल की। इस पड़ताल में एनजीटी और प्रशासन दोनों के निर्देश कागजों में ही सिमटते नजर आए, क्योंकि प्रतिबंध लगने के 3 दिन बाद भी खदानों में रेत का उत्खनन धड़ले से जारी दिखा। **राजनादंगांव जिले में भी जारी है उत्खनन** राजनांदगांव जिले के अधीन आने वाले डोंगरगांव क्षेत्र की नदियों से रोजाना रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है। शासन को नुकसान होने के बाद भी विभागीय अधिकारी मूक दर्शक बने हुए है। इस कारोबार में राजनीतिक पार्टी से जुड़े लोगों का भी संरक्षण प्राप्त है, जिससे सभी चांदी काट रहे हैं। डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम बगदई, घुघवा साल्हे, मटिया, अर्जुनी, घोरदा, करियाटोला, रातापायली, रुदगांव, बरगांव और दर्रा आदि से रेत पार किया जा रहा है। खनिज माफिया रात 10 बजे के रेत निकासी करने एक्टिव हो जाते है और फिर भोर होने तक विभिन्न नदियों से रेत निकासी का खेल चलते रहता है। सूरज निकलने के बाद रेत का परिवहन करते हुए आर्डर वाले ठिकानों पर पहुंचा दिया जाता है। इसके अलावा रेत का अवैध रूप से भंडारण भी किया जा रहा है। घोरदा सहित कई गांवो में रेत का भंडारण करने का खुलासा भी हुआ किन्तु अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से इस पर रत्ती भर भी अंकुश नहीं लगा है। **बिलासपुर में सेंदरी के दोनों रेत घाट में अंधाधुंध रेत खुदाई -** सेंदरी नदी के दोनों रेत घाट और कोटा तक पड़ने वाले सभी घाटों में रेत की अवैध खुदाई हो रही है। अरपा नदी पर एक भी रेत घाट को जिला प्रशासन ने ठेके पर उत्खनन की अनुमति नहीं दी है। दूसरी ओर 15 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी के नियमानुसार रेत खदान बंद रहेंगी लेकिन यह सब कागजों में है और रहेगा। माफिया भी अवैध उत्खनन में जुटे हुए हैं। शहर से लगे ग्राम कछार में रात में अवैध उत्खनन, डंप करने और सप्लाई का खेल जारी है। **अवैध भंडारण कर तीन गुने दाम में बेच रहे-** जिन रेत घाटों को खनिज विभाग ने बंद किया था, उसे फिर से खोलकर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। खानापूर्ति की कार्रवाई के कारण रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। मंगला, लोखंडी, तुर्काडीह, निरतु, कछार, सेंदरी के साथ ही अरपा नदी के किनारे बसे कई गांवों में अवैध भंडारण हो रहा है। ज्यादा बारिश होने पर नदी में पानी का बहाव तेज हो जाएगा और रेत निकालना मुश्किल होगा।

### बिहार में लू लगने से 24 घंटे में 16 लोगों की मौत

**पटना।** बिहार में मॉनसून आने से पहले भीषण गर्मी का दौर जारी है। सूबे में वातावरण का पारा चढ़ा हुआ है। गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। लू से सूबे के विभिन्न जिलों में 14 लोगों की मौत हो गई। औरंगाबाद और जहानाबाद में सबसे ज्यादा 5-5 लोगों की जान गई। वहीं, आरा, बक्सर, कैमूर और नालंदा में एक-एक की मौत हीटवेव से गई। आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि हिमाचल प्रदेश जैसा पहाड़ी राज्य भी अछूता नहीं रहा। हिमाचल के कुछ इलाकों में अगले दो दिनों तक गर्मी को लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य की कुछ जगहों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## बड़ा दावाः बीमारियों से मिल रही राहत, जोड़ों के दर्द और अन्य बीमारियों का इलाज

# छह साल का बच्चा सरसों तेल से दूर कर रहा 'दर्द'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

खास खबर

पखांजूर में एक 6 साल के बालक के चमत्कारी तेल से कई प्रकार के दर्दकारक बीमारियों में आराम मिलने का दावा किया जा रहा है। बालक द्वारा दिए गए सरसों तेल से सुबह- शाम मालिश करने पर आराम मिल रहा है। जिसके चलते दूर-दराज से लोग पखांजूर पहुंच रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पखांजूर के पीव्ही 132 गांव निवासी धरवा मंडल कुछ साल पहले गांव छोड़कर ओडिशा चला गया था। अब अपने 6 वर्षीय बेटे शिवम मंडल के साथ वापस गांव पहुंचा है। गांव की एक महिला का हाथ- पैर में दर्द होने के कारण चल नहीं पा रही थी और परेशान थी। जिसे देखकर इस छोटे बच्चे ने सरसो तेल दिया और सुबह-शाम मालिश करने को कहा।





### तेल में फूंक मारा और सिर पर रखा हाथ

इलाज कराने पहुंचे रमेश मंडल, बितिका राय, भावेश हालदार क्षेत्रवासी, गणेश कोमरा पंडरीपानी निवासी ने बताया 6 वर्ष का बच्चा सरसों तेल में फूंक मारकर और सिर में हाथ रखकर घर जाने को कहते हैं। रोजना सुबह-शाम तेल मालिश करने कहता है। बताया जा रहा है कि तेल से कई गम्भीर बीमारियों से पीड़ति लोगों को आराम मिल रहा है।

### पिता बोले- मेरा बेटा शिवभक्त

पखांजूर क्षेत्र में छोटे से इस बच्चे का काम भारी चर्चा का विषय बना हुआ है। अब दूरदराज से भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। पिता धरवा मंडल की माने तो उनके बच्चे 1 साल पहले से घर में शिव मंदिर में पूजा पाठ करते हैं। अक्सर शिव भगवान की पूजा में लगे रहते हैं। उसके पास कई बीमारियों से पीड़ति रोगी आते हैं। उनको तेल देते हैं और बदले में किसी भी प्रकार फीस नहीं लेते, जो जैसा दान के रूप में देते हैं, वह रख लेता है। उन्होंने बताया सप्ताह में सिर्फ दो दिन शनिवार और सोमवार को ही यहाँ बैठते हैं।

### लॉरेंस बिश्नोई का नया वीडियो आया सामने

# पाकिस्तान के डॉन को ईद की बधाई, एजेंसियां अलर्ट

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मास्टरमाइंड गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह पाकिस्तान के डॉन शहजाद भट्टी को ईद की बधाई देता दिख रहा है। वीडियो सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं, क्योंकि लॉरेंस इस समय गुजरात की सबसे सुरक्षित साबरमती जेल में बंद है। 17 जून को ईद थी। इस वजह से माना जा रहा है कि ये 17 जून का ही वीडियो है। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। 17 सेकंड का ये वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो चुका है। लॉरेंस को पिछले साल बठिंडा जेल से साबरमती जेल में शिफ्ट किया गया था। इस वीडियो कॉल में लॉरेंस भट्टी को ईद मुबारक कह रहा है। जवाब में भट्टी कह रहा है कि आज नहीं है। दुबई वगैरह में आज हो गई है। पाकिस्तान में कल होगी। इस पर लॉरेंस ने पूछा कि पाकिस्तान में आज नहीं है। इस पर भट्टी ने जवाब दिया कि नहीं।



### विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने बिश्नोई के वीडियो पर सवाल उठाते हुए कहा कि जेल से ही लॉरेंस पाकिस्तान के गैंगस्टर को बधाई दे रहा है। इससे पहले पंजाब जेल में उसके लाइव इंटरव्यू देने का मामला सामने आया था। मजीठया ने कहा कि तब मामले को लेकर सीएम मान ने एक एसआईटी गठित की थी, लेकिन अब तक उसमें कुछ भी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अभिनेता सलमान खान को बिश्नोई की गैंग सरेआम धमकी दे रही है। उन्होंने कहा कि जेल से ही इस तरह की गतिविधियां बड़े सवाल खड़ी करती हैं। इससे पता चलता है कि आम लोग कितने असुरक्षित हैं।

## आईपीई और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एनआईएसएम) समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**हैदराबाद।** आईपीई और एनआईएसएम ने वित्तीय बाजारों के क्षेत्र में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने और एनआईएसएम से उचित प्रमाणपत्रों के माध्यम से आईपीई में पीजीडीएम छात्रों के कौशल सेट में सुधार करने के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने के लिए समझौता ज्ञापन में प्रवेश किया है। एमओयू पर प्रोफेसर एस श्रीनिवास मूर्ति, निदेशक वीई और संजीव बजाज महाप्रबंधक एनआईएसएम द्वारा हस्ताक्षरित किए गए। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर वी.श्रीकांत, डीन (शिक्षाविद), प्रोफेसर चौधरी लक्ष्मी कुमारी, डीन (अनुसंधान), डॉ. केवी रमेश, समन्वयक - एमओयू और सहयोग और अन्य संकाय सदस्यों ने भाग लिया। इसमें नियमित पीजीडीएम कार्यक्रम करने के अलावा छात्र विभिन्न प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम अपना सकते हैं, जिनमें सिक्योरिटीज मार्केट फाउंडेशन, म्यूचुअल फंड वितरक प्रमाणन, प्रतिभूति संचालन और जोखिम प्रबंधन प्रमाणन, इक्विटी डेरिवेटिव प्रमाणन, निश्चित आय प्रतिभूति प्रमाणन, अनुसंधान विश्लेषक प्रमाणन और वैकल्पिक निवेश फंड वितरक प्रमाणन आदि शामिल हैं। ये प्रमाणपत्र आईपीई में छात्रों के लिए प्लेसमेंट के अवसरों में जबरदस्त वृद्धि करेंगे।

# खूंटी जिला प्रशासन की अनोखी पहल

**रांची।** उपायुक्त, लोकेश मिश्रा की पहल पर जिले में पहली बार सिकेल सेल एनिमिया से पीड़ति व्यक्ति को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, खूँटी के द्वारा स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना के तहत पेंशन की स्वीकृति दी गई है। प्रथम चरण में खूँटी प्रखण्ड के 3, कर्रा 3, मुरहू 2, तोरपा 1 कुल 09 व्यक्ति शामिल हैं। इस योजना के तहत प्रति माह 1000 रू की राशि लाभार्थियों को आजीवन दी जाएगी। भविष्य में यदि सिकेल सेल एनिमिया से पीड़ति व्यक्ति की पहचान होती है तो उन्हें भी इस योजना से जोड़ा जाएगा।

जिले में कुल 99165 व्यक्तियों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया है जिनमें से कुल-114 सिकल सेल के लक्षण पाये गये तथा कुल 46 व्यक्ति सिकल सेल एनिमिया-थेलेसिमिया रोग से ग्रसित पाये गये जिनमें से 9 व्यक्ति जो 40 प्रतिशत व इससे अधिक सिकल सेल एनिमिया-थेलेसिमिया रोग से ग्रसित हैं उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना के तहत पेंशन दिया जा रहा है। वर्तमान समय में जहां एक ओर स्वास्थ्य सुविधाओं से लोगों की जीवन प्रत्याशा बढ़ी हैं वहीं दूसरी ओर जनजातीय आबादी विभिन्न बीमारियों से ग्रसित है।

इनमें सिकल सेल एनीमिया के संबंध में लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। यह एक वंशानुगत रक्त संबंधी रोग है, ये विकारों का एक समूह है जो हीमोग्लोबिन के उत्पादन को प्रभावित करता है। गंभीर एनीमिया, पीलिया, विकास में देरी और संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। सिकल सेल अनीमिया एक गंभीर रोग है जिसके उपायों और उपचार की जानकारी सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसे लेकर जिले के सभी प्रखण्डों में सिकल सेल एनिमिया-थेलेसिमिया स्क्रीनिंग / जाँच शिविर का आयोजन किया गया था। जिला स्तर से सिकल सेल मोबाईल मेडिकल वैन के द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जाकर लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जा रहा है।

सदर अस्पताल, खूँटी में सिकल सेल एनिमिया रोग से ग्रसित व्यक्तियों को समुचित चिकित्सीय व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिकल सेल एनिमिया-थेलेसिमिया- डे केयर सेन्टर का संचालन किया जा रहा है। इसमें सिकल सेल एनिमिया-थेलेसिमिया से ग्रसित प्रतिमाह औसतन 15 व्यक्तियों को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, उपचार, दवा आदि एवं रक्त उपलब्ध कराये जा रहे है।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

# आकाशियन्स ने जेईई में प्रभावशाली परिणाम हासिल किए

नयी दिल्ली।

आकाशियन्स ने जेईई (एडवांस्ड) 2024 में एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन किया है। हमारे यहाँ से जेईई (एडवांस्ड) 2024 में 3081 होनहार छात्र क्वालिफाइड हुए हैं, जिनमें से 2819 छात्र क्लासरूम प्रोग्राम से हैं और 262 छात्र डिस्टेन्स व डिजिटल कोर्सेज से हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि जेईई (एडवांस्ड) 2024 की परीक्षा देने वाले सभी आकाशियन्स में हर 3 में से 1 आकाशियन ने इस परीक्षा को क्वालिफाइ किया है। जेईई (एडवांस्ड) 2024 की परीक्षा देने वाले कुल आकाशियन्स की संख्या के अनुसार हाल ही में घोषित किए गए जेईई (एडवांस्ड) परिणामों में आकाशियन्स के शानदार परिणाम रहे जिसमें आल इंडिया रैंकिंग के शीर्ष 100 में 9, शीर्ष 500 में 46 एवं शीर्ष 1000 में इस संस्थान के 89 छात्र सफल रहे। हैदराबाद ब्रांच के 2 वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र ऋषि शुक्ला ने एआईआर 25 हासिल किया है। उसने जेईई मेन) 2024 में परफेक्ट 300 / 300 स्कोर के साथ कुल मिलाकर 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किया और वह तेलंगाना स्टेट टॉपर रहा। भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा गणित में अधिक रुचि रखने वाले ऋषि ने अपने माता-पिता से भी प्रेरणा ली, जो इंजीनियरिंग बैकग्राउंड से हैं, उसे अपने कैरियर का चयन करने में उनका निरंतर सहयोग मिला। जेईई (एडवांस्ड) 2024 में एआईआर 67 हासिल करने वाले आकाश के 4 वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम के एक अन्य छात्र है- कृष्णा साई शिशिर। जेईई तथा नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों को तैयार करने में आकाश के मजबूत आधार के महत्व का उदाहरण उन आकाशियन्स की सफलता भी है जो 3-4 वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जैसे कृष्णा साई, अभिषेक जैन (एआईआर 78 - जेईई (एडवांस्ड) 2024 की परीक्षा देने वाले कुल आकाशियन्स की संख्या के अनुसार हाल ही ), उज्ज्वल सिंह (एआईआर 95- जेईई (एडवांस्ड) 2024 की परीक्षा देने वाले कुल आकाशियन्स की संख्या के अनुसार हाल ही तथा रचित अग्रवाल (एआईआर 98 - जेईई (एडवांस्ड) 2024 की परीक्षा देने वाले कुल आकाशियन्स की संख्या के अनुसार हाल ही ) ये सभी आकाश में 4 वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र हैं। इन छात्रों की सफलता हमारे इंस्टीट्यूट तथा हमारे उन शिक्षकों के समर्पण तथा नीतिबद्ध मार्गदर्शन का ही परिणाम है, जो मेडिकल तथा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में युवाओं की अभिरुचि को पूरा करने में सहयोग प्रदान करते रहते हैं।

### सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर की राजनीति में एंट्री

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर की राजनीति में एंट्री होने जा रही है। कमलेश ठाकुर हिमाचल की देहरा विधानसभा सीट का आगामी उपचुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मंजूरी मिलने के बाद मंगलवार को सूची जारी की। कमलेश ठाकुर का नाम पार्टी की ओर से कराए गए एक सर्वेक्षण और स्थानीय नेताओं से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर तय किया गया।




### अजय राय ने पीएम मोदी को दी चुनौती

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार संसदीय क्षेत्र पहुंचे। यहां से उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय से था। राय ने अब उन्हें चुनौती दी है। वह वाराणसी सीट छोड़कर एक बार फिर चुनाव लड़ें और जीतकर दिखा दें। अगर जीत गए तो मैं राजनीति से इस्तीफा दे दूंगा. एक टीवी चैनल से बातचीत में राय ने कहा कि काशी की जनता ने उन्हें वोट तो दिया है लेकिन प्रेम हमें दिया।



## शब्द पहेली - 5547



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

### शब्द पहेली - 5546 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | ■ | ■ | क | लि | का | ■ |
| प | र | ■ | ला | ■ | सा | ग | र | ■ | बु | आ |
| ह | ■ | ■ | प | ह | रा | ■ | ण | ■ | ■ | खे |
| र | स | खा | न | ■ | ■ | म | ■ | क | प | ट |
| ण | ■ | लि | ■ | न | भ | च | र | ■ | रा | ■ |
| ■ | आ | स | ■ | सी | ■ | ल | ■ | ग | स्त | ■ |
| ■ | रा | ■ | प | ह | न | ना | ■ | रु | ■ | ड |
| शा | म | त | ■ | त | ■ | ■ | ता | र | ता | र |
| य | ■ | ■ | तै | ■ | जा | हि | र | ■ | ■ | ल |
| द | म | ■ | र | सी | ला | ■ | पी | ■ | ज | ग |
| ■ | न | गी | ना | ■ | ■ | म | न | भ | र | ना |

## सूडोकू नवताल- 5558

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल- 5557 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## मेघालय में भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-6 बंद

एजेंसी ⏭ शिलांग

मेघालय पुलिस ने जोंवाई-बदरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-6 पर सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन को अगले आदेश तक बंद रखने का निर्देश दिया है। मेघालय के लुम्सनॉग में बाढ़ और कुलियांग में विभिन्न स्थानों पर हुए भूस्खलन के कारण राजमार्ग की स्थिति जर्जर हो चुकी है। मेघालय पुलिस ने एक नोटिफिकेशन के जरिए यह आदेश जारी किया।इस बीच, मेघालय के स्थानीय ग्राम प्रधानों ने भी इस आदेश का स्वागत करते हुए स्थिति को शीघ्र सुधारने की मांग की है। इस राजमार्ग पर बुधवार सुबह से किसी भी वाहन को चलने की अनुमति नहीं दी गई। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क से मलवा खाली कराने और इसकी मरम्मत का काम भी सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी ओर, मेघालय राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एमएसडीएमए) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मेघालय में बीते कुछ दिनों से हो भारी बारिश के कारण अबतक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है।

# असम, मेघालय, सिक्किम में बारिश ने मचाई तबाही

**बचाव कार्य में बाधक बना खराब मौसम**

## सिक्किम में बारिश और लैंडस्लाइड से बुरा हाल 2000 टूरिस्ट्स को एयरलिफ्ट करने की तैयारी


मेघालय

**गंगटोक।** सिक्किम में पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है। इसके अलावा विभिन्न हिस्सों में लैंडस्लाइड के कारण कई पर्यटक फंसे हुए हैं। सिक्किम में लगातार बारिश और लैंडस्लाइड से हालात बिगड़ गए हैं। उत्तरी सिक्किम तबाह हो गया है। यहां अब भी 2000 पर्यटक फंसे हुए हैं। लगातार बारिश के कारण मंगन से लाचुंग तक कई जगहों पर लैंडस्लाइड से सड़क परिवहन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सिक्किम प्रशासन की ओर से पर्यटकों को निकालने की कोशिशें जारी हैं। यहां तक कि पर्यटकों को रेस्क्यू करने के लिए हेलिकॉप्टर भी तैयार हैं, लेकिन खराब मौसम के कारण एयरलिफ्ट करना संभव नहीं हो पा रहा है। करीब 50 पर्यटकों को किसी तरह अस्थायी मार्गों से रेस्क्यू किया गया ।

### एक हफ्ते से फंसे हैं पर्यटक

इससे पहले सोमवार दोपहर मंगन जिले के तूंग में फंसे पर्यटकों को सड़क मार्ग से निकालने का काम शुरू हुआ था। इस टीम को मंगन जिला मजिस्ट्रेट हेम कुमार छेत्री ने लीड किया। कुछ विदेशियों समेत पर्यटक पिछले एक सप्ताह से लाचुंग शहर में फंसे हुए हैं। मंगन जिले के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश और लैंडस्लाइड से सड़क और संचार नेटवर्क ठप हो गए हैं, जिससे देश के बाकी हिस्सों से संपर्क बाधित हो गया है।

### सिक्किम का पश्चिम बंगाल से संपर्क टूटा

*दरअसल, रातभर हुई भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 10 फिर से ध्वस्त हो गया है. सिक्किम का पश्चिम बंगाल से संपर्क टूट गया है. वलुखोला और लिखुवीर इलाकों में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी चट्टानें गिर गईं हैं, जिससे सड़क यातायात के लिए पूरी तरह से बंद हो गया। हालांकि, जिला प्रशासन तेजी से सड़क को सामान्य करने में जुट गया है।*

### लगातार बारिश से बही लाचुंग सड़क

*सिक्किम में लगातार बारिश का असर बंगाल और विशेष रूप से तीस्ता नदी पर पड़ा है. लाचुंग में एक घर बारिश के कारण बह गया. लाचुंग सड़क बह गई. तीस्ता से जुड़ने वाली सिंगतम, रंगफो (सिक्किम) नदी खतरे के स्तर को पार कर गई है, जिससे लोग डरे हुए हैं। दूसरी ओर सिक्किम से आने वाला यह पानी तीस्ता में प्रवेश करता है और तीस्ता का पानी सड़क पर आने से संकट गहरा गया था. पिछले साल दिसंबर के महीने में तीस्ता में लैंडस्लाइड और जल प्रवाह के कारण पूरे इलाके की मुश्किलें बढ़ गई थीं। कई घरों*

**अब तक 29 की मौत, 3000 से अधिक लोग प्रभावित**



सिक्किम







असम

### बाढ़ से 15 जिलों में 1.61 लाख से अधिक लोग प्रभावित

देश के असम राज्य में बाढ़ की स्थिति अभी भी गंभीर है, क्योंकि 15 जिलों में 1.61 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और बाढ़ ने अब तक राज्य में 26 लोगों की जान ले ली है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को हैलाकांडी जिले में बाढ़ के पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाढ़ रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल की बाढ़ ने राज्य में अब तक 26 लोगों की जान ले ली है। करीमगंज जिले में बाढ़ की स्थिति बदतर हो गई है और 41,711 बच्चों सहित 1.52 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बता दें, करीमगंज जिले के नीलमबाजार, आरके नगर, करीमगंज और बदरपुर राजस्व मंडल के अंतर्गत 225 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

## खबर संक्षेप




### टाटा मोटर्स बढ़ाएगी वाहनों की कीमत

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने जिंस कीमतों में बढ़ोतरी के मद्देनजर एक जुलाई, 2024 से अपने वाणिज्यिक वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि जिंस कीमतों में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर वाणिज्यिक वाहनों के दाम में दो फीसदी की वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में ये बढ़ोत्तरी एक जुलाई से वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी, जो अलग-अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से भिन्न होगी। कंपनी ने उत्पादन लागत में बढ़ोत्तरी की वजह से एक अप्रैल, 2024 से कीमतों में दो फीसदी की बढ़ोत्तरी की थी। उल्लेखनीय है कि टाटा मोटर्स देश की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी है। यह ट्रक, बस और अन्य वाणिज्यिक वाहनों का निर्माण करती है।

### गर्मी से एक हफ्ते में 577 हज यात्रियों की मौत



**रियाद।** सऊदी अरब के मक्का में गर्मी के कारण 12 जून से 19 जून के बीच 577 हज यात्रियों की मौत हुई है। पिछले साल यह आंकड़ा 240 था। 17 जून को मक्का की ग्रैंड मस्जिद में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। जानकारी के अनुसार मरने वालों में 323 नागरिक मिस्र के और 60 जॉर्डन के हैं। इसके अलावा ईरान, इंडोनेशिया और सेनेगल के हज यात्रियों की भी मौत हुई है। इनमें कोई भारतीय है या नहीं, यह साफ नहीं हो पाया है। ज्यादातर मौतें गर्मी की वजह से बीमार पड़ने के चलते हुई हैं।

**सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेरा**

# सोपोर में मुठभेड़ः 2 आतंकी हुए ढेर पुलिसकर्मी घायल, अभियान जारी



एजेंसी ⏭ कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सोपोर में सेना ने मुठभेड़ में दो आतंकियो को ढेर कर दिया है। वहीं इस गोलीबारी में सेना के दो जवान घायल हो गए हैं। जिनमें एक पुलिसकर्मी शामिल है। सुरक्षाबलों ने पूरा इलाके को घेर रखा है। अन्य आंतकियों के छिपे होने की आशंका है। जिनकी तलाश की जा रही है। हालांकि ऑपरेशन के दौरान एक जांबाज पुलिसकर्मी भी घायल हुआ। घायल जवान को तुरंत इलाज के अस्पताल ले जाया गया। अभी ऑपरेशन जारी है।

**रियासी हमले में वर्कर हाकम गिरफ्तार**

इधर रियासी में शिव खोड़ी से बस में आ रहे श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले को लेकर पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रियासी से 45 साल के ओवर ग्राउंड वर्कर हाकम को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी आतंकियों का बड़ा मददगार है, जिसने इस हमले में मदद की थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने आतंकियों को कई

## रियासी हमले में एफआईआर दर्ज

*9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई थी। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद इस केस में नई एफआईआर दर्ज की गई। 16 जून को ही गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। जिसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें।*

### एक व्यक्ति एके-47 राइफल लेकर लापता

कश्मीर के डोडा जिले में एक व्यक्ति मंगलवार देर शाम एक विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ की एके-47 राइफल लेकर लापता हो गया. अधिकारियों ने बताया कि प्रानू क्षेत्र के ट्रोन गांव का निवासी मोहम्मद रफी अपने वाहन से भेला से अपने गांव की ओर आ रहा था। उसके साथ एक एसपीओ भी था, जिसके पास हथियार था। जब वे पुल डोडा पहुंचे तो एसपीओ सफदर हुसैन कुछ जरूरी सामान खरीदने के लिए वाहन से बाहर निकल गया। इसी बीच रफी राइफल लेकर अपनी कार से फरार हो गया।

### सांबा में मिला संदिग्ध बैग, सैन्य वर्दी और कारतूस बरामद

*जम्मू संभाग के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के सैडा सोहल में आतंकियों की मौजूदगी के बाद सांबा जिला में भी कई क्षेत्रों में संदिग्ध देखे जाने की सूचना पर पुलिस, सेना व सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है। मंगलवार को सेना की क्यूआरटी वाहन सवार जवानों ने कस्बे के वीर भूमि पार्क के गेट के बाहर एक संदिग्ध बैग बरामद किया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बैग की जांच में सेना की वर्दी, टीशर्ट, एक पायजामा व एसएलआर का एक कारतूस मिला है। इसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। उधर,इस बरामदगी के बाद लोगों में दहशत है।*



**भारत ने भी उसी भाषा में दिया जवाब**

## कनाडा की संसद में आतंकी की याद में रखा गया मौन





एजेंसी ⏭ ओटावा

भारत के बार-बार कहने के बावजूद कनाडा अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल कनाडा की सरकार खालिस्तानी चरमपंथियों को लुभाने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। ताजा मामला हरदीप सिंह निज्जर से जुड़ा है। दरअसल कनाडा की संसद में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की याद में मौन रखा गया, जिसके जवाब में भारत ने भी कनाडा को उसी भाषा में जवाब दिया है। कनाडा के वैंकुवर स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने 23 जून को एयर इंडिया आंतकी हमले की याद में श्रद्धांजलि सभा के आयोजन का एलान किया है।

### भारत-कनाडा के रिश्तों में आया तनाव

भारत के वाणिज्य दूतावास का यह कदम कनाडा की संसद में निज्जर की याद में मौन रखने के बाद सामने आया है। गौरतलब है कि हरदीप सिंह निज्जर भारत में वांछित आतंकवादी था और चरमपंथी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख था। भारत ने जो 40 वांछित आतंकियों की लिस्ट कनाडा को सौंपी थी, उसमें निज्जर का भी नाम था।

### 1985 में किया था धमाका

खलिस्तानियों ने 22 जून 1985 को एयर इंडिया की फ्लाइट 182 ने कनाडा के मॉन्ट्रियल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। अगले दिन यानी 23 जून 1985 को जब विमान आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ान भर रहा था तो उसमें जोरदार धमाका हुआ और विमान का मलबा टुकड़े-टुकड़े होकर अटलांटिक महासागर में जा गिरा था।

**तिब्बती धर्मगुरु से मिलीं नैंसी**

## पूर्व स्पीकर नैंसी ने की चीन की दमनकारी नीति की आलोचना



एजेंसी ⏭ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर कांगड़ा जिले के मैक्लोडगंज पहुंची पूर्व अमेरिकी स्पीकर नैंसी पेलोसी ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने कहा तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ज्ञान, परंपरा, करुणा, आत्मा की पवित्रता और प्रेम का भंडार हैं। वहीं, इस दौरान नैंसी ने चीन की दमनकारी नीति की जमकर आलोचना की। दलाई लामा ने कहा है कि वह लंबे समय तक जीवित रहेंगे। यह हम सब के लिए हर्ष की बात है।

**सुरक्षित यात्रा के लिए लिया गया फैसला**

## उत्तरकाशी में रात 10 से सुबह 4 बजे तक यातायात पर रोक



एजेंसी ⏭ देहरादून

चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने पर जोर दिया जा रहा है। अब रात 10 बजे बाद किसी वाहन को आगे नहीं भेजा जाएगा।

सुबह 4 बजे के बाद ही यातायात पुनः संचालित किया जाएगा। जनपद में रात 10 से सुबह 4 बजे तक वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। आगामी मानसून सीजन में चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। इसी के साथ गंगोत्री हाईवे पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र सोनगाड में अस्थायी पुलिस चौकी खोली गई है, जहां पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि चारधाम यात्रा के सुरक्षित संचालन के लिए पूर्व में जारी विशेष कार्य योजना में आंशिक संशोधन किया गया है।

**पुतिन ने किम को लग्जरी कार 'ऑरस' गिफ्ट की**

## उत्तर कोरिया पहुंचे व्लादिमीर पुतिन, हुआ भव्य स्वागत



एजेंसी ⏭ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बुधवार तड़के उत्तर कोरिया पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन खुद एयरपोर्ट पर खड़े होकर पुतिन के स्वागत की तैयारियों का जायजा लेते दिखे। वही दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गिफ्ट भी दिया है। रूसी राष्ट्रपति के सलाहकार यूरी उशाकोव ने बताया कि पुतिन ने कोरियाई नेता को नई 'ऑरस' लग्जरी कार गिफ्ट की। पुतिन ने किम को टी सेट भी गिफ्ट किया है।

### रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर करेंगे

पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि रूसी राष्ट्रपति की उत्तर कोरिया की यात्रा का एजेंडा बहुत ही महत्वपूर्ण है। उशाकोव ने कहा कि दोनों नेता एक नई रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें यात्रा के मुख्य कार्यक्रम बुधवार को निर्धारित किए गए हैं।

### चीन के बाद पुतिन की दुर्लभ विदेश यात्रा

2022 में यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद से पुतिन के लिए यह एक दुर्लभ विदेश यात्रा है। वहीं, यह उत्तर कोरियाई राष्ट्रपति किम जोंग उन के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिन्होंने कोविड-19 महामारी के बाद से दुनिया की सबसे राजनीतिक रूप से अलग-थलग राजधानियों में से एक प्योंगयांग में किसी बड़े वैश्विक नेता की मेजबानी नहीं की है। इस यात्रा से दोनों शक्तियों के बीच एक बढ़ती साझेदारी को और मजबूत करने की उम्मीद है जो पश्चिम के प्रति उनकी साझा दुश्मनी पर आधारित है।

**आपसी साझेदारी मसलों पर होगी चर्चा**

## विदेश मंत्री जयशंकर आज जाएंगे श्रीलंका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर आज एक दिवसीय आधिकारिक श्रीलंका यात्रा पर जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनने के बाद यह उनकी पहली समुद्री पड़ोसी देश की यात्रा होगी। कनेक्टिविटी परियोजनाओं व अन्य पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को मिलेगी ।

### श्रीलंका भारत का सबसे करीबी पड़ोसी

*मंत्रालय के अनुसार भारत की पड़ोसी प्रथम नीति की पुष्टि करते हुए यात्रा श्रीलंका के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। श्रीलंका भारत का सबसे करीबी समुद्री पड़ोसी और समय की कसौटी पर खरा उतरा मित्र है। 'व्यापक मुद्दों' पर बातचीत करेंगे इससे पहले जयशंकर पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री के साथ इटली गए थे। जहां अपुलिया में जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने हिस्सा लिया था।*

**जून के अंत तक पूरा हो जाएगा अपग्रेडेशन का काम**

# अब 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर नहीं होगा हादसों का शिकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने भारतीय थल सेना के लिए 90 और भारतीय वायुसेना के लिए 66 लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया है। माना जा रहा है कि 156 प्रचंड हेलिकॉप्टर्स की तैनाती चीन और पाकिस्तान की सीमा पर की जाएगी। मल्टी मिशन एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के मुकाबले रक्षा मंत्रालय तीनों सेनाओं के लिए मल्टी रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर्स को प्राथमिकता दे रहा है। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने इससे पहले सात मार्च को 35 एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर्स के लिए एचएएल को आरएफपी जारी किया था, जिनमें से 25



भारतीय सेना को और 9 भारतीय तटरक्षक बल को मिलने थे। सैन्य सूत्रों का कहना है एएलएच में डिजाइन संबंधी कुछ खामियां हैं, जिन्हें इस महीने के आखिर तक दुरुस्त कर लिया जाएगा। जून के अंत तक पूरा हो जाएगा अपग्रेडेशन का काम रक्षा सूत्रों के मुताबिक एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर्स ध्रुव बेड़े के जरूरी सेफ्टी अपग्रेड का काम पूरी होने वाला है। वहीं उनमें अपग्रेडेड नियंत्रण प्रणाली लगाई है, जिससे उनकी उड़ने की क्षमता में सुधार होगा। डिजाइन संबंधी समस्या के चलते ध्रुव फ्लीट को पिछले वर्ष कई बार उड़ान से रोकना पड़ा था, क्योंकि लगातार हो रहे हादसों की वजह से उसकी उड़ानों के सुरक्षा रिकॉर्ड पर सवाल उठने लगे थे। सूत्र बताते हैं कि हेलीकॉप्टर के बूस्टर कंट्रोल रॉड्स के डिजाइन का रिव्यू किया गया, जिसके बाद प्रत्येक ध्रूव में नई रॉड्स लगाई गईं। सभी हेलीकॉप्टरों में कंट्रोल रॉड्स बदलने का काम पूरा हो चुका है। वहीं अन्य दो रॉड्स (लेटरल और लॉन्गिट्यूडनल) को बदलने का काम चल रहा है, जिसके जून के अंत तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। इन रॉड्स के पूरी तरह से बदले जाने के बाद फ्लाइट सेफ्टी में सुधार होगा।

### हादसों के चलते रोकनी पड़ीं उड़ानें

रक्षा सूत्रों के मुताबिक पिछले पांच वर्षों के दौरान मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर के तकरीबन 12 हादसे हो चुके हैं। पिछले साल भी एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर्स (एएलएच) ध्रुव के एक के बाद एक हादसे हुए थे। जिसके चलते कई बार ध्रुव की उड़ानें रोकनी पड़ीं। इन खामियों को दूर किया जा रहा है। पिछले साल हुईं दुर्घटनाओं की जांच में यह बात सामने आई है कि उसके डिजाइन में कुछ दिक्कतें पाई गई हैं। 2022 से लेकर अब तक एचएएल 326 ध्रुव हेलीकॉप्टर्स को निर्माण कर चुका है। इनमें से भारतीय वायुसेना के पास 107, भारतीय सेना के पास 191 और भारतीय नेवी के पास 14 हेलिकॉप्टर्स हैं। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने इससे पहले इसी साल सात मार्च को अतिरिक्त 35 एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर्स के लिए एचएएल को आरएफपी जारी किया था, जिनमें से 25 भारतीय सेना को और 9 भारतीय तटरक्षक बल को मिलने थे।

# भारत और अफगानिस्तान में सुपर-8 जंग आज, अंतिम एकादश में बदलाव नहीं

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में उतरेगी। भारत की नजरें काफी समय से खामोश पड़े विराट कोहली के बल्ले पर होगी। भारतीय टीम संयोजन को लेकर काफी चर्चा हो रही है। भारत ग्रुप चरण की टीम में कोई बदलाव नहीं करेगा या किसी विशेषज्ञ तेज गेंदबाज की जगह पिछले एक साल से अधिक समय से अपने सर्वश्रेष्ठ स्पिनर को टीम में जगह देगा।

टूर्नामेंट की शुरुआत में कप्तान रोहित शर्मा ने चार हरफनमौलाओं (हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा) को अंतिम एकादश में रखने पर जोर दिया था। न्यूयॉर्क में गेंदबाजों की मददगार पिच पर यह रणनीति भारत के लिए कारगर भी साबित हुई। इससे आठवें नंबर तक बल्लेबाजी को गहराई मिलती है और कप्तान इस संयोजन में छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे।



### पिच से स्पिनरों को मिलेगी मदद

कुलदीप को टीम में लाने के लिए मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह को बाहर रखना होगा। ऐसा होने पर सिराज को बाहर रहना पड़ सकता है। भारतीय टीम के दो अभ्यास सत्रों को देखें तो पिच से स्पिनरों को मदद मिलने के कारण कुलदीप का दावा पुख्ता होता है। केनसिंग्टन ओवल के आसपास ठंडी हवाओं से पावरप्ले में तेज गेंदबाजों को स्विंग मिलना चाहिए।



### फार्म में नहीं कोहली

भारतीय प्रशंसकों की नजरें कोहली पर लगी होंगी जो अभी तक इस टूर्नामेंट में दोहरे अंक तक नहीं पहुंचे हैं। न्यूयॉर्क में वह अपनी चिर परिचित शैली से कामयाब नहीं रहे लेकिन वेस्टइंडीज में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिए टीम में शामिल किए गए दुबे अभी तक अपनी रंगत में एक ही बार दिखे हैं। अमेरिका की पिचों पर वह खुलकर नहीं खेल सके लेकिन अब वह बड़े शॉट खेलना चाहेंगे। भारत के स्टार टी20 बल्लेबाज


### निखर रहे अर्शदीप

गेंदबाजी में कमाल कर रहे हार्दिक पंड्या भी रन नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में अर्शदीप के प्रदर्शन में मैच दर मैच निखार आया है और वह जसप्रीत बुमराह का बखूबी साथ दे रहे हैं। स्पिनरों की मददगार पिच पर अक्षर और जडेजा भी उपयोगी साबित होंगे।

### कहर ढा रहे अफगानी गेंदबाज

अफगानिस्तान टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में वेस्टइंडीज से हारकर यहां पहुंची है। पहले तीन मैचों में निर्णायक साबित हुए उसके गेंदबाजों को वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने उन्नीस साबित कर दिया। कप्तान राशिद खान की उम्मीदें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी पर टिकी होंगी जो अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक 12 विकेट ले चुके हैं। बल्लेबाजों में फॉर्म में चल रहे रहमानुल्लाह गुरबाह और इब्राहिम जदरान से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### इंग्लैंड-वेस्टइंडीज करेंगे दो-दो हाथ




ग्रोस आइलेट। शानदार फॉर्म में चल रही वेस्टइंडीज टीम टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेगी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दोनों दो बार टी20 विश्व कप जीत चुके हैं। वेस्टइंडीज टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपराजेय है जबकि इंग्लैंड को खिताब की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया की मदद की जरूरत पड़ी।

## खबर संक्षेप




### ओलंपिक के बाद डॉक्टर की सलाह लेंगे नीरज

**तुर्कु।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भारतीय भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह पेरिस ओलंपिक के बाद 'एडक्टर' (जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों) में होने वाली तकलीफ के इलाज के लिए डॉक्टरों से सलाह लेंगे। एक महीने के ब्रेक के बाद ट्रैक और फील्ड पर लौटे चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। चोपड़ा ने पिछले महीने एहतियात के तौर पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापिस ले लिया था चूंकि वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहज महसूस कर रहे थे।

### अल्काराज की क्वींस क्लब के पहले दौर में शानदार जीत


**लंदन।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने क्वींस क्लब में पहले मैच में फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 6-1, 7-5 से हराकर ग्रासकोर्ट सत्र का जीत के साथ आगाज किया जबकि एंडी मर्रे ने टूर स्तर पर 1000वां मैच जीता।



फ्रेंच ओपन खिताब विजेता अल्काराज का ग्रासकोर्ट पर जीत का अभियान 13 मैचों का हो गया है।उन्होंने पिछले साल क्वींस क्लब खिताब जीतने के बाद विम्बलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा। पांच बार के चैंपियन मर्रे ने अलेक्जेइ पोपिरिन को 6-3, 3-6, 6-3 से मात दी। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर को लोरेंजो मुसेत्ती ने 1-6, 6-4, 6-2 से हराया। टेलर फ्रिट्ज, टॉमी पॉल और सेबेस्टियन कोरडा भी दूसरे दौर में पहुंच गए।

### सुपर-8 : कैटलबोरो और इलिंगवर्थ होंगे अंपायर

**दुबई।** इंग्लैंड के रिचर्ड कैटलबोरो और रिचर्ड इलिंगवर्थ भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 24 जून को होने वाले टी20 विश्व कप ग्रुप एक के सुपर आठ मुकाबले में अंपायरिंग करेंगे।



भारत के गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ पहले सुपर आठ मैच में आस्ट्रेलिया के रॉडनी टकर और पॉल रीफेल अंपायर होंगे जबकि डेविड बून मैच रैफरी होंगे। बांग्लादेश के खिलाफ 22 जून को होने वाले भारत के मैच में इंग्लैंड के माइकल गॉफ और दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन होल्डस्टॉक अंपायरिंग करेंगे।

### बांग्लादेश के गेंदबाज तंजीम पर जुर्माना

**दुबई।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब पर टी20 विश्व कप ग्रुप डी के आखिरी लीग मैच में नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल से झड़प के बाद 'अनुचित शारीरिक संपर्क' के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना नेपाल की पारी के तीसरे ओवर की है जब तंजीम गेंद डालने के बाद आक्रामक अंदाज में पौडेल की तरफ बढ़े और अनुचित रूप से शारीरिक संपर्क भी किया। तंजीम ने मैच में सात रन देकर चार विकेट लिए और बांग्लादेश को 21 रन से जीत दिलाई।

**दो शतक की बदौलत भारत ने 50 ओवर में तीन विकेट गंवाकर बनाए 325 रन**

## वनडे : कप्तान और उपप्तान ने की 171 रन की साझेदारी

# मंधाना का रिकॉर्ड लगातार दूसरा शतक, हरमनप्रीत 103 पर नाबाद

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में स्मृति मंधाना ने शतक जड़ा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले वनडे में भी उन्होंने 117 रन की पारी खेली थी। अब लगातार दूसरा शतक जड़कर उन्होंने इतिहास रच दिया है। मंधाना ने 120 गेंद में 18 चौके और दो छक्के की मदद से 136 रन की पारी खेली। वहीं, उपकप्तान के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी शतक लगाया। वह 88 गेंद में नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 103 रन बनाकर नाबाद रहीं। इन दो शतक की बदौलत भारत ने 50 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 325 रन बनाए।

मंधाना वनडे में लगातार दो शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी और ओवरऑल 10वीं महिला खिलाड़ी बन गईं। इन 10 खिलाड़ियों ने मिलकर 11 बार ऐसा किया है। मंधाना से पहले एमी सैथटरवेट, जिल केन्नारे, डेबोरा हॉकी, केएल रॉन्टन, मेग लैनिंग, टैमी ब्यूमोंट, एलिसा हीली, नेट शीवर ब्रंट और एल वोल्वार्ड्ट ऐसा कर चुकी हैं। मंधाना का यह वनडे करियर का सातवां शतक रहा। उन्होंने दिग्गज मिताली राज के वनडे में सात शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। वह अब मिताली के साथ वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली भारतीय खिलाड़ी के मामले में शीर्ष पर हैं।



### 84 वनडे में की रिकार्ड की बराबरी

यह भी गौर करने वाली बात है कि मंधाना ने सात शतक 84 वनडे पारियों में लगाए हैं। वहीं, मिताली को इसके लिए 211 वनडे पारियां खेलनी पड़ी थीं। मंधाना के सातों शतक ओपनिंग करते हुए आए हैं। इससे पहले भारत की किसी भी ओपनर ने दो से ज्यादा शतक नहीं लगाए थे। मंधाना की 136 रन की पारी वनडे में किसी भारतीय महिला खिलाड़ी द्वारा भारतीय सरजमीं पर उच्चतम स्कोर है।

### हरमनप्रीत की छठी वनडे सेंचुरी



मंधाना के अलावा कप्तान हरमनप्रीत ने वनडे करियर का छठा शतक जड़ा। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम को 38 के स्कोर पर पहला झटका लगा था। शेफाली वर्मा 38 गेंद में 20 रन बनाकर आउट हुई थीं। वहीं, हेमलता ने 24 रन की पारी खेली। इसके बाद मंधाना ने हरमनप्रीत के साथ मिलकर 171 रन की साझेदारी निभाई। मंधाना को मलाबा ने पवेलियन भेजा। इसके बाद हरमनप्रीत ने ऋचा घोष के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। ऋचा 13 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर नाबाद रहीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मलाबा ने दो विकेट लिए, जबकि क्लास को एक विकेट मिला। पहला वनडे भारत ने 123 रन से अपने नाम किया था।

**सबसे ज्यादा शतक**
(भारतीय महिला खिलाड़ी)

| खिलाड़ी | शतक |
|---|---|
| स्मृति मंधाना | 7 |
| मिताली राज | 7 |
| हरमनप्रीत कौर | 6 |
| पूनम राउत | 3 |

## यूरो 2024

# पुर्तगाल का जीत के साथ आगाज



एजेंसी ▶▶| लीपजिग

स्टॉपेज टाइम में सब्स्टीट्यूट फ्रांसिस्को कोंसिकाओ के गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के मैच में चेक गणराज्य को 2-1 से हराकर जीत के साथ आगाज किया।

मैदान पर 90वें मिनट में उतरे कोंसिकाओ ने 92वें मिनट में गोल दागा। चेक गणराज्य के लिए लुकास प्रोवोड ने 62वें मिनट में गोल दागा। इसके आठ मिनट बाद पुर्तगाल के लिए रानाक ने रिबाउंड पर बराबरी का गोल किया। इससे करीब 24 साल पहले कोंसिकाओ के पिता सर्जियो ने हैट्रिक लगाकर गत चैंपियन जर्मनी को यूरो 2000 से बाहर किया था। छह यूरो चैंपियनशिप खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोई गोल नहीं कर सके। वह पुर्तगाल के लिए टूर्नामेंट के इतिहास में 14 गोल कर चुके हैं। ग्रुप एफ के अन्य मैच में तुर्की ने जॉर्जिया को 3-1 से हराया।

### बार्सीलोना ने भारत में बंद की अकादमियां

*नई दिल्ली। मशहूर फुटबॉल क्लब एफसी बार्सीलोना ने 14 साल बाद भारत में अपनी सारी अकादमियां बंद करने का फैसला किया है। क्लब ने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया। 'ला मासिया' (युवा अकादमी) शैली में बच्चों को फुटबॉल के गुर सिखाने के लिए ये अकादमियां शुरू की गई थी जो एक जुलाई से बंद हो जाएंगी। क्लब ने एक बयान में कहा, 'एफसी बार्सीलोना ने दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और पुणे में परिवारों को सूचित कर दिया है कि एक जुलाई 2024 से अकादमियां बंद हो रही है। बार्सीलोना ने भारत में 2010 में पदार्पण किया और तब से हजारों बच्चे क्लब की शैली में फुटबॉल खेलना सीखे हैं।'*

### विलियमसन ने कप्तानी छोड़ी, ठुकराया अनुबंध

*क्राइस्टचर्च। टी20 विश्व कप से न्यूजीलैंड के अप्रत्याशित रूप से जल्दी बाहर होने के बाद कप्तान केन विलियमसन ने 2024-25 के लिए राष्ट्रीय अनुबंध ठुकरा दिया है और अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को विस्तार देने के लिए सीमित ओवरों की कप्तानी भी छोड़ दी है।*



*विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, 'सभी प्रारूपों में टीम को आगे ले जाना मेरा जुनून रहा है और मैं आगे भी योगदान देते रहना चाहता हूं। लेकिन इस सत्र में विदेश में खेलने के मौकों के कारण मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध नहीं ले सकूंगा।' न्यूजीलैंड को जनवरी में बहुत कम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना है। दिसंबर 2022 में टेस्ट कप्तानी छोड़ने वाले विलियमसन इस दौरान तीनों प्रारूप खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। 33 वर्ष के इस धुरंधर ने कहा, 'न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरे लिए खास है और टीम के लिए योगदान देने की मेरी ख्वाहिश जस की तस है। क्रिकेट के बाहर मेरी जिंदगी हालांकि बदल गई है। परिवार के साथ अधिक समय बिताना, उनके साथ देश विदेश में अनुभव का लुत्फ उठाना मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है।'*

# स्टोइनिस बने नंबर एक टी20 ऑलराउंडर, नबी को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस बुधवार को अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को पछाड़कर आईसीसी की नवीनतम टी20 रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर बन गए। मौजूदा टी20 विश्व कप में स्टोइनिस ने छह विकेट चटकाने के अलावा बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया और ऑस्ट्रेलिया को सुपर आठ में जगह दिलाने में मदद की। स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ।



श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने अब तक टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है जो उनकी रैंकिंग में भी नजर आता है। बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ भी छह स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि टीम के उनके साथी गुडाकेश मोती 16 स्थान की लंबी छलांग के साथ 13वें स्थान पर हैं।

भारत के सूर्यकुमार यादव खेल के सबसे छोटे प्रारूप में नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। फिल सॉल्ट, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

### ओसाका, राडुकानू और कर्बर को वाइल्ड कार्ड



**विंबलडन।** पूर्व ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका, कैरोलिन वोज्नियाकी, एंजेलिक कर्बर और एम्मा राडुकानू को विम्बलडन के लिए वाइल्ड कार्ड दिए गए हैं। विंबलडन एक जुलाई से शुरू होगा। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका और तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन कर्बर मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करेंगी। वहीं पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन राडुकानू 2023 में कलाई और टखने की सर्जरी के बाद पहली बार खेलेंगी।

## अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा बर्खास्तगी से हुई कड़वाहट

# उतार-चढ़ाव रहे, लेकिन यादों के लिए धन्यवाद : स्टिमक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा बर्खास्तगी से हुई कड़वाहट के बाद इगोर स्टिमक ने खिलाड़ियों के साहस और जज्बे की प्रशंसा करते हुए बुधवार को कहा कि जब वह पहली बार देश के कोच बने थे तो उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह व्यक्तिगत रूप से इतना जुड़ जाएंगे।

भारत के कतर से दूसरे दौर के अंतिम ग्रुप मैच में हारकर 2026 विश्व कप क्वालीफायर से बाहर होने के बाद स्टिमक को बर्खास्त कर दिया गया।



स्टिमक ने ऐसा करने के लिए एआईएफएफ को धमकी दी कि अगर दस दिन के भीतर उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया तो वह फीफा ट्रिब्यूनल में उसके खिलाफ मामला दर्ज करेंगे। स्टिमक ने एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भड़ास निकालते हुए उन पर उनका अनुबंध कई बार तोड़ने का आरोप लगाया और फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर में भारत के दूसरे दौर से आगे नहीं जा पाने के लिए भी उन्हें जिम्मेदार ठहराया। स्टिमक ने कहा कि भारत में कार्यकाल के दौरान उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ा है और वह एआईएफएफ से दोबारा कुछ सुनना नहीं चाहते।

### टीम के हर खिलाड़ी और सदस्य पर गर्व

क्रोएशिया पहुंचे स्टिमक ने कहा, 'सभी भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों और मेरे 'ब्लू टाइगर्स' (टीम के खिलाड़ियों) के लिए, पिछले पांच साल तक आपकी सेवा करना सम्मान की बात है। जब मैं पहली बार आप सभी के साथ जुड़ा था तो मुझे इस देश के साथ इतना मजबूत जुड़ाव होने और व्यक्तिगत रूप से इतना जुड़ने की उम्मीद नहीं थी। मुझे टीम के हर खिलाड़ी और सदस्य पर गर्व है। हम साथ मिलकर उम्मीद और भरोसे का माहौल बनाने की क्षमता रखते थे। हमने एक दूसरे को शारीरिक और मानसिक रूप से निर्भीक और चतुराई भरी फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित किया, जिसके लिए साहस और प्रयासों की जरूरत थी। हम उतार-चढ़ाव से गुजरे, लेकिन आपमें से प्रत्येक खिलाड़ी के लिए मेरे दिल में एक विशेष जगह रहेगी। ये यादें और शानदार पांच साल देने के लिए धन्यवाद। जय हिंद।'

**पश्चिम मध्य रेल**
**विद्युत (निर्माण) शाखा**
**खुली निविदा**

**कार्यकारी विद्युत इंजी. (निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदारों से ई-टेंडर आमंत्रित किया जाता है जिनके पास वैध ए क्लास विद्युत लाइसेंस जो कि किसी भी राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया हो (अपने फर्म के नाम पर या अपने नाम पर यदि सोल प्रोपराइटर या किसी एक पार्टनर के नाम पर हो) निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे। इस ठेका के विरूद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। **निविदा सूचना क्रमांक:** जबल/एलसी/टी/2024/01R1, **दिनांक** 14.06.2024. **कार्य का नाम लोकेशन सहित: पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में "खजुराहो-पन्ना-सतना-रीवा-सीधी-सिंगरौली" परियोजना कार्य से संबंधित सतना-पन्ना-खजुराहो खंड में 2 x 25 केवी, एसी 50 हर्ट्ज ओएचई इंस्टॉलेशन सिस्टम पर बिजली आपूर्ति प्रतिष्ठान यानी टीएसएस, एसएसपी, एसपी की डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण, निर्माण और कमीशनिंग और टीएसएस, एसएसपी, एसपी भवन और टीआरडी कार्यालय आदि का विद्युतीकरण। निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 28,06,80,971/-. **निविदा फार्म की कीमत:** 0.00. **कार्यालय का पता:** कार्यकारी विद्युत इंजी. (निर्माण), भूतल, सीपीडी-आर ई भवन, जबलपुर – 482001 (म.प्र.)। **बयाना राशि:** ₹ 15,53,400/-. **समापन अवधि:** 24 माह। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 11.07.2024 (15.00 बजे तक)। **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 11.07.2024 (15.30 बजे या उपरांत)। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा कार्यकारी विद्युत इंजी. (निर्माण), जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**आईपी आधारित सीसीटीवी प्रणाली के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए व उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित है:

**1. निविदा क्रमांक:** ST-CCTV-GoodsS-21Stn-24 दिनांक: 12.06.2024
**कार्य का नाम:** द.पू.म. रेलवे के नागपुर मंडल में AGN, BTC, CWA, DGG, HTT, KAV, KLOD, KNHN, NIR, RJN, TRDI, WSA, CID, GRG, MFR, LIG, GGGS, SEY, KLZ, KEOLARI में गुड्स शेड के उन्नयन / आधुनिकीकरण के अंतर्गत IP आधारित CCTV प्रणाली का प्रावधान।।
**निविदा मूल्य:** ₹ 4,43,57,901/-
**बिड सेक्युरिटी:** ₹ 3,71,800/-
**समापन अवधि:** 08 (आठ) महीने।

**2. निविदा क्रमांक:** ST-Deposit-Work-24 दिनांक: 17.06.2024
**कार्य का नाम:** (1) द.पू.म. रेलवे के नागपुर मंडल में BMP-NAB के बीच कि.मी. 1126/9-10 पर ट्रैक के कैनल क्रॉसिंग पुल संख्या 177A के निर्माण के लिए ट्रैक डायवर्जन के लिए दूरसंचार केबल शिफ्टिंग। (2) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया-चांदाफोर्ट सेक्शन में सिंदेवाही-आलेवाही में कि.मी. 1165/4-5 पर पुल संख्या 221A को पार करने वाली रेलवे ट्रैक को पार करने हेतु राष्ट्रीय परियोजना के बदले में नहर के निर्माण का प्रस्ताव।
**निविदा मूल्य:** ₹ 13,85,219/-
**बिड सेक्युरिटी:** ₹ 27,700/-
**समापन अवधि:** 06 (छह) महीने।

**निविदाएं प्रस्तुत करना:** बोलीदाता उपरोक्त निविदाओं के लिए अपनी मूल / संशोधित बोलियां केवल निम्नलिखित तिथि तक या उससे पहले **15:00** बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे:
**निविदा क्रमांक 1:** दिनांक **05.07.2024** तक
**निविदा क्रमांक 2:** दिनांक **09.07.2024** तक
अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
FL/12/40

**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**

### कार्यवाही भी जारी रखनी है, स्कूलों को भरोसा भी दिलाना है

# दोधारी तलवार पर खड़ा प्रशासन निजी स्कूलों में अघोषित हड़ताल

**जबलपुर।** आज दशकों मे पहली बार स्थिति बनी है कि स्कूल कब खुलेगे कोई नही जानता है। स्कूल और प्रशासन के बीच खिंची तलवार की काट की जद में शैक्षणिक सत्र लेट होता दिख रहा है। जहां एक तरफ प्रशासन सही है तो कुछ मामलो मे स्कूल पक्ष का डर भी तार्किक नजर आ रहा है। स्कूलो मे विशेषकर प्रचार्यों और क्लर्कों को डर है कि वो स्कूल जाएंगे और गिरफ्तार कर लिये जाएंगे। जिसकी वजह से बडे स्कूलों के प्रचार्य और नान टीचिंग स्टॉफ स्कूल नहीं आना चाहते है। कुछ स्कूल संचालकों का कहना है कि जिन स्कूलों ने गलत किया आप कार्यवाही करो। लेकिन सभी स्कूलों को निशाना मत बनाओ। उनका कहना है कि जब तक प्रशासन यह आश्वासन नहीं देगा कि उनको



गिरफतार नहीं किया जाएगा। वो स्कूल नहीं खोलेगे। वहीं तीसरी तरफ नियम विरूध्द काम करने वाले स्कूल संचालकों ने बचने का आसान रास्ता चुना है। वे नियम से चलने वाले स्कूल और अपने स्टॉफ के डर के पीछे छिपकर प्रशासन की कार्यवाही से बचने सफल प्रयास करते दिख रहे है। इस पूरी पेचीदगी के बीच यहां नुकसान बच्चों का हो रहा है, जिनका नया शैक्षणिक सत्र अधर में लटका दिख रहा है। अब इस दिशा में सबकी निगाह जिला प्रशासन पर टिकी है। क्योंकि उसे जहां एक तरफ नियम के खिलाफ चल रहे स्कूलों पर कार्यवाही जारी रखनी है। वही नियमानुसार चल रहे स्कूलों मे यह विश्वास बहाल करना है कि वो कार्यवाही की जद में नहीं आएंगे। जिसके बाद आगामी शैक्षिणिक सत्र सुचारु रुप से चल पाएगा। हालांकी आसान दिखने वाला यह कदम आसान नही है।

### नहीं खुले स्कूल

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तय कार्यकम के अनुसार 18 जून से स्कूल खुलने थे। लेकिन अब तक स्कूल नही खुले है। अधिकांश बड़े स्कूलों ने अभिभावकों को मैसेज करके स्कूल 1 जुलाई के बाद खुलने की बात कही है। यह भी स्पष्ट नही है कि 1 जुलाई के बाद भी स्कूल खुलेंगे या नहीं। हालांकी अब तक स्कूलों की तरफ से सामने आकर किसी तरह की कोई हड़ताल जैसी बात नहीं कही गई। लेकिन यह अघोषित और अनिश्चित हड़ताल ही है यह सब जानते है।

### उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जिला उत्कृष्ट विद्यालयों में होगा

## नौवीं व 11वीं की पूरक परीक्षा 21 से शुरू होंगी

सरकारी स्कूलों की नौवीं व 11वीं की पूरक परीक्षा 21 जून से शुरू होगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने पूरक परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी है। जारी समय सारिणी के अनुसार 11वीं की पूरक के सभी विषयों की परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। दोनों कक्षाओं के परीक्षा का समय सुबह आठ से 11 बजे तक रहेगा। वहीं, नौवीं की परीक्षा 22 जून से शुरू होगी। 22 जून को पहला पेपर हिंदी का रहेगा, 24 जून को अंग्रेजी, 25 जून को उर्दू, 26 जून को सामाजिक विज्ञान, 27 जून को एनएसक्यूएफ के समस्त विषय, 28 जून को संस्कृत, 29 जून को विज्ञान, एक जुलाई को गणित व दो जुलाई को मराठी, मूक बधिर व दृष्टिहीन विद्यार्थियों के पेपर होंगे। दोनों कक्षाओं की परीक्षा के लिए राजधानी के दो सरकारी स्कूल शासकीय उमावि बैरसिया और शासकीय बालक उमावि स्टेशन क्षेत्र को केंद्र बनाया गया है। प्रदेश भर से नौवीं व 11वीं में करीब 82 हजार विद्यार्थियों को पूरक आया है। इन विद्यार्थियों की पूरक परीक्षाएं भी बोर्ड पैटर्न के आधार पर होंगी। परीक्षा के लिए तैयार किए जाने वाले पेपर भी बोर्ड पैटर्न पर होंगे। राज्य ओपन बोर्ड ने प्रश्नपत्र तैयार किया है। पूरक परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जिला उत्कृष्ट विद्यालयों में किया जाएगा। इसके लिए मूल्यांकन केंद्राधिकारियों को माडल आंसर पोर्टल से प्राप्त कर सकेंगे। भोपाल जिले में नौवीं व 11वीं में 1324 विद्यार्थी पूरक परीक्षा में शामिल होंगे।इसमें नौवीं में 787 और 11वीं में 537 पूरक आया है।

ईओब्ल्यू ने किया मामला दर्ज, 11 साल बाद मामलें का

# महाराष्ट्र बैंक से 20 लाख रुपए लोन का फर्जीवाड़ा

**जबलपुर।** नेपियर टाउन स्थित महाराष्ट्र बैंक से दो लोगों ने फर्जी दस्तावेज लगाकर 20 लाख रुपए का लोन हड़प लिया और फरार हो गए। मामलें का खुलासा 11 साल बाद हुआ जब बैंक मैनेजर ने लोगों से संबंधित कागजातों का परीक्षण किया। यह लोन एक गारमेंट दुकान खोलने के नाम पर लिया गया था। पर वास्तव में वहां पर कोई दुकान नहीं खुली थी। सारे दस्तावेज कूटरचित लगाए थे। बैंक मैनेजर की शिकायत पर राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

ईओडब्ल्यू जबलपुर के शाखा के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक नव आदर्श कालोनी निवासी ललित कुमार सोनी व रोजी ढिमोले ने वर्ष 2008 में फर्जी दस्तावेज लगाकर महाराष्ट्र बैंक की नेपियर टाउन शाखा से अवतार गारमेंट के नाम से 20 लाख रुपए लोन ले लिया. 2008 में दिए गए लोन की जांच बैंक मैनेजर वैभव काले ने वर्ष 2019 में की तो खुलासा हुआ कि लोन के लिए लगाए गए दस्तावेज फर्जी है. यहां तक कि गारमेंट के लिए जो लोन लिया गया है वहां पर कोई दुकान नहीं खोली गई है, सारे कागजात कूटरचित है. बैंक मैनेजर ने इस फर्जीवाड़े की लिखित शिकायत जबलपुर ईओडब्ल्यू में की. ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने शिकायत पर जांच की तो पाया कि रोजी ढिमोले और ललित सोनी ने फर्जी दस्तावेज के जरिए बैंक से लोन लिया था. यहां तक कि कूटरचित दस्तावेज के आधार पर 36 लाख रुपए की एक संपत्ति को बैंक में रख दिया. जब उक्त संपत्ति की जांच की गई तो वह भी फर्जी पाई गई. इस मामले में ईओडब्ल्यू ने रोजी ढिमोले व ललित कुमार सोनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश पाटन श्रीष कैलाश शुक्ल की अदालत ने पत्थर पटककर क्रूरता पूर्वक पत्नी की हत्या करने वालें आरोपी पति को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही एक हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 24 मार्च 2021 को पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरभुका में मीना बाई पर उसके पति विनोद ठाकुर ने पहले लकड़ी से फिर पत्थर पटककर हत्या कर दी थी इसके बाद लाश को घसीटते हुए खेत के बाहर घसीटते हुए अंदर ले जाकर टपरिया के पास जमीन पर लेटा दिया और कंबल उढ़ा



दिया। पुलिस ने इस मामलें में सूचना मिलने पर धारा 302 पे तहत हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की। इस दौरान मृतक के पुत्र का महत्वपूर्ण बयान दर्ज किया गया, जिसमें उसने कहा था कि शाम 6 बजे के करीब आरोपी विनोद ठाकुर बाजार करने पाटन आया था, बाजार करने के बाद खेत ग्राम कुकरभुका लौटा तो वहां कपड़ों की कीमत ज्यादा होने को लेकर आरोपी विनोद ठाकुर का अपनी पत्नी मीना ठाकुर से जमकर विवाद हुआ। इस दौरान झोपड़ी के बाहर रखी लकड़ी मीना के सिर पर मारी, वह गिर पड़ी। गिर जाने के बाद भी वह लकड़ी से प्रहार करता रहा और पत्थर उठाकर सिर पर पटक दिया, जिससे मीना की मौत हो गई। इस मामलें में विवेचना निरीक्षक आसिफ इकबाल एवं उप निरीक्षक दुर्गेश मरावी ने की और आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने इस मामलें के 12 गवाहों को कोर्ट में उपस्थित कराकर उनके बयानों का परीक्षण कराया। गवाहों व सबूतों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



### बादलों की आवाजाही के बीच बूंदाबांदी की संभावना

# तापमान हद में, उमस बेकाबू

**जबलपुर।** मानसून अभी दूर है मंगलवार को बूंदाबांदी व तेज हवाओं के बाद बुधवार को बादलों की आवाजाही से तापमान हद में रहा लेकिन उमस बेकाबू हो गई। मौसम कार्यालय का कहना है कि मानसून अभी महाराष्ट्र से आगे नहीं बढ़ पा रहा है जिससे अभी प्री-मानसून एक्टिवीटी शुरु नहीं हो पाई है। पिछले तीन दिनों से मौसम शुष्क होने के कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों को जीना मुहाल कर दिया। शाम के वक्त बारिश के आसार बनते हैं लेकिन बादल निकल जाते है। बारिश नहीं होने की वजह से उमस भरी गर्मी लोगों का पीछा नहीं छोड़ रही है। जनजीवन आसमान की ओर टकटकी लगाए राहत की बूंदों का इंतजार कर रहा है। पिछले तीन दिनों से उमस भरी गर्मी लोगों का जीना मुहाल कर रही है। घबराहट, बेचैनी से लोग परेशान हो गये हैं। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बन रहा है, शुक्रवार तक ही जोरदार बारिश के आसार बनेंगे।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि सूर्य की तपन से और बादलों की आवाजाही से उमस बढ़ी है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 35.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 25.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 72 प्रतिशत और सायंकाल 59 प्रतिशत आंकी गई। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ छुटपुट वर्षा हो सकती है। सूर्येदय 5.25 पर और सूर्यास्त शाम 6.59 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 39.4 और न्यूनतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पिछले 24 घंटों में वर्षा दर्ज नहीं की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा का आंकड़ा मात्र 9.6 मिमी दर्ज किया जा चुका है। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 7 से 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 44.2 डिग्री तापमान ग्वालियर में दर्ज किया गया।

# कट्टा, कारतूस, बम रखकर बेच रहे थे अवैध शराब

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत पंचशील नगर में जंगल के बीच बरगद के पेड़ के नीचे अवैध शराब रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 300 पाव देशी शराब, 1 रिवाल्वर, 1 कारतूस और 2 सुअरमार बम जब्त किए है। गोरखपुर थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि एलजी 3 मांडवा रामपुर गोरखपुर निवासी 24 वर्षीय दुर्गेश साहू और एलजे 3 मांडवा रामपुर गोरखपुर निवासी 23 वर्षीय सौरभ साहू गत दिवस पंचशील नगर में जंगल के बीच बरगद के पेड़ के नीचे शराब रखे हुए खड़े थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों आरोपी भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। इस दौरान एक आरोपी पहाड़ी से कूद गया था जिसे पैरों में चोटें आ गई। तलाशी लेने पर दुर्गेश साहू के पास से एक रिवाल्वर और एक लोडेड कारतूस मिला वहीं सौरभ साहू के पास से दो सुअर मार बम 300 पाव अवैध देशी शराब रखी मिली। पुलिस ने दोनों आरोपियों से 1 रिवाल्वर, 1 कारतूस, 2 सुअरमार बम, तथा 300 पाव देशी शराब जप्त करते हुये दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट तथा 25,27 आर्म्स एक्ट एवं 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।




स्मार्ट बिजली पोर्टल या ऐप के माध्यम से नए HT कनेक्शन व LT कनेक्शन प्रक्रिया

उच्चदाब नवीन कनेक्शनों हेतु विभिन्न वोल्टेज मांग पर नियमानुसार अधिकतम एवं न्यूनतम प्रदाय किये जाने वाले के.वी.ए. भार का विवरण

| विद्युत आपूर्ति | न्यूनतम भार | अधिकतम भार |
|---|---|---|
| 11 केवी | 50 केवीए | 300 केवीए |
| 33 केवी | 100 केवीए | 10000 केवीए |
| 132 केवी | 5000 केवीए | 50000 केवीए |
| 220 केवी या उससे अधिक | 40000 केवीए | |

सबसे पहले स्मार्ट बिजली पोर्टल या स्मार्ट बिजली ऐप पर जाएं
URL:-https://smartbijlee.mpez.co.in और HT सेवा या LT अनुभाग का विकल्प चुने
उपभोक्ताओं की ओर से आवेदन

स्मार्ट बिजली पोर्टल में नए एचटी कनेक्शन का मूल विवरण भरें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें
- भूमि दस्तावेज - (स्वामित्व / पट्टे पर / स्वयं / सरकार द्वारा आवंटित)
- प्राधिकरण - पॉवर ऑफ अटॉर्नी
- आईडी प्रूफ- आधार, पैन, जीएसटी, उद्योग पंजीकरण, आईडी प्रमाण पत्र, बैंक विवरण

स्मार्ट बिजली पोर्टल में नए एलटी कनेक्शन का मूल विवरण भरें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें
- स्वयं का फोटो
- आधार कार्ड
- स्वामित्व प्रमाण
- बैंक दस्तावेज
- टेस्ट रिपोर्ट

नोट
1. दस्तावेज फाइलों का प्रकार 'पीडीएफ या जेपीजी' होना चाहिए और फाइलों का आकार 3 एमबी से कम होना चाहिए
2. अपने आवेदन की त्वरित स्वीकृति और रूटिंग के लिए ऑनलाइन भुगतान को प्राथमिकता दें
3. अपने आवेदन की स्वीकृति की स्थिति जानने हेतु टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क करें

उपभोक्ताओं की ओर से आवेदन जमा करें
विद्युत की बचत ही विद्युत का उत्पादन है
1912 मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड
जन संपर्क एवं मीडिया प्रबंधन विभाग | mpez.nidaan@gmail.com | 9425807257 | mpez.co.in | mpeastdiscom | mpez.co.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240